दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — बेमौसम बारिश ने जनजीवन को किया...
4 रविवारीय — कुछ देशों में इसे अलग-अलग नामों के...
9 मनोरंजन/व्यापार — सुपरहीरो फिल्म में काम कर सकती है कैटरीना...
11 खेल — 350वीं जीत के साथ न्यूजीलैंड का...

www.navpradesh.com
बिलासपुर रविवार 9 फरवरी, 2020, माघ पूर्णिमा, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-299 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वेलेंटाइन वीक के दौरान दिल्ली के दिलवालों ने दिल खोलकर वोट दिए। अब दो दिनों तक बेचारी ईवीएम की सांसे अटकी रहेंगी। एक तो नई दिल्ली वैसे भी महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं मानी जाती उपर से कोढ़ में खाज यह कि प्यार का मौसम चल रहा है। रोज डे से लेकर किस डे तक कई तरह के डे मनाए जा रहे है। ऐसी स्थिति में ईवीएम से छेड़छाड़ का खतरा बढ़ना स्वाभाविक है। यदि ईवीएम ने मन माफिक नतीजे नहीं उगले तो देख लेना उसके चरित्र पर इतनी उंगलियां उठेंगी किबेचारी यह गाएगी- लागा चुनरी में दाग छुपाऊं कैसे...।

पंजाब : नगर-कीर्तन के दौरान पटाखा विस्फोट, 14 की मौत

- तरनतारन जिले में शनिवार को धार्मिक जुलूस के दौरान हुआ विस्फोट
- धार्मिक जुलूस के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदे थे पटाखे, चिनगारी से लगी आग से हुआ विस्फोट

तरनतारन ए.। पंजाब के तरनतारन जिले में शनिवार को धार्मिक जुलूस के दौरान पटाखा विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में 20 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की भी खबर है। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। पंजाब पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने बताया कि नगर कीर्तन (धार्मिक जुलूस) के दौरान ये पटाखे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ले जाए जा रहे थे।

14 मौतें, कई घायल

इससे पहले फोन पर बातचीत में पंजाब के आईजीपी (बॉर्डर) एसपीएस

परमार ने बताया था कि धमाके में एक शख्स की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। ताजा जानकारी के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है और आशंका जताई जा रही है कि अभी यह संख्या और बढ़ सकती है।

परमार ने बताया कि धार्मिक जुलूस के दौरान लोग पटाखे भी छोड़ रहे थे। ऐसे में काफी मात्रा में पटाखे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदे थे। परमार ने कहा कि पटाखों में चिनगारी पहुंचने की वजह से यह विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि ट्रॉली बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

पदोन्नति में आरक्षण के लिए राज्यों को बाध्य नहीं किया जा सकता

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि पदोन्नति में आरक्षण न तो मौलिक अधिकार है, न ही राज्य सरकारें इसे लागू करने के लिए बाध्?य है।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की पीठ ने अपने एक निर्णय में कहा है कि पदोन्नति में आरक्षण नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं है और इसके लिए राज्य सरकारों को बाध्य नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं, न्यायालय भी सरकार को इसके लिए बाध्य नहीं कर सकता।

शीर्ष अदालत ने कहा कि

संविधान के अनुच्छेद 16(4) तथा (4ए) में जो प्रावधान हैं, उसके तहत राज्य सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के अभ्यर्थियों को पदोन्नति में आरक्षण दे सकते हैं, लेकिन यह फैसला राज्य सरकारों का ही होगा। अगर कोई राज्य सरकार ऐसा करना चाहती है तो उसे सार्वजनिक सेवाओं में उस वर्ग के प्रतिनिधित्व की कमी के संबंध में डाटा इकट्ठा करना होगा, क्योंकि आरक्षण के खिलाफ मामला उठने पर ऐसे आंकड़े अदालत में रखने होंगे, ताकि इसकी सही मंशा का पता चल सके, लेकिन सरकारों को इसके लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। पीठ का यह आदेश उत्तराखंड उच्च न्यायालय के 15 नवंबर 2019 के उस फैसले पर आया, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हाईकोर्ट का फैसला : अनुकंपा कोटे में नियुक्त विधवा कर सकती है पुनर्विवाह, शर्तें लागू

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अनुकंपा कोटे में नियुक्ति पाने वाली विधवा को पुनर्विवाह करने से नहीं रोका जा सकता। कोर्ट ने कहा कि मृतक आश्रित सेवा नियमावली में यह शर्त है कि जो भी आश्रित के रूप में नियुक्ति पाएगा, वह मृतक के आश्रितों का भरण-पोषण करेगा। आश्रितों का भरण-पोषण नहीं करता तो उसे नौकरी से हटाया जा सकता है। इस आधार पर यह नहीं कहा जा सकता किश्रित के रूप में नियुक्त व्यक्ति यदि पुनर्विवाह करता है, तो उसे सेवा से हटा दिया जाएगा लेकिन किसी को भी पुनर्विवाह करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मर्जी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुकदमे से पहले अनिवार्य मध्यस्थता वाले कानून के लिए यह सबसे सही समय है : सीजेआई बोबडे

नई दिल्ली ए.। प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे ने शनिवार को कहा कि एक ऐसा व्यापक कानून बनाने के लिए यह सबसे सही समय है, जिसमें 'मुकदमे से पहले अनिवार्य मध्यस्थता' शामिल हो। उन्होंने कहा कि इस कानून से कार्यक्षमता सुनिश्चित होगी और पक्षकारों व अदालतों के लिए मामलों के लंबित होने का समय घटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जजों के लिए लोकप्रियता मरीचिका है। किसी भी जज का लक्ष्य लोकप्रियता नहीं होता। विचार यह होता है कि विवाद का हल हो। सीजेआई बोबडे ने 'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे संस्करण में कहा कि भारत में संस्थागत मध्यस्थता के विकास के लिए एक मजबूत 'आरबिट्रेशन (मध्यस्थता) बार' जरूरी है क्योंकि यह ज्ञान और अनुभव वाले पेशेवरों की उपलब्धता और पहुंच सुनिश्चित करेगा। सीजेआई ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय व्यापार, वाणिज्य और निवेश वाले वैश्विक आधारभूत ढांचे में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैश्विक समुदाय के एक अभिन्न सदस्य और व्यापार व निवेश के लिहाज से महत्वपूर्ण होने के नाते भारत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में किस तरह से शामिल होता है इसका सीमापार अंतरराष्ट्रीय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

विश्व की सबसे अच्छी राजधानी बनाएंगे दिल्ली को : अमित शाह

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली को स्वच्छ हवा एवं पानी तथा हर गरीब को घर दे कर विश्व की सबसे अच्छी राजधानी बनाने का वादा आज दोहराया और लोगों से इसके लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बीच श्री शाह ने अपने ट्वीट में कहा कि दिल्ली को स्वच्छ हवा, स्वच्छ पीने का पानी और हर गरीब को अपना घर देकर इसे विश्व की सबसे अच्छी राजधानी सिर्फ एक दूरदर्शी सोच एवं मजबूत इरादों वाली सरकार ही बना सकती है। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली की जनता से अपील करता हूँ कि झूठ और वोटबैंक की राजनीति से दिल्ली को मुक्त करने के लिए मतदान अवश्य करें।

पंजाब : मोहाली में गिरी तीन मंजिला इमारत, कई घायल

मोहाली। पंजाब के मोहाली में तीन मंजिला इमारत गिरने की खबर आ रही है। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए हैं। मलबे में कई लोगों के दबे होने की संभावना है। घटना के बाद प्रशासन बचाव और राहत अभियान चला रहा है। लोगों को मलबे से निकाला जा रहा है।

मंडावी मौत मामला : फिर 6 माह के लिए बढ़ी जांच आयोग की अवधि

- नक्सलियों ने की थी भाजपा विधायक भीमा मंडावी समेत चार की हत्या

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भाजपा विधायक भीमा मंडावी की मौत मामले की जांच कर रहे न्यायिक जांच आयोग की अवधि एक बार फिर बढ़ाई गई है। शनिवार को इस संबंध के आदेश जारी कर दिए गए। मंडावी हत्या मामले की जांच के लिए प्रदेश सरकार की ओर से न्यायमूर्ति सतीश के अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया गया है। आयोग को तीन माह में रिपोर्ट

सौंपनी थी, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो सकने पर 3 अगस्त 2019 को आयोग की अवधि 6 माह के लिए बढ़ा दी गई थी। यह अवधि 7 फरवरी यानी शुक्रवार को समाप्त हो गई। लिहाजा अब एक बार फिर आयोग का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान 9 अप्रैल 2019 को नक्सलियों ने भाजपा विधायक भीमा मंडावी समेत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला एसआई से एकतरफा इश्क करता था सब इंस्पेक्टर ठुकराने पर दाग दीं 3 गोलियां

नई दिल्ली ए.। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच वोटिंग से एक दिन पहले शुक्रवार रात को दिल्ली पुलिस की ही एक महिला सब-इंस्पेक्टर प्रीति अहलावत की हत्या हो जाती है। दिल्ली पुलिस को इस हत्या के सिलसिले में अपने ही एक अन्य पुरुष सब-इंस्पेक्टर दीपांशु राठी की तलाश होती है क्योंकि मौका-ए-वारदात के पास के सीसीटीवी फुटेज में वह हत्या से ठीक पहले उसके पीछे-पीछे चलता दिखाई दे रहा था। पुलिस राठी के नंबर को ट्रैक करती है और उसका लोकेशन हरियाणा में सोनीपत के मुरथल में दिखाई देता है। पुलिस अभी उसे पकड़ने के लिए वहां पहुंचती उससे पहले ही खबर मिलती है कि राठी का उसी के कार में शव मिला है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आर्थिक परियोजनाओं व आतंकवाद से निपटने में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-श्रीलंका

नयी दिल्ली, (वार्ता)। भारत और श्रीलंका संयुक्त आर्थिक परियोजनाओं पर साझीदारी बढ़ाएंगे और श्रीलंका के ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय परियोजनाओं को विस्तार देंगे। दोनों देश आतंकवाद से निपटने में सहयोग बढ़ाने, श्रीलंका में तमिलों को समानता, न्याय, शांति, और सम्मान के अधिकार दिलाने तथा भारतीय मछुआरों से जुड़े मुद्दे का मानवीय ढंग से सुलझाने के बारे में भी सहमत हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिन्द राजपक्ष के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक में यह सहमति बनी। श्री राजपक्ष भारत की चार दिन की यात्रा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बोलेरो ने बाइक सवार को रौंदा, चार की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कटघोरा थानांतर्गत बरपाली के समीप भालुमोड पर एक तेजरफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। मोटरसाइकिल

सवार 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है । मृतक की शिनाख्ती अभी तक नहीं हो पाई। पुलिस के मुताबिक मृतक चैनपुर के रहने वाले है। कटघोरा से अम्बिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में शनिवार की शाम कटघोरा थानांतर्गत बरपाली के समीप भालू मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने मोटर साइकिल में चार लोगो को अपनी चपेट में ले लिया, टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार 4 लोगों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई, जिसमें दो पुरुष, एक महिला व एक बच्ची थी, दुर्घटना होने के बाद बोलेरो चालक वहां से भाग गया। मौके पर कटघोरा पुलिस घटनास्थल पर पंहुच कर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, अभी तक मृतकों की शिनाख्ती में पुलिस जुट गई है।

बांगो हाईवे पर सबसे अधिक हादसे

जिले में एक मात्र कटघोरा-बांगो हाईवे ही चकाचक है। ढाई साल पहले एनएच अथॉरिटी ने कटघोरा से अंबिकापुर के बीच 122 किमी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए बाइक सवार को रौंद दिया है। जिससे बाइक सवार 4 लोगो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। बोलेरो चालक के खिलाफधारा 304-ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतकों की शिनाख्ती की जा रही है।

रघुनन्दन शर्मा, थाना प्रभारी कटघोरा

अनिल अंबानी बोले- कंगाल हो गया हूं, ब्रिटिश कोर्ट ने फिर भी पैसा जमा कराने कहा

नई दिल्ली(ए.)। कभी दुनिया के अमीर लोगों की लिस्ट में शुमार किए जाने वाले रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के कंगाल होने के तर्कों को खारिज करते हुए ब्रिटेन की एक अदालत ने उन्हें 100 मिलियन डॉलर यानी करीब 715 करोड़ रुपये जमा करवाने का निर्देश दिया है। रिलायंस ग्रुप ने संकेत दिया है कि वह इस फैसले के खिलाफअपील करेगा। चीन के तीन बैंकों ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) को अनिल अंबानी की निजी गारंटी पर वर्ष 2012 में 925 मिलियन डॉलर यानी 6475 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था, जो उन्हें वापस नहीं मिला है।

इन बैंकों ने अपील की थी कि अनिल अंबानी को तय शर्त के मुताबिक बकाया 680 मिलियन डॉलर यानी लगभग 4,690 करोड़ की रकम कोर्ट में जमा करवाने का निर्देश दिया जाए। हालांकि, जज डेविड वाक्समैन ने तय किया अनिल अंबानी को छह सप्ताह के भी अदालत में 100 मिलियन डॉलर यानी करीब 715 करोड़ रुपये जमा करवाना होगा। जज ने अनिल अंबानी के वकीलों के इस तर्क को मानने से इनकार कर दिया कि भारत में उनकी शुद्ध संपत्ति शून्य हो गई है और परिवार भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आएगा।

बैंक के वकील ने अंबानी के विलासिता पूर्ण जीवनशैली का जिक्र किया

हालांकि, बैंकों के वकील ने अंबानी के इस दावे पर सवाल उठाते हुए उनकी विलासपूर्ण जीवनशैली का जिक्र किया। बैंकों के वकीलों ने कहा कि अंबानी के पास 11 या अधिक लग्जरी कारें, एक प्राइवेट जेट, एक याट और दक्षिण मुंबई में एक सी-विंड पेंटहाउस है। इसके अलावा बैंकों के वकीलों ने कई ऐसे उदाहरण दिए जब उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें संकट से बाहर निकलने में मदद की।

अनिल अंबानी के वकीलों ने कोर्ट में यह स्थापित करने का प्रयास किया कि उनके मुवक्किल के पास अपनी मां कोकिला, पत्नी टीना अंबानी और पुत्रों अनमोल और अंशुल की संपत्तियों और शेयरों तक कोई पहुंच नहीं है। बैंकों के वकीलों ने जवाब में कहा कि क्या हम गंभीरता से यह मान सकते हैं कि संकट के समय उनकी मां, पत्नी और बेटे उनकी मदद नहीं करेंगे। वकीलों ने अदालत को यह भी बताया कि अनिल अंबानी के भाई मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति माने जाते हैं और वह फोर्ब्स की सूची में दुनिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनका अनुमानित नेटवर्थ 55 से 57 अरब डॉलर है।

जज ने दिवालिया होने के तर्क को नहीं माना

जज वाक्समैन ने कहा, 'अंबानी मुझे इस मसले पर संतुष्ट करने में विफल रहे हैं कि वह कुछ भी भुगतान करने में असमर्थ हैं। वह इस बात पर जोर दे रहे हैं कि व्यक्तिगत रूप से दिवालिया हो चुके हैं। क्या उन्होंने भारत में दिवालिया आवेदन किया है?' इसके जवाब में अनिल अंबानी के वकीलों की टीम में शामिल हरीश साल्वे ने कहा- नहीं। अनिल अंबानी के वकीलों ने सुनवाई के दौरान कहा, 'अंबानी का नेटवर्थ 2012 से लगातार नीचे आ रहा है। भारत सरकार की स्पेक्ट्रम देने की नीति में बदलाव से भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में नाटकीय बदलाव आया है। वर्ष 2012 में अंबानी का निवेश सात अरब डॉलर से अधिक का था। आज यह 8.9 करोड़ डॉलर रह गया है। यदि उनकी देनदारियों को जोड़ा जाए, तो यह शून्य पर आ जाएगा।'

इस फैसले का असर दूसरी कंपनियों पर नहीं: अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने कहा, 'अंबानी ब्रिटिश कोर्ट के फैसले की समीक्षा कर रहे हैं और इससे राहत पर अपील के लिए कानूनी सलाह लेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले का असर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, रिलायंस पावर लिमिटेज और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड पर नहीं पड़ेगा। दूसरी तरफकर्ज देने वाले बैंकों- इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना लिमिटेड (आईसीबीसी), चाइना डिवेलपमेंट बैंक और एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफचाइना- ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

श्रीलंका के प्रधानमंत्री राजपक्षे से मिले पीएम मोदी, कहा- हम दोनों ने आतंकवाद का कड़ाई से किया मुकाबला

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंका के अपने समकक्षीय महिन्दा राजपक्षे से शनिवार को कई मुद्दों पर चर्चा की और यह उम्मीद जाहिर की कि द्विपीय देश तमिलों के समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। मीडिया को दोनों नेताओं की तरफ से जिस वक्त संबोधित किया जा रहा है, उस समय पीएम मोदी ने कहा- मैं आश्वस्त हूं कि श्रीलंका की सरकार तमिल लोगों की समानता, न्याय और शांति की आकांक्षाओं को महसूस करेगी... मुझे विश्वास है कि सरकार इसके सामधान की दिशा में काम करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिन्दा राजपक्षे ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में शनिवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफदोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को और बढ़ाया जाएगा।

आतंकवाद का दोनों देशों ने किया कड़ाई से मुकाबला: पीएम मोदी ने कहा भारत और श्रीलंका पड़ोसी होने के साथ ही दोनों करीबी दोस्त हैं। हमारा आपसी बंधन है। क्षेत्र की एक बड़ी समस्या आतंकवाद है और हम दोनों ने इसका कड़ाई के साथ मुकाबला किया। हम आतंकवाद के खिलाफआपसी सहयोग को और बढ़ाएंगे।

प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने पहली बार किया मतदान, कहा- वोट देकर बहुत खुश हूं

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान वाड्रा संग मतदान किया। प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने पहली बार अपने मत का इस्तेमाल किया है। दिल्ली के लोधी स्टेट में बूथ पर वोट देने के बाद रेहान वाड्रा ने कहा कि मैं वोट देकर काफी खुश हूं। मैं चाहता हूं कि दिल्ली दुनिया की बेस्ट सिटी बने। प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और उनके बेट रेहान राजीव वाड्रा ने लोधी इस्टेट 114 और 116 पर मतदान किया। बता दें दिल्ली में आज 70 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हो रही है।

रेहान राजीव वाड्रा ने कहा, 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेना काफी अच्छा अनुभव रहा। सभी को अपने मत के अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। मेरा मानना है कि सबको पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा हो और छात्रों के लिए इसमें सब्सिडी होनी चाहिए।'

चीन में कोरोना से अब तक 722 की मौत

पेइचिंग(ए.)। चीन में महामारी का रूप ले चुके करॉना वायरस से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर शुक्रवार को 722 हो गई और कुल 34,546 लोगों के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि चीन में इस वायरस के कारण शुक्रवार को 86 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 81 लोगों की मौत हुबेई प्रांत और उसकी प्रांतीय राजधानी वुहान में हुई।

चीन से आने वालों को हॉन्ग कॉन्ग ने अलग केंद्र में रखना शुरू किया: हॉन्ग कॉन्ग ने चीन से आने वाले किसी भी व्यक्ति को शनिवार से दो सप्ताह के लिए अनिवार्य रूप से अलग केंद्र में रखना शुरू कर दिया है। सीमा पार से आने वाले लोगों के बड़ी संख्या में खुद ही अलग केंद्र में जाने की संभावना है और अधिकारी उनकी जांच करेंगे। जो भी अलग रहने की अवधि का उल्लंघन करता पाया जाएगा उसे छह महीने तक की जेल हो सकती है। हाल के सप्ताह में चीन से आने वाले लोगों की संख्या 75 फीसदी तक कम हो गई है।

चीन में करॉना वायरस के संदिग्ध संक्रमण के कारण जापानी नागरिक की मौत: चीन के वुहान शहर में एक जापानी नागरिक की करॉना वायरस के संदिग्ध संक्रमण के कारण मौत हो गई है। जापान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अपने नागरिक की मौत की सूचना दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि करीब 60 - 65 साल के इस व्यक्ति को गंभीर न्यूमोनिया की हालत में वुहान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने उसके मरने की सूचना चीन स्थित जापानी दूतावास की दी। बयान के अनुसार, चीन के चिकित्सा अधिकारियों का कहना है कि व्यक्ति के करॉना वायरस से संक्रमित होने की आशंका बहुत ज्यादा है 'लेकिन इसकी पुष्टि करना मुश्किल है।'

जापान के क्रूज पर बढ़े संक्रमित मामले

इस बीच, जापान के क्रूज जहाज पर तीन अन्य लोग करॉना वायरस से पीड़ित पाए गए और इसके साथ ही जहाज में इससे संक्रमित कुल लोगों की संख्या बढ़कर 64 हो गई है। इससे एक ही दिन पहले जापान ने अपने इस क्रूज पर शुक्रवार को कर वायरस के 41 नये मामले दर्ज किए थे। वहीं, अपने एक लग्जरी जहाज को वापस बुला लिया। शुक्रवार को 41 मामलों की पुष्टि से पहले 20 संक्रमित यात्रियों को तोक्यो के पास डायमंड प्रिंसेज से उतारा गया। इस जहाज पर करीब 3700 लोगों के सवार होने की पुष्टि हुई है।

चीन-अमेरिका में करॉना पर बातचीत

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने घातक करॉना वायरस से निपटने के चीन के प्रयासों की तारीफकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका इसमें चीन की मदद कर रहा है। ट्रंप ने शुक्रवार को वाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, 'चीन बहुत मेहनत कर रहा है। कल देर रात, मेरी राष्ट्रपति शी (चिनफिंग) से बहुत काफी बातचीत हुई और हमारी ज्यादातर बातचीत करॉना वायरस पर हुई।'

आखिर चीन ने क्यों बदला कोरोना वायरस का नाम

पेइचिंग। चीन से शुरू हुए करॉना वायरस का खौफअब पूरी दुनिया में फैल चुका है। अब चीन के नैशनल हेल्थ कमीशन ने इस वायरस को एक अस्थाई ऑफिशल नाम नॉवल करॉनावायरस निमोनिया या हृष्टक्क दिया है। चीन के स्वास्थ्य आयोग ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस नए नाम का ऐलान किया।

मिला नया नाम: बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि इस नए वायरस को कोई स्थाई नाम दिए जाने तक चीन में चीनी सरकार के विभागों और संस्थानों द्वारा इसी नाम का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गौर करने वाली बात है कि नए वायरस का नाम इंटरनैशनल कमिटी ऑन टैक्सोनॉमी ऑफ वायरस द्वारा रखा जाता है। साइंटिफिक्र जर्नल और कमिटी को एक नाम सबमिट कर दिया है और कुछ दिनों में इसके नए नाम को घोषित किए जाने की उम्मीद है।

ब्रिटिश वैज्ञानिक का दावा: दुनियाभर में करॉना के कहर के बीच एक ब्रिटिश वैज्ञानिक ने चौंकाने वाला दावा किया है। शुक्रवार को ब्रिटिश वैज्ञानिक जॉन एडमंड्स ने चेतावनी देते हुए कहा कि दुनियाभर में करॉना से संक्रमित जो आंकड़े बताए जा रहे हैं उसकी संख्या 10 गुना ज्यादा तक हो सकती है।

चीन में कारोना वायरस से जंग के लिए मरीजों को दिया जा रहा कछुए का मांस

जानलेवा वायरस के गढ़ वुहान में मरीजों को इससे लड़ने के लिए खाने में कछुए का मांस दिया जा रहा है। वुहान के अस्पतालों में कछुए के मांस को परोसने पर विशेषज्ञ गंभीर सवाल उठा रहे हैं। चीन में करॉना वायरस से जंग के लिए मरीजों को दिया जा रहा कछुए का मांसचीन में महामारी का रूप ले चुके करॉना वायरस से मरने वालों की संख?या लगातार बढ़ती ही जा रही है। बहुत तेजी से फैल रहे करॉना वायरस के प्रकोप के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 722 हो गई है, जबकि कुल 34,546 लोगों के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इस बीच करॉना के जानलेवा वायरस के गढ़ वुहान में मरीजों को इससे लड़ने के लिए खाने में कछुए का मांस दिया जा रहा है। वुहान के अस्पतालों के इस फैसले पर विशेषज्ञ गंभीर सवाल उठा रहे हैं क्योंकि माना जाता है कि चमगादड़ का सूप पीने से करॉना का वायरस इंसानों में पहुंचा।

डिनर में दिया गया कछुए का मांस: डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान के अस्पतालों में अलग-थलग रखे गए मरीजों को कछुए का मांस रात के खाने में परोसा जा रहा है। चीनी मीडिया में जारी एक विडियो में एक व्यक्ति ने दावा किया, 'आज के खाने में नरम कवच वाले कछुए का मांस भी दिया गया।' चीन के परंपरागत चिकित्सा विज्ञान में कछुए के मांस को पोषक तत्वों से भरा माना जाता है।

बिहार में आरजेडी को 'माय' समीकरण पर भरोसा

- नई टीम में अति पिछड़ों को भी जगह

पटना(ए.)। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरने के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने अपनी 'टीम' की घोषणा कर दी है। आरजेडी ने अपने 50 संगठनात्मक जिलों में से पटना को छोड़ 49 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की टीम में एकबार फिर पार्टी ने अपने माय (मुस्लिम और यादव) समीकरण पर विश्वास जताया है। हालांकि आरजेडी की पिछली टीम से इस टीम में इनकी संख्या कम की गई है। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह द्वारा जारी जिला अध्यक्षों की सूची में 50 जिलों में 37 जिलाध्यक्ष बदल दिए गए हैं। मात्र 12 जिलाध्यक्ष ही अपना पद बरकरार रख पाए हैं। पटना जिलाध्यक्ष की अब तक घोषणा नहीं हुई है। इस सूची में तीन सवर्ण (दो राजपूत, एक भूमिहार) जातियों से आने वाले नेताओं को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

किसी ब्राह्मण को शामिल नहीं किया गया: सूची में हालांकि किसी ब्राह्मण को शामिल नहीं किया गया है। यादव जाति से आने वाले 13 नेताओं को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि मुस्लिम जिलाध्यक्षों की संख्या 12 है।

पुरुषों से सुझाव वाले बयान पर केजरीवाल और स्मृति में ट्विटर वॉर

नई दिल्ली(ए.)। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच शनिवार को ट्विटर पर भिड़ गए। स्मृति ईरानी ने केजरीवाल पर उनकी उस टिप्पणी के लिए निशाना साधा, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि महिलाएं मतदान करने को लेकर पुरुषों से चर्चा जरूर करें कि किसे वोट देना सही रहेगा। इस पर दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली की महिलाओं ने किसे वोट देना है ये तय कर लिया है।

ईरानी ने ट्विटर पर केजरीवाल की टिप्पणी करने के उनके इरादों पर सवाल उठाया। स्मृति ने ट्वीट कर कहा कि आप क्या महिलाओं को इतना सक्षम नहीं समझते कि वे स्वयं निर्धारित कर सकें कि किसे वोट देना है? हैशटैग

महिलाविरोधीकेजरीवाल। सके बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि स्मृति जी, दिल्ली की महिलाओं ने किसे वोट देना है ये तय कर लिया है। और पूरी दिल्ली में इस बार अपने परिवार का वोट महिलाओं ने ही तय किया है। आखिर घर तो उन्हें ही चलाना होता है। इससे पहले, केजरीवाल ने कड़ी सुरक्षा के बीच राजपुरा ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी में अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

अपने कार्यालय में हमला करवाने के षड्यंत्र में एसडीएम सहित सात गिरफ्तार

छतरपुर(वार्ता)। छतरपुर के एसडीएम कार्यालय में बुधवार को बदमाशों द्वारा फायरिंग और तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने शुक्रवार को एसडीएम अनिल सपकाले सहित सात लोगों को यह हमला करवाने का षड्यंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर ने बताया कि सपकाले ने अपने मित्र पुष्पेंद्र सिंह गौतम की मदद करने लिए यह षड्यंत्र रचा था।

जयराज कुबेर ने बताया कि श्रीकृष्ण विश्वविद्यालय के संचालक पुष्पेंद्र सिंह गौतम की व्यवसायिक प्रतिद्वंद्विता अभय सिंह भदौरिया से थी क्योंकि भदौरिया खजुराहो विश्वविद्यालय की स्थापना करने जा रहे हैं और इसके लिए उन्होंने जमीन भी हासिल की है। कुबेर ने बताया कि इस मामले में सपकाले के अलावा पुष्पेंद्र सिंह गौतम, बीजेपी नेता जावेद अख्तर, अमित सिंह परिहार, अर्जुन श्रीवास, संतोष सोनी और राजेंद्र सिंह को आईपीसी की विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सपकाले की गिरफ्तारी के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

दिल्ली चुनाव | दिल्ली विधानसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान मजनूं टीला बूथ पर हंगामा

अभद्र टिप्पणी पर भड़कीं अलका लांबा, आप कार्यकर्ता को थप्पड़ जड़ने की कोशिश की

- पहले आप पार्टी में रहीं अलका चांदनी चौक सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में मजनूं के टीला के पास स्थित एक पोलिंग बूथ पर उस समय हंगामा हो गया जब आम आदमी पार्टी के एक कथित कार्यकर्ता ने कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा पर अभद्र टिप्पणी कर दी। गुस्साई अलका ने आप के कार्यकर्ता को थप्पड़ जड़ने की कोशिश की। हंगामा बढ़ने के बाद पुलिस ने आप कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया। अलका लांबा मजनूं का टीला स्थित एक पोलिंग बूथ पर पहुंची थी। आरोप है कि वहां मौजूद आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने उनसे कांग्रेस का बिल्ला उतारने को कहा। इस पर बात बढ़ गई और आप कार्यकर्ता ने अलका पर अभद्र टिप्पणी कर दी। इससे गुस्साई अलका आप के कार्यकर्ता की ओर दौड़ पड़ीं। पुलिस बीच-बचाव कर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बताए जा रहे शख्स को अलग ले गई।

उसने मुझे ऐसे शब्द कहे, जो बता नहीं सकती

अलका लांबा ने बाद में मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए पोलिंग बूथ पर गई थीं। उन्होंने कहा, 'इसी दौरान वहां खड़े उस शख्स ने मुझे बहुत गंदी गाली दी। मैं बता भी नहीं सकती। आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता एक महिला को गंदी गाली दिलवा रहा था।'

विश्वास का केजरीवाल पर निशाना: आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता कुमार विश्वास ने भी लांबा पर इस अभद्र टिप्पणी को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट किया, 'अपनी पूर्व साथी और विधायक पर अश्लील टिप्पणी करके व उसके बेटे के बारे में निहायत गलीच बात कहकर आत्ममुग्ध बौने के पालित चिंटू ने अपने आका की ही औकात दिखाई है ! @LambaAlka योद्धा है ! उसकी विजय उसका स्वाभिमान है !'

■ न्यूज गैलरी

फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से 2 लाख निकाले, मामला दर्ज

रायपुर। साहूकारी लाईसेंस में कूटरचित हस्ताक्षर कर फर्जीवाड़ा किये जाने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रेनबो स्कूल के पास समता कालोनी आजाद चौक रायपुर निवासी पिंकी सलूजा 43 वर्ष पति प्रमोद सलूजा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया के पति के खाते से मेन होल्डर बनकर फर्जी हस्ताक्षर कर दो लाख रुपये जेठ विनोद सलूजा व देवर आदित्य सलूजा निवासी समता कालोनी आजाद चौक ने निकाल लिया। देवर विनोद सलूजा एवं प्रार्थिया के जेठ का पुत्र आदित्य सलूजा के द्वारा कूटरचित हस्ताक्षर कर बैंक कर्मचारियो के सहयोग से आई.डी.बी.आई.बैंक खाते मे छेड़छाड़ करना तथा विगत 20 वर्षो से बिना साहूकारी लाईसेंस के मेरे,एवं मेरे पति के नाम से गैरकानूनी तरीके से साहूकारी का कार्य करते आ रहे है। उनके पति के नाम से किराये की दुकान की चाबी मांग करने पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने और व पति के नाम से एच.डी.एफसी. बैंक मे जाली हस्ताक्षर कर त्रृण प्राप्त करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध जांच पश्चात कार्यवाही की मांग की है।

काम के बहाने घर बुलाकर महिला से किया अनाचार, गिरफ्तार

रायपुर। बहाने से घर बुलाकर महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मंदिर हसौद निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 4 फरवरी को राहुल शर्मा निवासी ग्राम मुंगेशर मंदिर हसौद ने प्रार्थिया को काम के बहाने घर बुलाकर कमरे में बंद कर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

शादी का प्रलोभन देकर बनाया शारीरिक संबंध, मामला दर्ज

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाना में दर्ज की गई है। विधानसभा रायपुर निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि एक जुलाई 2017 से 1 फरवरी 2020 के मध्य रविशंकर वर्मा निवासी सुहेला बलौदाबाजार ने प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बना शादी करने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 2 ढ, 506, 323 के तहत अपराध कायम कर बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

बेमौसम बारिश ने जनजीवन को किया प्रभावित

कोहरे से रेल-हवाई यातायात भी बाधित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य में इस समय हो रही बेमौसम बारिश से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। बेमौसम बारिश के चलते लोग सर्दी-खांसी और बुखार से भी पीड़ित हो रहे हैं। दूसरी ओर सुबह छाने वाली गहरी धुंध से रेल के साथ ही हवाई यातायात भी बुरी तरह से प्रभावित होने लगी है। इधर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति बन गई है।

राज्य में इस समय हो रही बेमौसम बारिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आंध्रप्रदेश और ओडिशा के ऊपर बना चक्रवात अब महाराष्ट्र और बिहार के सिस्टम के नजदीक में आ गए हैं। छत्तीसगढ़ के चारों नजदीकी राज्यों के ऊपर बने इस सिस्टम के असर से ही प्रदेश में चौतरफा हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इधर राजधानी में कल शाम से शुरू हुई बारिश का

सिलसिला रात भर रूक-रूककर जारी रहा और दोपहर 12 बजे तक भी हल्की फुहारें पड़ती रहीं। इसके चलते आज भी मौसम पूरी तरह से सर्द हो गया है। इधर हवा की रफ्तार कुछ कम होने के कारण सर्द हवा का प्रकोप और ज्यादा बढ़ गया है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी एक बड़ा बदलाव दर्ज किया जा रहा है। इधर राज्य के उत्तरी इलाकों के साथ ही बिहार के ऊपर बना चक्रवाती घेरा अब दक्षिण की ओर आगे बढ़ने लगा है। इससे दक्षिणी छत्तीसगढ़ में भी अच्छी बारिश होने की संभावना बन गई है। वहीं राज्य में फिलहाल मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। राज्य में वर्तमान में हो रही बारिश से रायपुर, महासमुंद, बेमेतरा, पाटन, डोंगरगढ़, अंबिकापुर, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर जैसे प्रमुख शहरों में शीतलहर के हालत बन गए हैं। कल अंबिकापुर शहर में सबसे अधिक ठंड महसूस की गई। पूरे राज्य में अंबिकापुर शहर सबसे ज्यादा ठंडा रहा।

इधर बदली-बारिश के बीच सुबह-सुबह छाने वाले घने कोहरे की वजह से रेल यातायात और हवाई यातायात भी बुरी तरह से बाधित हो गई है। दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत गुजरने वाली लंबी दूरी की यात्री ट्रेनें घने कोहरे और कम दृश्यता के चलते घंटों विलंब से चल रही हैं। यही हाल हवाई यातायात का है, गहरे धुंध की वजह से कई फ्लाइटें समय पर एयरपोर्ट में लैण्ड नहीं कर पा रही है। यह परेशानी पिछले चार दिनों से बनी हुई है। हाल ही में दिल्ली, हैदराबाद की फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट किया गया था, बाद में इन यात्रियों को दोपहर में रायपुर लाया गया।

मौसम में बदलाव का असर राजिम मेला की तैयारियों पर भी

माघी पुन्नी मेले की तैयारियों पर बेमौसम हो रही बारिश ने विघ्न डालना शुरू कर दिया है। हालांकि शासन-प्रशासन की ओर से राजिम मेले की तैयारियां काफी पहले से शुरू कर दी गई थी, लिहाजा इस पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। लेकिन राज्य में लगातार हो रही बारिश ने जरूर तैयारियों पर खलल डाला है। 09 फरवरी माघ पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाले राजिम मेला की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। लेकिन तैयारियों को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। इसका मुख्य कारण लगातार हो रही बारिश है। सर्द मौसम के बीच लगातार हो रही बारिश ने तैयारियों में व्यवधान उत्पन्न करना शुरू कर दिया है। राजिम के मेला स्थल में अधिकांश तैयारियां हो चुकी है, लेकिन बेमौसम बारिश ने मेले की तैयारियों में जुटी टीम को बेहाल कर रखा है। सर्द मौसम और लगातार हो रही बारिश ने मेले की तैयारियों को प्रभावित किया है। ज्ञात हो कि राजिम में माघ पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाला मेला महाशिवरात्रि तक चलता है। इस बार यह मेला कल 09 फरवरी को प्रारंभ होकर 21 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। मेला स्थल में वर्तमान में केवल शासन-प्रशासन और शासकीय अमले की चहल-पहल बनी हुई है। वहीं मेला में आने वाले अन्य वर्ग गिनती की संख्या में ही पहुंचे हैं।

मंत्री भगत निकले धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण पर

विभागीय अफसरों की टीम भी मंत्री भगत के साथ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत राज्य में हो रहे बेमौसम बारिश से धान खरीदी केन्द्रों और संग्रहण केन्द्रों की स्थिति देखने मातहत अधिकारियों के साथ निरीक्षण पर निकले है। सूत्रों ने बताया कि राज्य में लगातार हो रहे बेमौसम बारिश का सबसे ज्यादा असर धान खरीदी केन्द्रों पर पड़ा है। इसके अलावा संग्रहण केन्द्रों तक पहुंच चुके धान को बारिश में भीगने से बचाने किए जा रहे उपायों को देखने भी विभागीय मंत्री निकले हुए हैं। बताया जाता है कि मंत्री श्री भगत के साथ विभागीय अधिकारियों का दल भी निरीक्षण पर निकला हुआ है। खाद्य मंत्री श्री भगत विभिन्न खरीदी केन्द्रों में पहुंच रहे हैं और केन्द्रों की स्थिति का जायजा लेकर विभागीय अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे है। बताया जाता है कि श्री भगत दोपहर मंदिर हसौद भी जाने वाले है। यहां संग्रहण और आसपास के खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने के पश्चात वे किसानों से भी मिलेंगे। ज्ञात हो कि हाल ही में धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने को लेकर किसानों की मांगों पर शासन ने गंभीरता दिखाई है।

वर्षा जल संचयन के लिए होगा आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल : गुरु रूद्रकुमार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का किया अवलोकन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में वर्षा जल को सहेजने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ व्ही वायर इंजेक्शन वेल रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया। उन्होंने आरंग विकासखंड के ग्राम रींवा, दुर्ग जिले के निकुम और अंजोरा ढाबा गांव में इस सिस्टम को प्रायोगिक तौर पर लगाने के निर्देश दिए। इस तकनीक से 2.5 एकड़ क्षेत्र में होने वाली वर्षा जल से 10 एमएलडी अर्थात एक करोड़ लीटर वर्षा जल को रिचार्ज किया जा सकता है।

मंत्री ने कहा कि गर्मी के समय भू-जल का स्तर गिर जाता है, इससे आम लोगों को काफी

परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मंत्री ने प्रभावित गांवों को चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ आधुनिक तकनीक से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए जल्द कार्ययोजना बनाने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह तकनीक उन क्षेत्रों के लिए अधिक कारगर और प्रभावी होगी जहां ग्रीष्म काल में भू-जल स्तर गिरने से पेयजल और निस्तार की गंभीर समस्या आती है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री को कलकत्ता से आए निजी कंपनी के प्रतिनिधियों ने नीर भवन में व्ही वायर इंजेक्शन वेल रेन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक और कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से घरों के अलावा खेतों के पानी को भी जमीन के अंदर इंजेक्ट कराया जा सकता है। व्ही वायर इंजेक्शन वेल तकनीक विश्व स्तरीय है। इसके अलावा यह किफायती और विश्वसनीय है।

छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर रहेगा राजिम माघी पुन्नी मेला

रायपुर। देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले राजिम माघी पुन्नी मेला इस वर्ष 9 फरवरी माघ पूर्णिमा से 21 फरवरी महाशिवरात्रि तक छत्तीसगढ़ के पवित्र त्रिवेणी संगम के तट पर आयोजित होगा। राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। राज्य के संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू स्वयं भी लगातार अधिकारियों के साथ बैठक लेकर इसी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं और मेला क्षेत्र में भ्रमण कर तैयारियों का अवलोकन रहे हैं। राजिम माघी पुन्नी मेले के अंतर्गत नदी पर रेत की अस्थायी सड़कों का निर्माण एवं राजिम को अन्य शहरों एवं गांवों से जोड़ने वाली सड़कों के मरम्मत का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। जल संसाधन विभाग द्वारा विशेष पर्व स्नान के लिए कुण्ड निर्माण एवं समय पर नदी में पानी छोड़ने की तैयारी की गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल, अस्थायी शौचालय, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं, डॉक्टरों की टीम, खाद्य विभाग द्वारा 50 दाल-भात सेंटरों का संचालन जैसे कार्य किए जा रहे है। परिवहन विभाग को रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुन्द जिलों के सभी रूटों में नियमित और पर्याप्त मात्रा में बसों का संचालन करने, विद्युत विभाग द्वारा विद्युत की समुचित व्यवस्था करने और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए गए है। होमगार्ड की तैनाती भी की गई है। मेला क्षेत्र में कपड़ा एवं कागज के थैलों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

शिक्षाकर्मी फेडरेशन ने शिक्षा मंत्री से मिलकर अपनी मांगों को पूरा करने का किया अनुरोध

16 और 19 फरवरी को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का भी फेडरेशन ने किया ऐलान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। शिक्षाकर्मी संगठनों से अपनी लंबित मांगों के समर्थन में बढ़ा दी है।सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने लगातार दूसरे दिन मंत्रियों व सीनियर विधायकों से मुलाकात का सिलसिला बरकरा रखा। शनिवार को फेडरेशन के नेताओं ने स्कूल शिक्षा मंत्री सहित तीन शीर्ष कैबिनेट मंत्रियों और सीनियर विधायक सत्यनारायण शर्मा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद जानकारी देते हुए शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने मीडिया को बताया कि शिक्षा

मंत्री सहित अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर लंबित मांगों की जानकारी देने और ज्ञापन सौंपने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सहायक शिक्षक एलबी व पंचायत संवर्ग के साथियों के नाम 4 सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्रियों से मुलाकात किया गया है। मंत्रियों ने मांगों को लेकर भरपूर समर्थन का भी आश्वासन दिया है।

आपको बता दें कि फेडरेशन ने शुक्रवार को भी कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर और वरीष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा से मुलाकात की थी, आज शनिवार को शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह और रविंद्र चौबे से मुलाकात की। इस दौरान मंत्रियों ने मांगों का समर्थन देते हुए उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

अब आर्थिक पिछड़े सवर्णों को सीजीपीएससी में नहीं मिलेगा लाभ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को सीजीपीएससी में लाभ नहीं मिलेगा। जस्टिस पिसैम कोशी की एकलपीठ ने प्रकरण में फैसला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 213 के अंतर्गत सरकार के अध्यादेश को विधानसभा के सत्र में आहुत होने के छह सप्ताह में पारित किया जाना जरूरी है। याचिकाकर्ता विक्रम सिंह ने अधिवक्ता रोहित शर्मा के माध्यम से सीजीपीएससी की परीक्षा में आर्थिक रूप से गरीब सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिए जाने की मांग करते हुए याचिका लगाई थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

■ जस्टिस कोशी की एकल पीठ का फैसला

मार्गदर्शन — पं. दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंसेज और आयुष विवि के कुलपति प्रो. चंद्राकर बोले

चुनौती बना बायोमेडिकल वेस्ट, प्रबंधन पर ध्यान देना जरूरी

■ विभिन्न मुद्दों पर एम्स में चिकित्सकों-कर्मियों के लिए सीएमई का आयोजन

■ देशभर के प्रमुख अस्पतालों के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली जानकारी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में शनिवार को सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) के तहत सेमिनार आयोजित कर बायोमेडिकल वेस्ट के बेहतर प्रबंधन, आरटीआई अधिनियम, अग्निशमन उपायों को अपनाने और अस्पतालों के संदर्भ में बने नियमों की जानकारी चिकित्सकों और कर्मचारियों को प्रदान की गई।

इस अवसर पर सभी अस्पतालों के प्रशासन का आह्वान किया गया कि वे बायोमेडिकल वेस्ट के बेहतर प्रबंधन पर ध्यान देकर अस्पताल और आसपास के वातावरण को सुरक्षित बनाने में अहम योगदान दें। इश्यूज, चैलेंजेज एंड पॉसीबल साल्यूशन्स इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन विषयक सीएमई का उद्घाटन करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हैल्थ साइंसेज और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.के. चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल के बेहतर प्रबंधन की वजह से एम्स मध्य भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में शामिल हो गया है। उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट को एक चुनौती बताते हुए कहा कि इसके प्रबंधन को लेकर सभी को जागरूक करने की आवश्यकता है।

तार्किक हल के लिए जरूरी है ऐसे कार्यक्रम : नागरकर

एम्स रायपुर के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने आरटीआई, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, अस्पताल में कानूनी बिंदुओं और अग्निशमन जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि ये विषय प्रतिदिन चिकित्सकों और अधिकारियों के समक्ष आते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों की मदद से इन मुद्दों का तार्किक हल ढूंढने में मदद मिलेगी। उप-निदेशक (प्रशासन) नीरेश शर्मा ने अन्य विशेषज्ञों के अनुभव से सीखकर अस्पताल प्रबंधन को और अधिक बेहतर बनाने का आह्वान किया।

एम्स से ऐसे कार्यक्रम करने का आह्वान

उन्होंने एम्स से इस प्रकार के कार्यक्रमों की मदद से अधिकारियों और कर्मचारियों को और अधिक जानकारी प्रदान करने का आह्वान किया। पीजीआई चंडीगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. एके गुप्ता ने सभी अस्पतालों का आह्वान किया कि वे अपने संस्थान को श्रेष्ठतम बनाने के लिए अपना अधिकतम योगदान दें।

भोगल ने दी कानूनी जानकारी

सीएमई में पीजीआई के डॉ. रंजीत पाल सिंह भोगल ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अस्पतालों में बायोमेडिकल वेस्ट को एकत्रित करना, इसका वर्गीकरण, स्टोर, स्थानांतरण और निस्तारण सहित सभी पक्ष काफी चुनौतीपूर्ण है। अब चिकित्सा कैंप भी इन नियमों के अधीन आ गया है। उन्होंने कहा कि बायोमेडिकल वेस्ट को 48 घंटों के अंदर निस्तारित कर देना चाहिए। सभी अस्पतालों में अलग-अलग प्रकार के डिब्बों में बायोमेडिकल वेस्ट को रखना अनिवार्य है।

निजी चिकित्सा संस्थानों के पैरामेडिकल एवं प्रशासनिक स्टॉफ के लिए सेमीनार का आयोजन जरूरी : डॉ. मंजू शुक्ला

■ आचार व्यवहार में कमी के चलते मरीज हो रहे परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर सहित प्रदेश के निजी चिकित्सा संस्थानों में विशेषकर बहुआयामी चिकित्सा सुविधा से लैस अस्पतालों में इन दिनों आये दिन मरीजों के साथ वहां के पैरामेडिकल स्टॉफ एवं प्रशासनिक स्टॉफ के सदस्यों द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायतें प्रतिनिधि को मिल रही हैं। इस संबंध में आज आरएनएस प्रतिनिधि ने शहर की दो नामचीन महिला चिकित्सकों से चर्चा कर उनसे इस बारे में अपना अभिमत मांगा।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मंजू शुक्ला एवं रोहिणीपुरम क्षेत्र की डॉ.मीनाक्षी तारे ने प्रतिनिधि से बड़े चिकित्सा संस्थानों में हो रही दुर्व्यवहार की घटनाओं पर गंभीर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि समय के साथ अब इस बात की जरूरत महसूस की जा रही है कि जिस तरह से चिकित्सकों की सेमीनार प्रदेश की राजधानी एवं देश के बड़े शहरों में आयोजित किये जाते हैं। वैसे ही सेमीनारों का आयोजन प्रदेश के सभी छोटे-बड़े चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत पैरामेडिकल स्टाफ एवं प्रशासनिक स्टाफ को दिया जाना जरूरी है। डॉ. शुक्ला एवं डॉ. तारे के अनुसार पीड़ित मरीज अपने मर्ज की चिकित्सा के साथ ही संबंधित अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मचारियों से सदव्यवहार एवं संवेदनशील रवैये की उम्मीद करता है जबकि वहां पर काम करने वाले कर्मचारी मरीज एवं उनके परिजनों के साथ जिस तरह से पेश आते हैं वह मानवीय दृष्टि से गलत है। डॉ. शुक्ला एवं डॉ. तारे की मान्यता है कि संबंधित चिकित्सा संस्थानों के मेडिकल डायरेक्टर/प्रशासक/नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट का यह दायित्व बनता है कि वह मरीजों के साथ सदव्यवहार करने की सलाह वहां पर कार्यरत कर्मचारियों को दे। जिस तरह से चिकित्सा क्षेत्र में निजी चिकित्सा संस्थाओं की संख्याओं में इजाफा हो रहा है उसे देखते हुए उक्त दोनों चिकित्सकों ने देश के प्रख्यात चिकित्सा क्षेत्र के मोटीवेटरों को आमंत्रित कर विभिन्न चरणों में मरीजों के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ एवं प्रशासनिक स्टॉफ के सदस्यों को किस तरह पेश आना चाहिए के संबंध में विधिवत प्रशिक्षण दिये।

दिन की शुरूआम करें माता पिता के चरणों से

14 फ़रवरी को वैलेंटाइन्स डे ही नहीं बल्कि मातृ-पितृ पूजन दिवस भी मनाया जाता है. जी हां, 14 फ़रवरी सिर्फ प्रेमी-प्रेमिका से ही नहीं बल्कि माता-पिता से भी प्यार जताने का दिन होता है. हिंदू धर्म ने इस मातृ-पितृ को पूजने के इस दिन को लेकर बड़ी ही रोमांचित कहानी है, जिसे आप पहले भी कई बार देख और सुन चुके होंगे।

दोस्तों प्राचीन काल से ही माता पिता को एक सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। अनादिकाल से महापुरुषों ने अपने जीवन में माता-पिता और सदगुरु का आदर-सम्मान किया है। कहा जाता है, माता पिता का स्थान ईश्वर के समान है। माता पिता ही है, जो ईश्वर के आशीर्वाद के रूप में हमारे पास रहते है। आज 14 फ़रवरी के दिन अंग्रेजी दिवस यानी वेलेंटाइन डे का बहिष्कार करते हुए, हमे हिंदू संस्कृति को अपनाते हुए यह दिन मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाना चाहिए। आज हम बात करने वाले है माता पिता पूजन के बारे में कि कैसे माता पिता की पूजा करके और उनको सम्मान देकर हम अपने जीवन में वो सब कुछ हासिल कर सकते है जो हम जीवन में चाहते है, तो दोस्तों शुरू करते है- फ़रवरी माह में 14 फ़रवरी को वैलेंटाइन्स डे ही नहीं बल्कि मातृ-पितृ पूजन दिवस भी मनाया जाता है। यह दिन केवल प्रेमी-प्रेमिका से ही नहीं बल्कि माता-पिता से भी प्यार जताने का दिन होता है। हिंदू धर्म में इस मातृ-पितृ पूजन से संबंधित बड़ी ही रोमांचित कहानी है7 आज यह सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे दुनियाभर से करोड़ों लोग मातृ-पितृ पूजन दिवस का समर्थन करते हैं।

14 फ़रवरी को वेलेंटाइन डे सैंकड़ो हजारों प्रेमी प्रेमिका प्यार के चक्कर में फँस जाते हैं। वासना के कारण वो अपना अच्छा बुरा नही सोच पाते7 इसलिए उन्हें इस दिन एक ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचना चाहिए जो उनका भला चाहता हो7 यह दिन मातृ-पितृ पूजन काम-भावना की बुराई से दूर कर के ऊपर उठाकर उज्जवल भविष्य, सच्चरित्रा, सदाचार जीवन की ओर ले जायेगा।

प्रेमी युगलों के लिए उत्सव की तरह वेलेंटाइन डे

प्रेम दिवसः वेलेंटाइन डे

लोग क्या करते है ?

बहुत से लोग अपने साथी के लिए कार्ड या पत्र भेजकर, उपहार या फ़ूल देकर और होटलों में रेस्तरां या रोमांटिक रातों में भोजन की व्यवस्था करके अपने प्यार का जश्न मनाते हैं। जो लोग किसी के साथ रोमांटिक संबंध बनाना चाहते हैं, वे इस अवसर का उपयोग कर सकते हैं, जिसे अक्सर गुमनाम रूप से जाना जाता है। वेलेंटाइन कार्ड को अक्सर दिल, लाल गुलाब या कामदेव की छवियों से सजाया जाता है। आम वेलेंटाइन डे उपहार फ़ूल चॉकलेट, कैंडी, अधोवस्त्र और शैंपेन या स्पार्कलिंग वाइन हैं। हालांकि, कुछ लोग इस अवसर का उपयोग उपहारों को प्रस्तुत करने के लिए करते हैं, जैसे कि गहने। कई रेस्तरां और होटलों में इस समय विशेष ऑफ़र हैं। इनमें रोमांटिक भोजन या सप्ताहांत ब्रेक शामिल हो सकते हैं।

वेलेंटइन डे की शुरुआत अमेरिका में सेंट वेलेंटाइन की याद में हुई थी

यह रोमांटिक प्रेम का त्योहार है और बहुत से लोग अपने जीवनसाथी या साथी को कार्ड, पत्र, फ़ूल या उपहार देते हैं। वे एक रेस्तरां में या रात में एक होटल में एक रोमांटिक भोजन की व्यवस्था कर सकते हैं। वेलेंटाइन डे के सामान्य प्रतीक दिल, लाल गुलाब और कामदेव हैं।

सबसे आम वेलेंटाइन डे प्रतीक हैं, विशेष रूप से लाल और पिंक, और कामदेव के चित्र या मॉडल। कामदेव को आमतौर पर एक धनुष और तीर के साथ एक छोटे पंख वाले चित्र के रूप में चित्रित किया जाता है। पौराणिक कथाओं में, वह लोगों के दिलों पर प्रहार करने के लिए अपने तीर का उपयोग करता है। जो लोग प्यार में पड़ गए हैं उन्हें कभी-कभी कामदेव के तीर से मारा जाता है। वेलेंटाइन डे के अन्य प्रतीक प्यार भरे आलिंगनों में जोड़े और फ़ूलों, चॉकलेट, लाल गुलाब और अधोवस्त्र के उपहार हैं जो जोड़े अक्सर एक दूसरे को देते हैं।

ये दिन प्रेम पत्रों के वैलेंटाइन के रूप में पारस्परिक आदान प्रदान के साथ गहरे से जुड़ा हुआ है। आधुनिक वैलेंटाइन के प्रतीकों में शामिल हैं दिल के आकार का प्रारूप, कबूतर और पंख वाले क्यूपिड का चित्र.19वीं सदी के बाद से, हस्तलिखित नोट्स की जगह बड़े पैमाने पर बनाने वाले ग्रीटिंग कार्ड्स ने ले ली है। ग्रेट ब्रिटेन में उन्नीसवीं शताब्दी में वैलेंटाइन का भेजा जाना एक फैशन था और, 1847 में, एस्थर हौलैंड ने अपने वोर्सेस्टर, मैस्साचुसेट्स स्थित घर में ब्रिटिश मॉडलों पर आधारित घर में ही बने कार्ड्स द्वारा एक सफ़ल व्यवसाय विकसित कर लिया था। 19 वीं सदी के अमेरिका में वैलेंटाइन कार्ड की लोकप्रियता जहां कई वैलेंटाइन कार्ड अब सामान्य ग्रीटिंग कार्ड प्यार की घोषणाओं के बजाय, संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के भविष्य व्यावसायीकरण के एक अग्रदूत था रहे हैं। अमेरिका ने ग्रीटिंग कार्ड एसोसिएशन का अनुमान है कि लगभग एक अरब वैलेंटाइन हर साल पूरी दुनिया में भेजे जाते हैं, जिसके कारण,क्रिसमस के बाद, इस छुट्टी को कार्ड भेजने वाले दूसरे सबसे बड़े दिवस के रूप में जाना जाता है। एसोसिएशन का अनुमान है कि औसतन अमरीका में पुरुष महिलाओं के मुकाबले दुगना पैसा खर्चा करते हैं।

कुछ देशों में इसे अलग-अलग नामों के साथ मनाया जाता है वेलेंटाइन डे

वेलेंटइन डे की शुरुआत अमेरिका में सेंट वेलेंटाइन की याद में हुई थी। सर्वप्रथन यह दिन अमेरिका में ही मनाया गया, फ़िर इंग्लैंड में इसे मनाने की शुरुआत हुई। इसके बाद यह पूरे विश्व में धीरे-धीरे मनाया जाने लगा। कुछ देशों में इसे अलग-अलग नामों के साथ भी मनाया जाता है। चीन में इसे 'नाइट्स ऑफसेवेन्स' वहीं जापान व कोरिया में 'वाइट डे' के नाम से जाना जाता है और पूरा फ़रवरी माह प्रेम का महीना माना जाता है। भारत में वेलेंटाइन डे मनाने की शुरुआत सन 1992 के लगभग हुई थी, जिसके बाद इसका चलन यहां भी शुरू हो गया।

सार्वजनिक जीवन

वेलेंटाइन डे सार्वजनिक अवकाश नहीं है। सरकारी कार्यालय, स्टोर, स्कूल और अन्य संगठन हमेशा की तरह खुले हैं। सार्वजनिक पारगमन प्रणालियां अपने नियमित समय पर चलती हैं। रेस्तरां सामान्य से अधिक व्यस्त हो सकते हैं क्योंकि बहुत से लोग अपने पति या पत्नी के साथ एक शाम के लिए बाहर जाते हैं। वेलेंटाइन डे भी शादियों के लिए एक बहुत लोकप्रिय तारीख है।

पृष्ठभूमि

वेलेंटाइन नामक कई संन्यासी हैं जिन्हें 14 फ़रवरी को सम्मानित किया जाता है। यह दिन इंग्लैंड में मध्य युग में रोमांटिक प्रेम से जुड़ा हुआ है। सर्दियों के समाप्त होते ही पूरे यूरोप में आयोजित होने वाले पागन प्रजनन उत्सवों में इसका अनुसरण किया जा सकता है। परंपरागत रूप से, प्रेमियों ने हाथ से लिखे नोट्स का आदान-प्रदान किया।

मातृ-पितृ पूजन दिवस की कहानी

प्रचलित कथा के अनुसार एक बार भगवान शंकर और माता पार्वती के दोनों पुत्र गणेश और कार्तिकेय के बीच होड़ लगी कि, कौन बड़ा है? इस बात का निर्णय लेने के लिए शिव-पार्वती जी ने दोनों से कहा कि जो संपूर्ण पृथ्वी की परिक्रमा करके सबसे पहले यहां पहुंचेगा, उसी को बड़ा माना जाएगा. ये बात सुन भगवान कार्तिकेय अपने वाहन मयूर लेकर पृथ्वी की परिक्रमा करने निकल पड़े. लेकिन भगवान गणेश चुपके से एकांत में जाकर बैठ गए और सोचने लगे. कुछ देर बाद वो उठे और झट से माता पार्वती और पिता शिव के पास जाकर हाथ जोड़कर बैठ गए. भगवान गणेश ने दोनों की आज्ञा लेकर अपने माता-पिता को ऊंचे स्थान पर बिठाया, उनके चरणों की पूजा की और परिक्रमा करने लगे. एक-एक कर भगवान गणेश ने अपने माता-पिता की सात बार परिक्रमा की. ये सब देख माता -पार्वती ने पूछाः वत्स! ये प्रदक्षिणाएँ क्यों की? इस पर गणेश ने जवाब दिया ...सर्वतीर्थमयी माता... सर्वदेवमयो पिता... यानी सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने से जो पुण्य होता है।

माता की परिक्रमा करने से पृथ्वी की परिक्रमा, पिता का पूजन करने से होता है देवताओं का पूजन

इश्वर का वरदान : माता पिता

प्यार के प्रतीक वेलेंटाइन डे पर जगह-जगह कार्यक्रम किए गए। कई घरों में वेलेंटाइन डे को मातृ-पितृ दिवस के रूप में भी मनाया गया। मंगलवार को दिन निकलते ही वेलेंटाइन डे पर कुछ घरों, प्रतिष्ठानों को फ़ूलों, गुब्बारों से सजाया गया। पतियों ने पत्नियों को उपहार और गुलाब का फ़ूल देकर अपने प्यार का इजहार किया। इस बार हिंदू संगठनों के सक्रिय न रहने से लोगों ने शाम को होटलों और रेस्टोरेंट में पार्टियों का आयोजन किया। शहर में कुछ जगह बालक बालिकाओं ने अपनी मम्मी-पापा का उपहार देकर आशीर्वाद लिया शहर के बुढ़ाना रोड पर नर्सिंग होम के संचालक डॉ. ऐकीनाथ शुक्ला ने बताया कि उन्होंने अपने घर पर दोस्तों को बुलाकर फ़ूल, ग्रीटिंग कार्ड व स्मृति चिह्न देकर प्यार का उपहार दिया।

कैसे मनाएं मातृ-पितृ पूजन दिवस?

1. अपने माता-पिता को किसी ऊंचे आसन पर बिठाएं।
2. माता-पिता के माथे पर कुमकुम का तिलक करें।
3. माता-पिता के सिर पर पुष्प और अक्षत रखें, फ़ूलमाला पहनाएं और आरती करें।
4. अब माता-पिता की सात परिक्रमा करें।
5. आखिर में माता-पिता की सेवा करने का दृढ़ संकल्प करें।

मां : एक शिशु का जब जन्म होता है, तो उसका पहला रिश्ता मां से होता है। एक मां शिशु को पूरे 9 माह अपनी कोख में रखने के बाद असहनीय पीड़ा सहते हुए उसे जन्म देती है और इस दुनिया में लाती है। इन नौ महीनों में शिशु और मां के बीच एक अदृश्य प्यार भरा गहरा रिश्ता बन जाता है। यह रिश्ता शिशु के जन्म के बाद साकार होता है और जीवन पर्यन्त बना रहता है। मां और बच्चे का रिश्ता इतना प्रगाढ़ और प्रेम से भरा होता है, कि बच्चे को जरा ही तकलीफहोने पर भी मां बेचैन हो उठती है। वहीं तकलीफके समय बच्चा भी मां को ही याद करता है। मां का दुलार और प्यार भरी पुचकार ही बच्चे के लिए दवा का कार्य करती है। इसलिए ही ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है। दुनिया का कोई भी रिश्ता इतना मर्मस्पर्शी नहीं हो सकता।

मातृ दिवस : मातृ दिवस मनाने का शुरुआत सर्वप्रथम ग्रीस देश में हुई थी, जहां देवताओं की मां को पूजने का चलन शुरु हुआ था। इसके बाद इसे त्योहार की तरह मनाया जाने लगा। हर मां अपने बच्चों के प्रति जीवन भर समर्पित होती है। मां के त्याग की गहराई को मापना भी संभव नहीं है और ना ही उनके एहसानों को चुका पाना। लेकिन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता को प्रकट करना हमारा कर्तव्य है।› › मां के प्रति इन्हीं भावों को व्यक्त करने के उद्देश्य से मातृ दिवस मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां के लिए समर्पित है। इस दिन को दुनिया भर में लोग अपने तरीके से मनाते हैं। कहीं पर मां के लिए पार्टी का आयोजन होता है तो कहीं उन्हें उपहार और शुभकामनाएं दी जाती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

डरकर अंधेरी रात से

डरकर अंधेरी रात से, बुझते दिये नहीं, हम देख पाएंगे गुनाह मुंह सिये नहीं .. इस वक्त आप हैं सदर फरियाद तो सुनें, लोगों की बोलता हूं मै, अपने लिये नहीं .. ले आए तेरे दर पे मुझे पांव आदतन, तुमसे मेरी उमीद को कुछ चाहिये नहीं ..

- निश्चय बाजपेई

क्या क्वालिटी दी थी कम्पनी ने कागज की

क्या क्वालिटी दी थी कम्पनी ने कागज की कभी आँसू भी बहे होंगे कुछ पसीना गिरा भी बहा होगा कितने ही झंझावात भी आये ही होंगे फिर भी मेरा जीवन कोरा कागज ही रहा कोई दाग भी नहीं पड़ा कमाल की कारीगरी है ।।

- देवयानी भारद्वाज

खास पाती | ठण्ड से निकल उजली धूप

कम्पकपांती ठण्ड से निकल उजली धूप का सफ़र जारी है रोज सेंक लेती मन का एक सर्द कोना और सहेज लेती हूँ कुछ यादें तेरी मेरी घूमिल अक्स शाम के धुंधलके से निकल छायां बन साथ चलता है गर्म हाथों की हथेलियों में अक्सर महसूस करती हूँ तेरा अहसास तेरी छुअन सुनो तुम इन सर्द रातों में जब होते हो पास नहीं रहती फिर अधूरी मैं इन्तजार करती हूँ फिर तुम्हारे लौट आने का और समेट लेती हूँ फिर तुम्हारी यादें मेरे तकिये के गिलाफकी नमी में अकेलेपन की सीमाओं से परे उस सर्द मन के कोने उजली धूप का इन्तजार करती मैं । **- अल्पना हर्ष**

मेरे भतीजे जब 3 साल के थे तब वो

मेरे भतीजे जब 3 साल के थे तब वो मुझसे तू तड़ाक से बात किया करते थे और मेरा नाम लेकर ही बुलाते थे ,पर जैसे ही वो 8 साल के हुये मुझसे तू तड़ाक की जगह सम्मान से बात करना शुरु कर दिया और चाचा कहने लगे ... राहुल गांधी में भी उम्र बढ़ने के बाद ये सामान्य शिष्टाचार आ जायेगा ,इसमें क्रोध दिखाने जैसी कोई बात नहीं ... वैसे भी बिना स्टार्टर के ट्यूबलाइट नहीं जलती।

- अजय सरस्वती श्रीवास्तव

समय समय पर मोदीजी के अयोध्या

समय समय पर मोदीजी के अयोध्या न जानेपर सवाल उठाने वालो जिंदे हो,या चल बसे ? साल पहले हमने कहा था -मोदीजी का अयोध्या न जाना उसका आंतरिक संकल्प हो सकता है । क्या वे लोग अब भी सवाल करोगे।??

- परेश स्वर्णकार

इक़ तो गलती और उस पर तेवर

इक़ तो गलती और उस पर आपके तेवर तमाम ! इस तरह रिश्ते बचेंगे और न ही रिश्तों का नाम !! है अगर नाराज़गी मिल बैठकर बातें करो ! घर चलाने के लिए है धारणा बेशक ये आम !! मयकशी हम मयकदों में क्या करेंगे अब भला ! मयकशी इक़ उम्र की थी आपकी आँखों का जाम !! **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

तेरी यादों के पल पंखुड़ियों से लिपटे है

तेरी यादों के पल पंखुड़ियों से लिपटे है इन सूखे गुलाबों से खुशबू आज भी आती है है सुगन्धित इत्र सा जीवन में मेरे मुझे पल -पल महकाती है इनमें मौजूद है ओस की बूंदें आज भी इनकी नमीं मेरे आंखों में समा जाती है छू कर इन फूलों को पलकों से अपने सज़दा कर लेते है जब कभी ढलक कर ये ओस मेरे गालों पर आ जाती है .. **- माया देवांगन**

देहरी की सीमाएँ भूलकर सब मर्यादाएँ

देहरी की सीमाएँ भूलकर सब मर्यादाएँ तोड़कर नील गगन में आजाद पंछी-सा उड़ने का मैंने सोचा है। नदी की शीतल मधुर सौम्य धारा पर नंगे पाँव चलने का मैंने सोचा है। मासूम-सी कल्पनाओं में अपनी उजली सूरत पर कमल खिलते हुए देखा है। धवल चाँदनी-सा खुद को इन स्याह रातों को उज्ज्वल करते हुए देखा है। **अनुभूति गुप्ता**

बाहों का घर बनाकर बेबसी को

बाहों का घर बनाकर बेबसी को ओढ़ लेंगे हम तंग किस्मत को भी फ्टी चादर में मोड़ लेंगे हम सर्द रातें भी बिन खाने से अक्सर तंग लगती हैं भूँख की आग को जब पेट में सिकोड़ लेंगे हम--!! - **नीरू श्रीवास्तव**

लघु कथा- अट्टहास

दशहरा उत्सव में राम ने रावण के पुतले का दहन करने के लिए जैसे ही बाण का संधान करना चाहा, रावण का पुतला अट्टहास करने लगा द्य उसकी यह कर्कश आवाज राम भ्रमित कर रही थी द्य राम से जब नहीं रहा गया तो उन्होने ललकार कर रावण से पूछा अरे रावण! तेरी मंशा क्या है? यह अट्टहास क्यों? जबकि तू जानता है कि आज मैं तेरा और तेरी बुराईयों का अंत कर दूँगा। मैं कोई वस्तु नहीं हूँ... जिसका तुम अंत कर दोगेद्य हर बरस तुम यही तो करते हो, लेकिन लाभ क्या हुआ ? पुतले तो जला देते हो लेकिन मेरी विचारधारा का अंत कैसे करोगे ? हे राम! मै एक सोच हूँ और मैं ज्यादातर लोगों के मन मस्तिष्क पर स्थापित हूँ। रावण ने अट्टहास करते हुए कहा द्य इतना बड़ा आरोप तुम कैसे लगा सकते हो इस मानव सभ्यता पर ? कोई भी तुम्हारी विचारधारा को नहीं मानता है ,, इस समाज में तुम्हारा कोई स्थान नहीं है इस भारी भीड़ को ही देखो हर तरफसिर्फ 'जय श्री राम' के नारे हैं। राम ने भी थोड़ा सा क्रुद्ध होकर कहा। हे राम! इन नारों पर मत जाओ, ये इंसान हैं, अंदर से कुछ है और बाहर से कुछज यहाँ भीड़ में कुछ लोग से हैं जो अपने भाई का हिस्सा मारकर बैठे हैं कुछ से हैं जो स्त्री जाति को भोग की वस्तु समझते हैं,शासक प्रजा का शोषण कर भोग विलास में डूबे हुए हैं हर जगह हाहाकार, रक्तपात और उत्पात मचा हुआ है और विडंबना तो यह है कि मेरे विचारो को मानने वाला ही आज स्वयं को सर्वश्रेष्ठ रामभक्त कहलाता है, अब तुम्ही बताओ मेरा अंत कहाँ हुआ। रावण के पुतले ने आँखे निकालते हुए कहा, रावण की कही बातों से राम एक बार तो विचलित हुए लेकिन अगले ही पल उन्होंने अपने आप को संभाला और कहा -卐 अरे रावण! समाज में अच्छाइयाँ और बुराइयाँ दोनों होती है लेकिन अंत सिर्फबुराई का होता है अच्छाई का नहीं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1649 - ब्रिटेन में लोकतांत्रिक शासन का आरंभ हुआ और ओलिवर क्रोमवेल राष्ट्रपति बने। 1775 - ब्रिटेन ने अपने अमेरिकी उपनिवेश मैसाच्युसेट्स को बागी घोषित किया। 1775 - ब्रिटिश संसद ने मैसाच्युसेट्स कॉलोनी को राज-विद्रोही घोषित किया। 1801 - लूनविले की संधि ने फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच द्वितीय गठबंधन युद्ध को समाप्त किया। संधि की शर्तों के तहत ऑकिन शहर पर आधिकारिक रूप से फ्रांस ने कब्जा कर लिया। 1813 - प्रशिया ने कैंटन सिस्टम को समाप्त कर दिया। 1824 - उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म को अपनाया। 1832 - फ्लोरिडा विधान परिषद ने जैक्सनविले, फ्लोरिडा के लिए एक सिटी चार्टर प्रदान किया।

तीन महीने पहले हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

दो आरोपियों सहित चार खरीददार भी चढ़े हत्थे

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । दो माह पूर्व सरकंडा क्षेत्र के चंद्रकांता कालोनी में नगद रकम और लाखों रुपये के सोने चांदी की जेवरात चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी सहित खरीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया ।

ज्ञात हो कि 1 अक्टूबर को अजित पाटले के घर हुई लगभग 7 लाख 20 हजार की चोरी के मामले में सरकंडा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में आदतन अपराधी को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ, दरअसल पुलिस ने चिंगराजपारा के गोलू वर्मा उर्फ सुखदेव वर्मा और सतीश वर्मा जो आदतन चोर है कई प्रकरणों में जेल जा चुके है उन्हें शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया, उन्होंने बताया कि घटना के दिन उन्होंने चन्द्रकान्ता कालोनी में घूमकर रेकी की थी जहाँ एक मकान में ताला लगा हुआ था, जहाँ रात में उन्होंने अपने एक और साथी लाला सूर्यवंशी के साथ मिलकर चोरी की थी। चोरी के माल के साथ पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 4 खरीददारों को भी पकड़ा है जिनसे दो नग सोने के बिस्किट, एक नग सोने की चैन, एक हीरा जड़ित सोने की अंगूठी, चांदी के जेवर, एक नग कान के झुमके, 2 नग कान की बाली, सोने का हार सहित लगभग 7 लाख 20 हजार के माल को बरामद किया गया है। वही चार खरीददार ,लक्ष्मीनारायण पटेल, छैलू साहू, राजू सोनी चिंगराजपारा और हीरा सोनी तेलीपारा सरजू बगीचा को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ धारा 457 , 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई ।

नए जिले में रक्षित निरीक्षक की हुई पोस्टिंग, एसपी ने जारी किया आदेश

बिलासपुर । अस्तित्व में आ रहे नए जिले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में बल उपलब्ध कराने रेंज के विभिन्न जिलों के 29 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों से सहमति ले ली गई है। शनिवार की दोपहर एसपी प्रशांत अग्रवाल ने आदेश जारी कर रक्षित निरीक्षक यातायात हेमंत टोप्पो का तबादला बिलासपुर से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में कर दिया है।

मिशन समपार आवश्यक रखरखाव हेतु रहेगा बंद

बिलासपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चांपा-नैला स्टेशनों के मध्य किमी. 666/20-22 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 338 (मिशन फाटक) को, दिनांक 10 सोमवार रात्रि 10 बजे से दिनांक 11फरवरी मंगलवार प्रातः 8 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है।

प्रेम प्रसंग के चलते भाई ने की युवक की हत्या

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया, प्रेम प्रसंग की वजह से भाई ने प्रेमी की अन्य साथी के साथ मिलकर हत्या कर दी। मस्तूरी क्षेत्र में किसान परसदा में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, पुलिस के पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने युवक के सिर में ईट से कई बार वार कर हत्या की है । मामले में।खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि मृतक देवप्रसाद सूर्यवंशी का आरोपी की बहन से अवैध संबंध था, आरोपी ने पिछले दिनों अपनी बहन और मृतक को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था, तब से आरोपी मृतक देव प्रसाद की हत्या करने की योजना बना रहा था । घटना के दिन उसने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर उसने हत्या की योजना बनाई और मृतक देव प्रसाद को साथ ले जाकर उसे शराब पिलाई जिसके बाद रात होने पर उन्होंने मिलकर ईट से हमला कर देव प्रसाद की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों की निशानदेही पर साक्ष्य को बरामद कर लिया है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस ने अपनी जांच की शुरुआत सही दिशा में जारी करते हुए ग्रामीणों से मृतक के संबंध में पूछताछ की जिसमे पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे, इसके अलावा मृतक को अंतिम दिन किसके साथ देखा गया इसकी जानकारी भी पुलिस को मिली, फिर पुलिस ने शक के आधार पर सूरज भवानी और उसके नाबालिग साथी को हिरासत में लिया और फिर कड़ाई से पूछताछ की गई, तब आरोपियों ने हत्या की वहज और हत्या का खुलासा किया। जिन्होंने बताया कि वह देव प्रसाद की हत्या करने की पूर्व से योजना बना रहा था। मामले में मस्तूरी थाना प्रभारी फैजुल शाह एवं टीम ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को हिरासत में लेकर हत्या की गुत्थी सुलझा ली । पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने हत्या की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी हासिल करने वाली पुलिस टीम को प्रशिशपत्र देकर सम्मान किया।

क्लेम पर असमंजस, आयुष्मान से पीछे हटे निजी अस्पताल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। एक जनवरी से आयुष्मान भारत योजना की क्लेम राशि का भुगतान ट्रस्ट के हवाले कर दिया गया। इसकी प्रक्रिया निजी अस्पताल संचालकों को समझ नहीं आ रही है। ऐसे में उन्हें आशंका है कि पहले की तरफउनके क्लेम को रोक दिया जाएगा। यही वजह से ज्यादातर अस्पतालों ने योजना के तहत उपचार करना बंद कर दिया है।शहर के 20 चयनित अस्पताल आयुष्मान से उपचार कराने के लिए पहुंच रहे मरीज को लौटा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि आयुष्मान से उपचार फिलहाल के लिए बंद है। नकद में ही उपचार की सुविधा मिलेगी। ऐसे में रोजाना सैकड़ों हितग्राहियों को एक से दूसरे अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आधे मरीज उपचार से वंचित हो जा रहे हैं। इसके पीछे निजी अस्पताल के संचालकों का कहना है पहले रेलिगेयर कंपनी क्लेम देने का काम करती थी। कंपनी ने बेवजह करोड़ों के क्लेम को रोक दिया। इसकी वजह से आयुष्मान से उपचार करने में दिक्कत आ रही थी। वहीं अब ट्रस्ट के माध्यम से बीमा क्लेम की राशि दी जानी है। लेकिन इसकी प्रक्रिया क्या है, क्लेम कितने दिनों में मिलेगा, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। ऐसे में उपचार करने के बाद क्लेम राशि मिलने को लेकर संशय है।

■ सरकारी अस्पताल में योजना से इलाज कराने पहुंच रहें जरुरत मंद मरीज

सरकारी अस्पतालों में बढ़ रही भीड़ : निजी अस्पतालों में आयुष्मान से इलाज बंद होने का असर सिम्स जिला अस्पाताल पर दिखने लगा है। यहां पर योजना के तहत उपचार कराने रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में सभी मरीज की प्रक्रिया पूरी कर उपचार शुरू करने में दिक्कत आ रही है। इस कारण मरीजों का उपचार प्रभावित हो रहा है।

पटरी पर नहीं आ पा रही योजना : निजी अस्पताल बार-बार आयुष्मान से उपचार नहीं करने की बात कहते रहते हैं। बीते दो साल के भीतर में निजी अस्पताल आधा दर्जन बार अचानक उपचार बंद चुके हैं। इसका व्यापक असर भी पड़ा है। क्लेम राशि को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। इसकी वजह से आयुष्मान योजना पटरी पर नहीं आ पा रहा है।

मरीजों को स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य केन्द्र लाएं मितानिनें : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । 19 मार्च से शुरू होने वाले राहत मिशन में निःशुल्क इलाज कराने के लिए मरीज आंगनबाडी केन्द्र, पंचायत, स्वास्थ्य केन्द्र सहित मोबाइल पर राहत एप्प में भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। मिशन के तहत् आंख, हड्डी, नाक-कान-गला, हार्निया, हाइड्रोसिल सहित कैंसर जैसी बीमारियों का भी निःशुल्क जांच और इलाज किया जाएगा। जरूरी होने पर मरीजों के ऑपरेशन भी निःशुल्क किए जायेंगे। कलेक्टर किरण कौशल ने कटघोरा के अग्रसेन भवन में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल-विकास विभाग के मैदाने अमले की बैठक लेकर उन्हें जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस मिशन के तहत अपने-अपने क्षेत्र में आंख, मोतियाबिंद, हड्डी, कटे-फटे होंठ, नाक-कान-गला, हार्निया, हाइड्रोसिल, दंत, कान आदि से संबंधित रोगो के मरीजों की पहचान कर एक सप्ताह के भीतर सूची तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि सूची तैयार होने के बाद संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को लाकर प्राथमिक तौर पर उनकी जांच की जाएगी और बीमारियों के गंभीर होने या आवश्यकता होने पर ऑपरेशन आदि के लिए मरीजों को कोरबा में विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले इस वृहद् निःषुल्क मेगा कैम्प में दस हजार से अधिक मरीजों के ईलाज और स्वास्थ्य जॉच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

गौठान के कामों में लापरवाही, दो पंचायत सचिव निलंबित

कोरबा। कटघोरा के अनुविभागीय राजस्व कार्यालय में कलेक्टर किरण कौशल ने गौठानों के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान अधुरे कार्यो पर कलेक्टर ने जमकर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने अधिकारियों और मैदानी अमले को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए आगामी 15 दिनों में सभी गौठानों के काम पूरे कराने के निर्देश दिए। उन्होने महुआडीह एवं देवरी के गौठानों में पशुओं के नहीं आने, चारागाह का काम अधूरा रहने और गौठान के कामो में लापरवाही बरतने पर दोनो पंचायतों के सचिवों कृष्णा राठौर और सखाराम कंवर को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर आरईएस के सब इंजीनियरों पर भी तल्ख हुई और अधूरे कामों तथा गैर जिम्मेदाराना रवैय्यै के लिए इनकी एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। कौशल ने गौठानों में पैरादान की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड- जशपुर (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना क्रमांक/29/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./2020/ जशपुर, दिनांक 04.02.2020

निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जशपुर जिले के निम्नलिखित तत्संबंधी सम्पूर्ण कार्यहेतु अलग अलग मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ''ए'' (प्रतिशत दर) में लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकल पंजीयन प्रणाली अनुसार श्रेणी डी एवं ऊपर में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शाए समय सारणी एवं विवरण अनुसार आमंत्रित की जात है। इस कार्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के Unified Schedule of rates for water supply and sewerage 07th February 2013 से प्रभावशील निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधनों के अनुसार लागू होगी।
कार्य का विवरण :- NRDWP मद अंतर्गत जशपुर जिले के विभिन्न नलजल प्रदाय योजना अंतर्गत जल वितरण नलिकाए एवं राईजिंग एवं पाईप लाईन बिछाने/जोड़ने वाल्व चेम्बर एवं टेस्टिंग आदि निर्माण कार्य मय सामग्री सहित स्वीकृत शेड्यूल/ड्राईंग अनुसार एवं 03 माह ट्रायल रन पश्चात संबंधित ग्राम पंचायत को संचालन/संधारण हेतु हस्तांतरण सहित।

समूह क्र.	विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि TDR रुपया में)
1	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम फरसाटोली नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1565मी., 110mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 475मी., 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 70 मी. एवं 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 20 मी. and Pumping main of 90mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 440 मी.	12.28	9210/-
2	विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम बरांगजोर (मेन बस्ती एवं स्कूलटोला) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 794 मी., 110mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 535मी., 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1312 मी. एवं 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 212मी.	16.28	12210/-
3	विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम बरांगजोर (खूटीटोली, टांगरपारा एवं पंचायत टोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2234मी. and Pumping main of 90mm dia UPVC pipe class 10 kg/sqcm 1422 मी.	14.81	11108/-
4	विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम कुरकुंगा (मेन बस्ती, यादवपारा, झलनपारा एवं डीपाटोला) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2023 मी. 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 863 मी.	13.71	10283/-
5	विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम कुरकुंगा (कुंत्रीबहला) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1981 मी. and Pumping main of 90 mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 971 मी.	12.32	9240/-
6	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम धौरासांड (मेन बस्ती, महुकुल टोली, जमटोली एवं केन्दूटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2695 मी. 110mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm713मी., 140mm doa UPVC mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 65 मी.	14.57	10928/-
7	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम धौरासांड (भगतटोली एवं तेलासीटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2062मी. and Pumping main of 90mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 878 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	12.80	9600/-
8	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम खारीबहार (मेन बस्ती एवं कुम्हारटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2215मी. 110mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2131मी. 140mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 181मी. एवं 160mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm47मी.	17.84	13380/-
9	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम खारीबहार (जुनवाईन, बरडीह, मसंगपारा एवं उरौंदाबाडी) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 3118 मी. and Pumping main of 90 mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 588 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	17.72	13290/-
10	विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम बनकोम्बो (मेन बस्ती एवं सारंगडांड रोड) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1189 मी. 110 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 492 मी., 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1128 मी. एव 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 381 मी.	15.37	11528/-
11	विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम बनकोम्बो (सुकबासुपारा, पनभराटोली एवं गिरजापारा) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2112 मी. and Pumping main of 90 mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 865 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	13.02	9765/-
12	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम बारोरनई (मेन बस्ती, बंजारबस्ती एवं उरांवटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1808 मी. 110mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm772 मी., 140mm UPVC pipe class 6kg/sqcm 406 मी. एवं 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 43 मी.	13.49	10118/-
13	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम बारोरनई (किरमापारा एवं गंझूटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2127 मी. and Pumping main 0f 90mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 997 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	13.78	10335/-
14	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम कन्दईबहार (मेन बस्ती) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1109 मी. 110mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm1823 मी., 140mm doa UPVC mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 393 मी.	14.53	10898/-
15	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम कन्दईबहार (चिराटोली, गिरजाटोली एवं इंदिरानगर) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1684 मी. and Pumping main of 90mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm1396 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	13.86	10395/-
16	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम मेन्डरबहार (मेन बस्ती, मरहापारा, नवाटोल एवं दलदली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2502 मी. 110 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 813मी., 140mm dia UPVCpipe class 6kg/sqcm 111 मी.	13.76	10320/-
17	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम मेन्डरबहार (करम, मांझाटोली एवं डूमरटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2493 मी. and Pumping main of 90 mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm1039 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	15.17	11378/-
18	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम खुटगांव, औरीजोर (मेन बस्ती एवं उरांवटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 705 मी. 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1096 मी.एवं 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1370 मी.	17.78	13335/-
19	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम खुटगांव, औरीजोर (औरीजोर, महकुलटोली एवं गिरजाटोली) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1613 मी.एवं 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1420 मी.	16.54	12405/-
20	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम खुटगांव, औरीजोर नलजल प्रदाय योजना Pumping main of 90mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 1446 मी.एवं 02 नग पंप हाउस।	7.19	5393/-
21	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम बिलडेगी (मेन बस्ती, चिंगारापारा, दर्रापारा एवं झुपानपारा) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm1656 मी., 110 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1213 मी., 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1093 मी. एवं 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 55 मी.	17.80	13350/-
22	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम बिलडेगी (कोरबापारा, पटेलपारा एवं दर्रीपारा) नलजल प्रदाय योजनांतर्गत 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 3778 मी.	17.37	13028/-
23	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम बिलडेगी नलजल प्रदाय योजनांतर्गत Pumping main of 90mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 1066 मी.एवं 02 नग पंप हाउस।	5.86	5000/-
24	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम सुखरापारा (मेन बस्ती, तेलीपारा, सरपंचपारा एवं समरथपारा) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm998 मी., 110 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 597 मी., 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1225 मी. एवं 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 131 मी.	16.13	12098/-
25	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम सुखरापारा (सुकबासुपारा एवं कैथलपारा) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1583 मी. and Pumping main of 90 mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 565 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	10.99	8243/-
26	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम पाकरगांव (मेनबस्ती, बैगापारा एवं मुढ़ापारा) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2031 मी., 110 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 315 मी., 140 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 1093 मी. एवं 160 mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 96मी.	17.68	13260/-
27	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम पाकरगांव (गोटियापारा, पनिकापारा एवं टोगरीपारा) नलजल प्रदाय योजना 90mm dia UPVC pipe class 6kg/sqcm 2922 मी. and Pumping main of 90 mm dia UPVC pipe class 10kg/sqcm 984 मी. एवं 02 नग पंप हाउस।	18.33	13748/-
28	विकासखण्ड बगीचा के ग्राम करमा नलजल प्रदाय योजनांतर्गत रायजिंगमेन 90mm dia UPVC ($10kg/sqcm^2$) 462 मी.	2.45	2450/-

टीप :-
निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/ समय दिनांक 17.02.2020 सायं 5.30 बजे तक।
निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रत्येक समूहवार अलग-अलग रु. 750/- होगी।
कार्य पूर्ण करने की अवधि समूहवार अलग अलग 3 माह (वर्षा ऋतु रहित) होगी।
निविदा की वैद्यता Four month from the bid due date of tender
उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि 19.02.2020 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-76627/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जशपुर, छत्तीसगढ़

रतनपुर माघी पूर्णिमा एवं आदिवासी विकास मेला आज से 15 तक

बिलासपुर । रतनपुर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माघी पूर्णिमा एवं आदिवासी विकास मेला का आयोजन 9 से 15 फरवरी 2020 तक किया जायेगा। मेले का उद्घाटन 9 फरवरी को होगा। मेला आयोजन की रूपरेखा बनाने के लिये अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोटा श्री आनंदरूप तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा। स्टॉल के लिये स्थल आबंटन के संबंध में श्री विजय बिसेन मोबाईल नंबर 9893193977 और दीपक निर्मलकर मोबाईल नंबर 7999481946 से संपर्क किया जा सकता है।

उपहार में दी जाने वाली सामग्री की दर हेतु अभिरूचि का प्रस्ताव 22 तक आमंत्रित

बिलासपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु विवाह के अवसर पर उपहार में दी जाने वाली सामग्री की दर हेतु अभिरूचि का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। इच्छुक पंजीकृत प्रदायकर्ता फर्म 500 रूपये का चालान मुख्यशीर्ष 0235 सामाजिक सुरक्षा कल्याण में जमा कर चालान की मूल प्रति जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बिलासपुर में प्रस्तुत कर 22 फरवरी 2020 दोपहर 12 बजे तक अभिरूचि प्रस्ताव का प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त प्रस्तावों को इसी दिन दोपहर 3 बजे क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। उपहार सामग्री की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री की रेडियोवार्ता लोकवाणी आज

बिलासपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 7वीं कड़ी का प्रसारण 9 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से 10.55 बजे तक किया जायेगा। मुख्यमंत्री इस बार ''परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम'' विषय पर आम जनता से रूबरू होंगे। यह प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों एफएम रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुना जायेगा।

निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी हुये भारमुक्त

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के परिणामों की घोषणा के बाद प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता 6 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से समाप्त कर दिया गया है।

कोनी में प्लेसमेंट कैम्प 11 को

बिलासपुर। मॉडल कैरियर सेंटर, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बिलासपुर द्वारा 11 फरवरी 2020 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें YASHASWI GROUP S- NO- 169/1/, OPP& ELORA INTERNATIONL, CHINCHWAD, PENE कुल 370 (महिला आवेदकों के लिए 50 पद आरक्षित) पदों के लिये भर्ती संबंधी कार्यवाही की जाएगी। ऐसे रोजगार के इच्छुक आवेदक-आवेदिका जिन्होंने Diploma/Dgree, Mechanical, Electrical, Electronics & Communicatiion उत्तीर्ण है, समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्रों, फोटो सहित शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कोनी बिलासपुर में शामिल हो सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयीन सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

विशेषज्ञ ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों को सुझाए बचाव के तरीके

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कटघोरा के सामुदायिक भवन में आज हाथी प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को हाथियों के हमले से बचाव के तरीके सिखाए गए। कलेक्टर किरण कौशल की उपस्थिति में सरगुजा से आए हाथी विशेषज्ञ प्रभात कुमार दुबे ने ग्रामीणों को हाथियों के हमले के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों और बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में हाथी प्रभावित पोड़ी उपरोड़ा विकाखण्ड के 32 गांवों के 550 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। वन विभाग और राजस्व विभाग सहित पंचायत के सचिवों ने भी हाथियों द्वारा हमला किए जाने पर की जाने वाली सावधानियों के बारे में जाना। इस कार्यशाला में पचरा, सलिहाभांठा, दमोहकुंडा, मड़ई, बंजारी, मातिन, बनतराई, केशलपुर, बरभांठा, रिंगनिया, चोटिया, पोड़ीखुर्द, बुका, लालपुर, रौंदे, बुचापुर, सरभोका, लम्ना, करगामार, मडोडांड, कुरूभांठा जैसे हाथी प्रभावित गांवो के ग्रामीण शामिल हुए। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसडीएम सूर्यकिरण और ए खलखो सहित वनविभाग के एसडीओ ए के तिवारी व प्रभावित रेंज के वनपरिक्षेत्र अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर किरण कौशल ने हाथियों से बचाव व सुरक्षा के लिए सभी प्रभावित गांवों में बैठक कर 10-10 सक्रिय युवाओं का चयन कर हाथी मित्र दल बनाने के निर्देश वनअमले को दिए।

■ जागरूकता कार्यशाला में हाथी प्रभावित 32 गांवों के 550 से अधिक ग्रामीणों हुए शामिल

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं NEHA HARISH DESAI D/O HARISH DESAI निवासी H.NO-603, CHANDRA PARK, BRIHASPATI BAZAR, BILASPUR (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम NEHA DESAI D/O HARISH DESAI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम NEHA DESAI D/O HARISH DESAI से ही जाना पहचाना जावे।

NEHA DESAI
H.NO- 603, CHANDRA PARK,
BRIHASPATI BAZAR,
BILASPUR (C.G.)

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMANT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MANITARI WATER RESOURCES DIVISIONR, MUNGELI
DISTT. MUNGELI (C.G.)
CORRIGENDEM No.1

The following corrigendum has been issued to Notice inviting Tender No. 08/SAC/2019-20, Dated 31.01.2020 (System Tender No. 60449) CAD & MW WORK IN MANIYARI TANK PROJECT.

S. No.	Particulars	Previous issuse	Amendment
1.	**Bid Start date & time** (The date and time from bidders start preparation/ submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.)	05.02.2020 (Time 17.31)	10.02.2020 (Time 17.31)
2.	**Bid Due date & time** (The last date & time for submission of response, after which no bids can be submiitted.)	19.02.2020 (Time 17.30)	24.02.2020 (Time 17.39)
3.	**Bid Open, Start date & time** (The date of opening of Envelope- A & B online)	20.02.2020 (Time 11.30)	25.02.2020 (11.30)

All other terms and conditions if NIT are remain unchanged.

Advert No. 76525 dt.01.02.2020
G.-76650/8

EXECUTIVE ENGINEER
MANIYARI W.R. DIVISION,
MUNGELI (C.G.)

न्यूज गैलरी

चार किशोरियां लापता, पुलिस कर रही पतासाजी

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी में दो बहनों की लापता होने की खबर आई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफअपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। इधर, पिथौरा थाना क्षेत्र के ठाकुरदिया खुर्द गांव में भी 2 बच्चियों के गुम होने का मामला सामने आया है। बच्चे के परिजनों ने थाने में बताया कि घटना 3 फरवरी की है। सुबह बच्ची के माता-पिता दोनों घर पर नहीं थे। लौटे तो बेटियां गायब थीं। बच्चियों की उम्र क्रमशः 17 व 16 साल है। बच्चियों को गांव में और आसपास के रिश्तेदारों के घर खोजने का प्रयास किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। ठाकुरदिया खुर्द गांव में भी 2 बच्चियों के गुम होने का मामला सामने आया है। पिथौरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों घटनाएं 8 जनवरी की है। आसपास पतासाजी करने और मामले की जांच के बाद पिथौरा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ नामजद अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। जिनके खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है, वे दोनों युवक ओड़िशा के भद्रक के रहने वाले हैं।

अज्ञात ने कार में आग लगाई

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोमा में अज्ञात व्यक्ति ने कार में आग लगा दी। प्रार्थी बसंत सोनी ने खल्लारी थाने में बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। उनके पास कार क्रमांक सीजी 04 एचके 9933 है। 4 फरवरी को उसने शाम अपने घर के पास गाड़ी खड़ी की। 5 फरवरी की रात करीब 1 बजे अज्ञात व्यक्ति ने मेरी कार में आग लगा दी। अलार्म बजने पर उठा और बाहर जाकर देखा तो कार जल रही थी। मैंने आग बुझाने का प्रयास किया और आसपास के लोगों को उठाया। आग पर काबू नहीं पाए जाने पर मैंने 112 को फोन कर घटना की सूचना दी।

विषपान, पांच माह बाद मौत

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक धरमुलाल पटेल पिता बैधनाथ पटेल ने 29 अगस्त को जहर सेवन कर लिया था उन्हे उपचार के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था बुधवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

महिला ने की खुदखुशी

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र के लुकूपाली निवासी जीवन लाल यादव पिता पतिराम यादव (46) ने बुधवार को गांव आलूडबरी स्थित महुआ पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद। सड़क किनारे बिना संकेतक खड़ी पिकअप से टकराने से वाहन चालक की मौत हो गई। बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर नाला के पास इस घटना में धानापाली निवासी छबिलाल भोई अपनी बाइक सीजी 06 जीडी 5695 में भंवरपुर से अपने गृहग्राम जा रहा था। अपरान्ह 3 बजे वह बसना-भंवरपुर नाले के पास पहुंचा था, तभी वह अव्यवस्थित खड़े मालवाहक क्रमांक सीजी 06 जीआर 5678 से टकरा गया। घटना में छबिलाल के सिर पर गंभीर चोट आई और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीआर 5678 के चालक के खिलाफधारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

रास्ता रोककर मारपीट

महासमुंद। पुरानी रंजिश पर युवकों में मारपीट हो गई। खैरा निवासी नोखलाल विश्वकर्मा ने चोपड़ा राइस मिल के पास नयापारा परसदा निवासी आकाश सिंह नेताम से मारपीट की। आकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार को वह सहकारी बैंक से वापस घर भोजन के लिए जा रहा था तभी रास्ते में पुराने विवाद पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

महिला को जान की धमकी

महासमुंद। सांकरा क्षेत्र के बिरेंद्र नगर में युवक ने महिला से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जानकारी के मुताबिक रजनीदास ने सांकरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके मोहल्ले के ही जगदीश तांडी ने मेरी मां के साथ झगड़ा करती हो कहते हुए गाली गलौज की व जान से मारने की धमकी दी।

अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। नाबालिग से अनाचार के मामले में पुलिस ने एक युवक को जेल भेज दिया है। एसडीओपी पुपलेश कुमार ने बताया कि थाना पिथौरा के गत दिनों एक नाबालिग से दैहिक शोषण की शिकायत दर्ज कराई थी। युवक के खिलाफधारा 363, 366, 376 भादव 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। बाद, कसडोल थाना क्षेत्र के धाराशिव निवासी आरोपी रेवा लोधी पिता स्व.श्रीराम लोधी को महाराष्ट्र के नागपुर जिले के नेरी गांव से अपहृता बालिका सहित पकड़ने में सफलता हासिल की।

अधेड़ से मारपीट, गाड़ी से दबाने का प्रयास

महासमुंद। कतार में खड़ी महिला को वोट देने से मना करने वाले युवकों को रोकने की कोशिश करने पर अधेड़ से मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने चार युवकों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। प्रार्थी गौकरण साहू पिता लक्ष्मी साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि तीन फरवरी को मतदान के दौरान गांव की ऐनी बाई साहू वोट देने लाइन में खड़ी थी। इस दौरान योगेश देवांगन, गणेश देवांगन, किशन देवांगन, संतराम देवांगन पहुंचे और एनी बाई को वोट देने से मना करते हुए विवाद करने उतारू हो गए।

एटीएम बदल कर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

- सहयोग के बहाने एटीएम कार्ड बदली कर देते थे घटना को अंजाम
- ग्रामीण क्षेत्रों के एटीएम को करते थे टारगेट

राजनांदगांव। प्रार्थी लिखन राम साहू निवासी कल्लूटटोला थाना छुरिया आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 21.11.2019 को छुरिया के एसबीआई एटीएम में पैसा निकालने गया था, जहां पर अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उसे बातो में उलझा कर एटीएम बदल कर अलग-अलग स्थानों में जाकर कुल 1 लाख 71 हजार रूपये आहरण कर लिया गया है। इसी प्रकार पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में रिर्पोट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी एटीएम में पैसा निकालने गया था जहां पर अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उसे बातों में उलझा कर एटीएम बदल कर अलग-अलग स्थानों में जाकर कुल 40 हजार रूपये आहरण कर लिया गया है। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुये वरिष्ट पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव द्वारा तकनीकी शाखा

एवं थाना प्रभारी छुरिया केपी मरकाम को आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक एसएस शर्मा, मणीशंकर चन्द्रा एवं पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगढ़ चन्द्रेश ठाकुर के मार्गदर्शन में आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। तकनीकी शाखा प्रभारी भोला सिंह राजपूत एवं टीम द्वारा बैंक से स्टेटमेंट प्राप्त कर जहां-जहां एटीएम एवं पेट्रोल पंप से पीओएस के माध्यम से आरोपियों द्वारा रूपये आहरण किये गये थे (खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई, कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया, मुंगेली, नवागढ़, दाढ़ी, बेमेतरा, अहिवारा, बेरला, दुर्ग, भिलाई, रायपुर एवं अन्य स्थानों) जाकर सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किये जिससे आरोपियों एवं वाहन की पहचान हुई जिसके आधार पर आरोपियों के अधिकतर आने-जाने वाले स्थानों पर लगातार निगाह रखी जा रही थी एवं फुटेज से प्राप्त आरोपियों की एवं वाहन की फोटो दिखाकर संभावित स्थानों पर मुखबीर लगाया गया था।

ब्याज का भयावह रूप दिखा संस्कारधानी में

- सूदखोरों के हौसले बुलंद, पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल

राजनांदगांव (नवप्रदेश)। संस्कारधानी कहलाने वाली नगरी जहां की संस्कार, दानवीरता व समाजसेवा किसी न किसी रूप में अपनी पहचान बनाए रखती है। जहां कपड़ों से लेकर चींटियों तक के सेवा करने वाले समाजसेवी सुबह से शाम तक देखे जा सकते हैं। उसी शहर में ब्याज का धंधा छोटे बड़े रूप में चहुं ओर फैला नजर आरहा है। जिसके दुष्परिणाम स्वरूप कई युवाओं की इहलिला समाप्त हो चुकी है, जिसका उदहारण हम सब लोगों ने देखा भी है।

कल इसी शहर में कडक़ड़ाती जानलेवा ठंड के सर्द हवाओं और बारिश के मौसम में जहां लोगों का जीना दूभर हो गया है वहीं कर्ज के बोझ से दबे युवक को ब्याजखोर के गुर्गों ने निर्वस्त्र कर बर्फकी सिल्ली में लिटा अंधाधुध पिटाई की। मौका देख उक्त व्यक्ति नग्न अवस्था में ही शहर के जीई रोड में भागते नजर आया। यह वीडियो सोशल मीडिया में भी खूब वायरल हुआ है, इस वीडियो को बनाने और इसे वायरल करने वाले ने एक ओर इस मामले का खुलासा किया, वही ब्याजखोरों के बुलंद हौसले को भी दिखाया।

संस्कारधानी में तरह-तरह के आंदोलनों को मूर्त रूप देने वाले और समाजसेवा में अपनी अमिट पहचान बनाने वाले आज लोगों की आवाज इस मामले में बुलंद नहीं हो पाना भी शहर में लोगों के मन में सवाल खड़े कर रहा है। बताया यह जा रहा हैं कि पुलिस ने तो महज कार्यवाही के नाम से चिल्हर को ही समेटा है, नोट तो अपने गर्मी से भागने में सफल हुआ है।

सूत्रों ने बताया कि मानव अधिकार आयोग की टीम भी इस मुद्दे पर जांच करने के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों की माने तो यह मामला मानव प्रताडऩा से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस घटना को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग संज्ञान में ले और विवेचना के नजरअंदाज किए गए कई पहलुओं पर रोशनी डालेगा। देखना है कि मामला आने वाले भविष्य में क्या रंग लेता है और इसकी जद में कौन-कौन सपड़ में आते हैं। यह मामला राजनांदगांव जिले को कलंकित करने के लिए काफी है। प्रदेश के राजधानी में भी इस मामले की चर्चा सरगम है। पुलिस आखिर बर्फकी सिल्ली, कैद किए गए कमरे को सील क्यों नहीं कर पाई। निर्वस्त्र दौडऩे का मामला यूं ही शांत नहीं होगा, पिछड़ा वर्ग के कई संगठन भी अब इस मामले को लेकर भूमिका तय करने में लगे हुए हैं।

डंडा मारने के बयान पर भाजपाइयों ने फूंका राहुल का पुतला

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को युवाओं द्वारा डंडा मारने के बयान से आहत भाजपाजनों ने शुक्रवार को राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा कार्यालय में जुटे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री के खिलाफकी गई टिप्पणी को अशोभनीय व अत्यंत निंदनीय बताया और बरोंडा चौक में राहुल गांधी का पुतला जलाते हुए और उनकी टिप्पणी को देश की जनता का अपमान करार दिया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, कार्यक्रम संयोजक प्रशांत श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, प्रेम चंद्राकर, राजू बाघमारे, पार्षद रिंकू चंद्राकर, हफीज खान, मोहन मदनकार, विद्याचरण चौधरी, मूलचंद साहू, दुबे लाल साहू, अरुण साहू, सोनाधर सोनवानी, नंदू जलक्षत्री, जतिन रूपरेला, स्वजल शर्मा, इरफान भाई, इरफान भाटी, सुलेमान भाई, गोपाल सोना, आदित्य जैन, कुशाल ठाकुर, विक्की चंद्राकर, नरेश, राज साहू सहित सैकड़ों युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

276 वोट से जीतने की थी घोषणा, दोबारा टेबुलेशन से जीत का अंतर आया 28

महासमुंद। पंचायत चुनाव के तहत गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य पदों के मतों का टेबुलेशन और परिणाम की घोषणा हुई। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-02 से अमर अरुण चंद्राकर को निर्वाचित घोषित किए जाने के बाद पराजित प्रत्याशी अशवंत तुषार साहू और उनके समर्थकों ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि प्रत्याशियों को मिले वोट में हेर-फेर किया गया है। एक के वोट दूसरे प्रत्याशी के खाते में जोड़े गए हैं। अशंवत के समर्थकों की भीड़ बढ़ती गई और भारी नारेबाजी होती रही। जब दोबारा टेबुलेशन किया गया तो भी अमर अरुण चंद्राकर ही जीते, लेकिन केवल 28 वोट से। पहले उनके 276 वोट से जीतने की घोषणा की गई थी। लेकिन अशवंत तुषार की आपत्ति काफी हद तक सही थी। पहले बताया गया था कि उन्हें 11193 वोट मिले, बाद में पता चला कि 11441 वोट मिले थे।

तालाब में सफाई का जायजा

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के दिशानिर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के सभापति राजेन्द्र चंद्राकर ने गुरुवार को वार्ड 15 स्थित महामाया तालाब की सफाई का जायजा लिया। सभापति चंद्राकर ने तालाब के आसपास से ट्रैक्टर भर मलमा निकाल कर सफाई करवाया। चंद्राकर ने कहा कि महामाया तालाब धार्मिक आस्था से जुड़ा है, इसलिए तालाब किनारे गंदगी नहीं होनी चाहिए।

धान खरीदी की तारीख बढ़ाने भाजपा ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया

राजनांदगांव। जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मधुसूदन यादव के नेतृत्व में भाजपा किसान मोर्चा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें राज्य शासन द्वारा धान खरीदी के लिये निर्धारित तिथि 15 फरवरी को आगे बढ़ाये जाने की मांग की गयी। जिला भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार राज्यपाल को दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि इस वर्ष धान खरीदी के लिये बनाये गये नियमों में बार-बार परिवर्तन किया गया समय-समय पर सरकार ने बारदाने उपलब्ध नहीं कराये, उचित परिवहन की व्यवस्था भी नहीं हो पायी एवं मौसम की प्रतिकुलता भी रही इसके चलते चार लाख से अधिक पंजीकृत किसान अभी तक धान नहीं बेच पाये हैं। साथ ही साथ अभी भी किसानों के पास 25 लाख टन धान बचेना शेष बचा है। धान की मात्रा को देखते हुये सरकार द्वारा निर्धारित 15 फरवरी की तिथी तक कार्य हो पाना संभव नहीं है। अतएव धान खरीदी की अवधि कम से कम 15 दिन और बढ़ाया जाना नितांत आवश्यक है, ताकि किसानों को राहत मिले और वे अपना धान बेच पायें। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, मूलचंद लोधी, दादूराम सोनकर, जयपाल सिन्हा, मेघनाथ वर्मा, राजू वर्मा, बिसेसर वर्मा, शिव वर्मा, रवि सिन्हा, योगेश खत्री, संजय लोहिया, रघुवीर वाधवा, कुशल वर्मा, तेजलाल वर्मा, उत्तम साहू, दिनेश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता सहिंत अन्य अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नयापारा में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ, मिलेगी राहत

- विधायक ने की बाउंड्रीवॉल के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा

महासमुंद। स्थानीय वार्ड नौ नयापारा में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शुक्रवार को विधायक विनोद चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर ने कहा कि नयापारा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता थी। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से यहां के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध होगी। विधायक चंद्राकर ने कहा अब स्मार्ट कार्ड की जरूरत नहीं है। बीपीएल राशन कार्ड से पांच लाख रुपये, और एपीएल कार्ड से 50 हजार रुपये तक का इलाज मिलेगा। विधायक चंद्राकर ने कहा छत्तीसगढ़ में 40 प्रतिशत महिलाएं कुपोषित हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण की शुरुआत की है। विधायक ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड ब्वॉय की नियुक्ति करने जा रही है।

गौठान गांवों में किसानों के हित में बहुउद्देशीय गतिविधियां शुरू

राजनांदगांव। गांवों के परंपरागत गौठानों से गोबर इक्कठा कर पुराने तरीके से खाद बनाने और कंडे बनाने में उपयोग किया जाता है। राज्य सरकार की नई महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत विकसित गौठानों और गौठान गांवों में किसानों की भलाई के लिए मल्टी एक्टिविटी गतिविधियां शुरू हो गई है। गौठानों में अब किसान समूहों द्वारा उन्नत तरीके से खाद तैयार करने का काम किया जा रहा है। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट खाद और नाडेप खाद तैयार कर किसान समूहों को लाभान्वित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के माध्यम से गौठान गांवों में किसान समूहों को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाया जा रहे हैं। जिसमें मशरूम उत्पादक समूह, मखाना फसल उत्पादन, बीज उत्पादक समूह एवं ट्रायकोडर्मा उत्पादक समूह शामिल हैं। आदर्श गौठान ग्रामों में मशरूम उत्पादन करने वाले किसान समूह तैयार कर मशरूम उत्पादन एवं विपणन संबंधी प्रशिक्षण कृषि विभाग द्वारा दिया जा रहा है। मशरूम के विपणन के लिए सभी तैयारियां की जा चुकी है। जिसका मुख्य उद्देश्य महिला किसानों को आर्थिक रूप से लाभ पहुंचाना है।

बीजेपी के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य गोविंद साहू और पूर्व सरपंच चमन लाल साहू ने थामा कांग्रेस का हाथ

नवप्रदेश संवाददाता

आरंग। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया के समक्ष आज यहां उनके निवास कार्यालय में निवृतमान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कुसुमलता फत्ते साहू और नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता साहू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के गोविंद साहू और चमन लाल साहू ने कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए है। गोविंद साहू

आरंग विकासखंड ,के क्षेत्र क्रमांक-5 से जनपद सदस्य निर्वाचित हुए है, वही चमन लाल साहू ग्राम पंचायत बाना के पूर्व सरपंच है। गोविंद साहू और चमन साहू ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करने के वाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नगरी प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया जी कुशल नेतृत्व, सरल, सहज व्यवहार, उनके कार्यशैली को देखते हुए कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश भघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सहकारी समिति पलौद के अध्यक्ष कैलाश साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य माखनलाल कुर्रे, दुर्गा राय उपस्थित थी।

सीजीपीएससी राजनांदगांव के 13 परीक्षा केंद्रों आयोजित होने वाली परीक्षा में होंगे शामिल

आज 5 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे अधिकारी बनने

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2019 का आयोजन रविवार 9 फरवरी को दो पालियों में किया जा रहा है। परीक्षा के लिए राजनांदगांव शहर में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी पीएससी श्रीमती लता उर्वशा से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, शासकीय कमला देवी महाविद्यालय, शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,

महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रॉयल किड्स कान्वेंट लालबाग, श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनुपम नगर, वेसलियन इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक स्कूल एवं जेएलएम गायत्री विद्यापीठ केसर नगर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

परीक्षा की प्रथम पाली का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में अधिकारियों और परीक्षार्थियों को मोबाईल या अन्य किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री के साथ प्रवेश करना प्रतिबंधित है। अभ्यर्थी परीक्षा अवधि के डेढ़ घंटा की समाप्ति के बाद ही परीक्षा कक्ष छोड़ सकते हैं, लेकिन उन्हें प्रश्न पत्र साथ ले जाने की सुविधा नहीं होगी। अभ्यर्थी परीक्षा समाप्ति के बाद प्रश्न पत्र अपने साथ ले जा सकेंगे। राजनांदगांव में स्थापित परीक्षा केन्द्रों में अन्य राज्य, अन्य जिले कवर्धा, बालोद तथा जिले के दूरस्थ अंचलों मानपुर, मोहला, छुईखदान आदि के अभ्यर्थी भी सम्मिलित होंगे।

न्यूज गैलरी

85 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे भूमि पूजन एवं लोकार्पण

कांकेर। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल भानुप्रतापपुर में 07 फरवरी से आयोजित 'लयांग-लयोर करसाना पण्डुम' जिला स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में 09 फरवरी को शामिल होंगे। वे दोपहर 01.40 बजे पाटन जिला दुर्ग से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर 02.15 बजे भानुप्रतापपुर पहुचेंगे तथा 'लयांग-लयोर करसाना पण्डुम' कार्यक्रम में शामिल होंगे, तत्पश्चात वे 04.10 बजे भानुप्रतापपुर से राजिम जिला गरियाबंद के लिए प्रस्थान करेंगे। 'लयांग-लयोर करसाना पण्डुम' अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 79 करोड़ 64 लाख 04 हजार रूपये के 202 कार्यों का भूमि पूजन एवं 05 करोड़ 36 लाख 99 हजार रूपये के 02 कार्यों को लोकार्पण भी किया जायेगा, साथ ही 02 हजार 202 हितग्राहियों को 11 लाख 89 हजार रूपये के विभिन्न सामग्रियों का वितरण भी किया जायेगा।

बलौदा के पास यात्रियों से भरी बस पलटी, 15 यात्री घायल

जांजगीर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के बलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह एक यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई । इस हादसे में 4 लोगों को चोट आई है बस में 15 से ज्यादा लोग सवार थे। नरेंद्र ट्रेवल्स की बस, बलौदा से चाम्पा जा रही थी, जो पोंच गांव के पास सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई घायलों को बलौदा अस्पताल भेजा गया है, जहां घायलों का इलाज चल रहा है. मामले में आरोपी बस ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

12 नक्सल जनमिलिशिया सदस्यों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। जिले के कोंटा थाना अनर्गत इंजरम में दर्जन भर नक्सलियों ने सीआरपीएफ 219 वाहिनी कमान्डेंट अनिल कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले सभी 12 नक्सली जनमिलिशिया सदस्य हैं। पुलिस सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन नक्सलियों ने सरेंडर किया है। ये सभी नक्सली जनमिलिशिया सदस्य भेज्जी इलाके में सक्रिय थे।

नक्सलियों ने लगाए बैनर व पोस्टर

दंतेवाड़ा । जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में स्थित मित्तल कंपनी और एनएमडीसी स्क्रीनिंग प्लांट के मध्य में नक्सलियों ने बैनर व पोस्टर लगाए है। वही, इन पोस्टर में नक्सली लीडर रंमन्ना की याद को जिंदा रखने जैसी बाते लिखी गई है। नक्सलियों के इस कृत्य से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। ज्ञात हो कि नक्सली 04 से 10 फरवरी तक भूमकाल दिवस मनाने की घोषणा पहले ही कर चुके है लेकिन एक बार फिर लोगो को याद दिलाने व दहशत का माहौल व्याप्त करने के लिए नक्सली पर्चे फेकें गए है।

पोषण पुनर्वास केन्द्र से कुपोषित बच्चों की सेहत में सुधार

- सुपोषित होकर नई मुस्कान के साथ जा रहे हैं अपने घर
- जिले के 845 बच्चे हुए लाभान्वित

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को नया जीवन मिल रहा है, ऐसे बच्चें जो गंभीर कुपोषित होते हैं उन्हें स्वास्थ्य केन्द्रों में जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती किया जाता है तथा उनका ईलाज एवं खान-पान का ध्यान रखा जाता है। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में अब तक 845 बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिली है।

कलेक्टर श्री के.एल. चैहान के मार्गदर्शन में जिले के कांकेर, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ और पखांजूर के अस्पतालों में पोषण पुनर्वास केन्द्र का सफल संचालन किया जा रहा है। अंतागढ़ तहसील के ग्राम कौड़ो खसगांव निवासी रंजीता नुरेटी बताती है कि जब मेरी बेटी लिशा नुरेटी कमजोर हो गई थी, तब गांव के पटेलपारा आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यकर्ता ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में अपने बच्चें को भर्ती करने की सलाह देते हुए बताया कि इससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होती है, साथ ही अस्पताल में 15 दिवस भर्ती रहने पर क्षतिपूर्ति के रूप में प्रतिदिन 150 रूपये के मान से 2250 रूपये का मानदेय प्रदान किया जाता है, साथ ही बच्चे की माता को बच्चे की देखभाल करने के लिए विशेष प्रशिक्षण व खान-पान के संबंध में जानकारी दिया जाता है। यह सुनकर रंजीता नुरेटी बेहद खुश हुई और दूसरे ही दिन अपने अपनी बेटी लिशा को पोषण पुनर्वास केन्द्र अंतागढ़ में भर्ती कराया, उस समय बेटी लिशा का वजन 6 किलो 40 ग्राम था। पोषण पुनर्वास केन्द्र में 15 दिन भर्ती रहने के बाद कुमारी लिशा नुरेटी का पुनः वजन कराया गया, तो उसका वनज बढ़कर 07 किलो 70 ग्राम हो गया और बच्ची स्वस्थ्य भी हो गई।

अपनी बच्ची के सेहत में सुधार होने से प्रफुल्लित रंजीता नुरेटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार ग्राम ताड़ोकी के श्रीमती पुनीता बघेल को अपने कुपोषित बच्चे अक्ष बघेल को पोषण पुनर्वास केन्द्र अंतागढ़ में भर्ती करने की सलाह उसके गांव के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दी गई तथा वहाँ भर्ती होने के फायदे से अवगत कराया गया, उनकी सलाह पर पुनिता बघेल ने अपने पुत्र अक्ष बघेल को पोषण पुनर्वास केन्द्र अंतागढ़ में भर्ती कराया, उस समय उसका वजन 06 किलोग्राम था, अंतागढ़ के पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती होने के बाद अक्ष बघेल का देखरेख के साथ ईलाज भी होने लगा, जिसके फलस्वरूप उसके सेहत में सुधार हुआ तथा 15 दिवस के बाद उनका वजन बढ़कर 07 किलोग्राम हो गया। पोषण पुनर्वास केन्द्र से सुपोषित हुए अपने बच्चे को देखकर पुनीता बघेल बेहद खुश हुई और वे भी आसपास के सभी कुपोषित बच्चों के माताओं को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भेजने के लिए प्रोत्साहित करने लगी। कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र वरदान साबित हो रहा है।

ब्रह्माकुमारीज द्वारा विद्यार्थियों को मन को एकाग्र करने कि विधि सिखायी गई

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। ब्रम्हाकुमारीज कांकेर कि मुख्यसंचालिका रामा दीदी द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नारा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागोडार दोनों स्थानों पर विद्यार्थियों को अपने अंदर परीक्षा के डर को कैसे भगाए तनाव मुक्त कैसे रहे मन को कैसे एकाग्र करें अपने स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं मन को व्यर्थ से कैसे मुक्त रखें मन को कैसे शांत रखें इसकी जानकारी दी गई और प्रैक्टिकल में मेडिटेशन द्वारा एकाग्रता और शांति का अनुभव कराया गया दोनों स्थानों पर अलग अलग प्रोग्राम रखा गया इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नारा में विद्यार्थियों के साथ प्रधानाध्यापक जवाहर सिंह ठाकुर शिक्षिका कंचन साहू शिक्षक सुंदरलाल नेताम और विक्रम वासनिक उपस्थित थे । तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागोडार में अपने विद्यार्थियों के साथ प्रभारी प्राचार्य अनंतराम

कलीहारी, व्याख्याता उर्मिला चुरेन्द्र,उर्वशी तारम और ,साहायक शिक्षक मनोज साहू उपस्थित थे, बी के रामा दीदी के साथ संस्था से रोशनी सिन्हा भी उपस्थित थी । सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही ध्यान से सुना और एकाग्रता शांति का अनुभव किया।

400 लीटर डीजल चोरी, आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। गेवरा के खदान क्षेत्रो में डीजल चोरो का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है. इलाके में सक्रिय इन संगठित चोरो के गिरोह को न ही सीआईएसएफ के सशस्त्र जवानों का खौफ है और न ही स्थानीय पुलिस के द्वारा पकडे जाने का. ये चोर अपनी कारगुजारियों को कितने जतन के साथ अंजाम देते हैं इसकी मिशाल कल देर रात तब देखने को मिली जब मुखबिर की सूचना पर मौके के लिए रवाना हुए कुसमुंडा पुलिस स्टाफ का आमना-सामना डीजल पार करने पहुंचे चोरो से हुआ. चोरो के इस अनोखे जुगाड़ को देखकर पुलिस भी हैरत में पड़ गई.

दरअसल खदान क्षेत्र में गश्ती के दौरान पुलिसकर्मियों को एक मिनी पिकअप टैंकर नजर आया. पहले तो पुलिस को लगा यहां टैंकर विभागीय कार्य मे नियोजित होगा लेकिन जब वे उनसे पूछताछ के लिए आगे बढ़े तो मिनी टैंकर में सवार एक शख्स मौके से फरार हो गया. पुलिस को समझने में देर नही लगी कि ये सभी डीजल चोरो की तैयारी है. उन्होंने ड्राइवर को हिरासत में लेकर टैंकर को बरामद किया और थाने पहुंचे.यहां जांच में उन्हें टैंकर के भीतर चोरी गया 400 लीटर डीजल भी बरामद हुआ.

इस तरह महज चोरी के लिए मिनी टैंकर लेकर निकलने की चोरो की तैयारी देखकर पुलिस भी हैरान है. वही जो शख्स फरार हुआ है वह उक्त वाहन का मालिक बताया जा रहा है जो लंबे वक्त से इस तरह के चोरी में लिप्त रहा है. पुलिस दोनों के विरुद्ध मामला कायम करने में जुटी हुई है. पुलिस के पकड़ में आया ड्राइवर गेवरा बस्ती का रहें वाला अजय श्रीवास है जबकि इस गिरोह का मास्टरमाइंड कुख्यात हीरा पटेल है जिसकी तलाश कुसमुंडा पुलिस सरगर्मी से कर रही है. गौरतलब है की कुसमुंडा पुलिस की गश्त की वजह से कुछ हद तक इस तरह के वारदातों पर लगाम देखने को मिली है. इसी का नतीजा है की पुलिस की सक्रियता ने चोरो के मंसूबे पर पानी फेर दिया।

उतरदा क्लस्टर में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

कोरबा। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतरदा में क्लस्टर स्तरीय पहेली, पोस्टर, रंगोली, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक श्री राकेश टंडन के मार्गदर्शन एवं संस्था के प्राचार्य श्रीमती रामा उमा निधि के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरभद्रसिंह पैकरा प्राचार्य शासकीय उ. माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं को शासन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्था के प्राचार्य श्रीमती रामा उमा निधि ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को कोशिश करना चाहिए कि इस तरह के प्रतियोगिता में भाग ले इससे हमारा मानसिक तथा नैतिक विकास होता है।

पढ़ाई के साथ खेलकूद आवश्यक : मनोज मण्डावी

- आगामी जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। ''लयांग-लयोर करसाना पण्डुम'' जिला स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रीड़ा प्रति योगिता शुक्रवार से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर के खेल मैदान में शुरू हो गया है। तीन दिवसीय इस क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक श्री मनोज सिंह

मण्डावी थे, अध्यक्षता कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शिशुपाल शोरी द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अनूप नाग, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष श्री सुनील बबला पाढ़ी और समाज सेवी विरेन्द्र ठाकुर मौजूद थे। ''लयांग-लयोर करसाना पण्डुम'' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मनोज सिंह मण्डावी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक है। देश-विदेश के विख्यात खेल विभूतियों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि खेल में भी भविष्य उज्जवल है। खेल से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास तो होता ही है, इस दौरान हम अपना दुःख, पीड़ा भी भूल जाते हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी क्षेत्र छोटा या बड़ा नहीं होता, प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति के अवसर प्राप्त होते हैं।

सीएम बघेल का नारायणपुर दौरा हुआ निरस्त

नारायणपुर। खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नारायणपुर दौरा निरस्त हो गया है। मुख्यमंत्री नारायणपुर जिले के ग्राम बासिंग में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2020 के समापन समारोह में शामिल होना था। नारायणपुर जिले के विकास के लिए 261 करोड़ 62 लाख रूपए की लागत के 79 कार्यों का लोकार्पण करने वाले थे। श्री बघेल इनमें से 162 करोड़ 36 लाख रूपए की लागत के 46 कार्यों का लोकार्पण और 99 करोड़ 26 लाख रूपए की लागत के 33 कार्यों का भूमिपूजन का कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री जिन कार्यों का लोकार्पण करने वाले थे उनमें 74 करोड़ 90 लाख रूपए की लागत से नेलवाड़ में निर्मित 220 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र, 3 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत से किया गया है।

क्षेत्र क्र. 9 के चुनाव में धांधली का आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। शिवसेना प्रदेश महासचिव चन्द्रमौली मिश्र ने कहा है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में हुये त्रिस्तरीय पचांयत के चुनाव में सरकारी मशीनरी से मिलीभगत कर प्रदेश में सत्ता में बैठी कांग्रेस पार्टी द्वारा व्यापक पैमाने पर मतपत्रों से छेड़छाड़ कर परिणामों को प्रभावित कर कांग्रेसी सदस्यों के पक्ष में परिणामों को उलटफेर किया गया है। कई जगहों पर पराजित प्रत्याशी को मिले मतों से छेड़छाड़ कर उन्हें निरस्त कर दिया गया, कई जगहों पर मतदान स्थल पर गिनती के समय मतगणना एजेन्टों को मतगणना स्थल से बाहर कर परिणाम में फेरबदल किया गया है। विदित हो कि कांकेर जिला में भी सरकारी मिशनरियों द्वारा जिला पंचायत के सदस्यों हेतु हुये चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 09 में चुनाव को प्रभावित करने हेतु व्यापक पैमाने पर धांधली किया गया है एवं धांधली कर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को प्रशासन द्वारा विजयी बनवाया गया है। जिसके जांच एवं पुर्नगणना कि मांग हेतु जिला पंचायत कांकेर के क्षेत्र क्रमांक 09 कि प्रत्याशी नर्मदा परमेन्द्र नायक द्वारा चुनाव अधिकारी दुर्गूकोन्दल को शिकायत सौंपा गया है। अगर चुनाव अधिकारी द्वारा उचित कार्यवाही नही किया जाता है तो शिवसेना न्यायालय का दरवाजा खटखटाऐगी।

पैराडाईज स्कूल में ग्रीन डे मनाई गई

कांकेर। विश्व में व्याप्त विभिन्न प्राकृतिक वाधियों एवं कठिनाईयों को दूर करने के लिए तथा पशु पक्षियों के प्रति दया एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं सजग होने के उद्देश्य से पैराडाईज स्कूल के प्रायमरी क्लास टू के बच्चों द्वारा ग्रीन डे का आयोजन किया गया। विष्व में फैल रहे माहमारी के प्रति सजगता को प्रदर्षित करने हेतु बच्चों ने ग्रीन ड्रेस पहनकर अपनी कक्षा में उपस्थित हुए एवं विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों को स्कूल प्रागंण में रोपित कर उसमें पानी एवं खाद् डालकर उन्हें विकसित करने का संकल्प लिया । इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों ने संदेश दिया कि शाकाहार के क्या फायदे है एवं मांशाहार से क्या नुकसान है तथा पशु पक्षियों के प्रति प्रेम एवं दया प्रदर्शित कर पर्यावरण संतुलन को और बेहत्तर बनाया जा सकता है । स्वच्छता एवं पेड़ पौधों के प्रति प्रेम तथा षाकाहार अपनाकर पर्यावरण संतुलन में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकते हैं । ग्रीन डे कार्यक्रम में पर्यावरण गीत, 'वृक्ष ना होते तो' गाकर पौधे लगाने एवं पेड़ ना काटने का संदेश दिया ।

उर्जाधानी भूविस्थापित कल्याण समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। उर्जाधानी भुविस्थापित कल्याण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संपूरन कुलदीप के नेतृत्व में कलेक्टर को संबोधित और छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री ,प्रभारी मंत्री,राजस्व पुनर्वास मंत्री, और अन्य अधिकारियों के नाम अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अपर कलेक्टर कोरबा प्रियंका महोबिया से मुलाकात कर 6 सूत्री मांग पत्र सौंप कर निराकरण करने की मांग की है। उर्जाधानी भूविस्थापित कल्याण संघ के अध्यक्ष संपूरन

कुलदीप ने बताया कि जिले में जिला खनिज न्यास राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है और फाउंडेशन की गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है।

मैराथन दौड़ | केन्या के साइमन रहे दूसरे स्थान पर, दल्लीराजहरा के रामनारायण ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

हजारों धावकों को पीछे छोड़ मेघालय के शंकर मान थापा ने बाजी मारी

- महिला वर्ग में केन्या की एलीसा रही अव्वल, पूर्व विजेता डिंपल रही दूसरे स्थान पर
- मंत्री कवासी लखमा विजेताओं को किया पुरस्कृत

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ग्राम बासिंग, ओरछा विकासखंड के अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विजयी धावकों को पुरस्कार वितरण किया। ''अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन'' दौड़ में हजारों धावकों ने दौड़ लगायी, जिसमें पुरूष वर्ग में मेघालय के शंकर मानथापा ने 1 घंटा 2 मिनट में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं देश केन्या के साइमन ने 1 घंटे 5 मिनट 20 सेकेण्ड में पूरी कर दूसरे स्थान पर रहे। छत्तीसगढ़ के दल्लीराजहरा के श्री रामनारायण ने 1 घंटा 8 मिनट 7 सेकण्ड में दौड़ पूरी कर तीसरे स्थान पर रहे । वही महिला वर्ग में केन्या देश की एलीसा ने 1 घंटा 11 मिनट 22 सेकेन्ड में दौड़ पूरी कर पहले स्थान पर रही। वहीं दूसरे स्थान

पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की डिम्पल ने बाजी मारी। तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश की रेनू ने प्राप्त किया। इन्होंने दौड़ 1 घंटा 17 मिनट में पूरी की। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। और मैराथन आयोजन के उदेश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद बस्तर श्री दीपक बैज, विधायक कोण्डागांव श्री मोहन मरकाम, विधायक नारायणपुर श्री चंदन कश्यप नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी सहित संगठन पदाधिकारी श्री रजनू नेताम मौजूद रहे ।

पहले स्थान विजेताओं को मैडल और 1 लाख 61 हजार रूपए की नकद राशि से नवाजा गया। वही द्वितीय स्थान को 61 हजार रूपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 31 हजार रूपए की नकद राशि और मैडल से पुरस्कृत किया गया। मैराथन दौड में 10 स्थान प्राप्त करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया । इसके साथ ही नारायणपुर जिले और ओरछा विकास खंड के 10 पुरूष वर्ग और 10 महिला वर्ग को भी मैडल और 10-10 हजार रूपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMED AMIN S/O HAROON निवासी H NO 760 WARD NO 05 SINGODITARAI NARAYANPUR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MOHAMMED AMEEN S/O HAROON रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMED AMEEN S/O HAROON से ही जाना पहचाना जावे।

MOHAMMED AMEEN
H NO 760 WARD NO 05
SINGODITARAI NARAYANPUR
(C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं AYSHA BANO W/O MOHAMMED AMEEN निवासी H NO 760 WARD NO 05 SINGODITARAI NARAYANPUR (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम AYESHA BANO W/O MOHAMMED AMEEN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम AYESHA BANO W/O MOHAMMED AMEEN से ही जाना पहचाना जावे।

AYESHA BANO
H NO 760 WARD NO 05
SINGODITARAI NARAYANPUR
(C.G.)

झाड़ फूंक कराने आए युवक ने बैगा परिवार पर किया हमला, एक की मौत, दो की हालत गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिले के बांदे थाना क्षेत्र के पाड़ेंगा गांव में बैगा के पास झाड़ फूंक्र कराने आए एक युवक ने सब्बल से उसके परिवार पर तबाड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि दूसरी युवती और बैगा गंभीर रूप से घायल है।जिनका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है।दरअसल भूमकाम के निवासी आरोपी संतु उसेण्डी की दिमागी हालत ठीक नहीं है।जिस वजह से उसका झाड़ फूंक्र कराने परिजन बैगा के पास ले गए थे।इसी दौरान उसने पीछे से बैगा के सर पर सब्बल से हमला कर दिया. बीच बचाव करने आई युवतियों पर भी आरोपी ने वार कर दिया। घटना के बाद गांव वालों ने आरोपी युवक को पकड़ कर बाँध दिया था। और पुलिस को सूचना देकर आरोपी को पुलिस के हवाले किया गया है। बताया जा रहा हैं की इस हमले में युवती ललिता नरेटी की मौत हो गई हैं। बैगा चैतू राम नरेटी और युवती सोमा नरेटी घायल है।उनका इलाज जारी है। घटना के बाद ग्रामीण आरोपी को रस्सी से बांधकर रखे हुए थे और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर रही है।

68 छात्राओं ने किया 204 बार सूर्यनमस्कार

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली आज 8 फरवरी को राष्ट्र सेवा समिति द्वारा माध्यमिक कन्या विद्यालय मे श्रीमती प्रमिला वर्मा ने योग साधना और सूर्य नमस्कार करवाया जिसमे 68 छात्राओं ने 204 बार सूर्यनमस्कार किया इस आयोजन में कला ठाकुर मैडम और पुरे स्टॉफ का सहयोग रहा। आपको बता दे की बुद्ध पूर्णिमा तक विभिन्न स्थानों में राष्ट्र सेवा समिति द्वारा सूर्यनमस्कार करवाया जा रहा है।

सूर्य नमस्कार के मंत्र : सूर्य नमस्कार का अर्थ है सूरज को अर्पन या नमस्कार करना। सूर्य नमस्कार से रोजाना दिन की शुरूआत करने पर आपका तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। इसे करते समय सूरज की किरणों का सीधा प्रभाव शरीर पर पड़ने से आपके कई रोग भी दूर हो जाते हैं। इसके अलावा सभी योगासनों से सर्वश्रेष्ठ माना गया सूर्य नमस्कार करने से शरीर को उचित मात्रा में विटामिन डी मिलता है, जिससे कि आप मानसिक तनाव और मोटापा जैसी समस्या को भी दूर कर सकते हैं। रोज 5-10 मिनट सूर्य नमस्कार करने के बाद आपको कोई आसन करने की भी आवश्यकता नहीं होगी। तो चलिए जानते है रोजाना सूर्य नमस्कार करने से आप निरोग और स्वस्थ रह सकते है.ध्यान रहे कि सूर्य नमस्कार किसी योगाचार्य या किसी विशेषज्ञ की देख रेख में करना चाहिए। एक जानकारी के मुताबिक समय और धीमी गति से करें। एक स्थिति में सांस सामान्य होने के बाद ही दूसरी स्थिति शुरू करें। कोमल, अधिक गद्देदार मैट या बिस्तर पर यह आसन न करें। इससे आपकी रीढ़ की हड्डी में बल पड़ सकता है। इसके अलावा स्लिप डिस्क और हाई ब्लड प्रैशर के मरीजों को भी यह योग नहीं करना चाहिए।

सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। 7 फरवरी को जिला बीजापुर के धुरनक्सल प्रभावित ब्लॉक उसूर अन्तर्गत स्थित 229 वी वाहिनी सी.आर.पी.एफ द्वारा सिविक एक्षन प्रोग्राम 2019-2020 का आयोजन किया गया जिसके तहत मेडीकल कैम्प लगाया गया जिसमे ग्राम पंचायत चरकडोडी एवं नुकनपाल के सभी ग्रामीणो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी बीमारियो की जॉच करायी इस कार्याक्रम मे दूरस्थ गॉव चरकडोडी, पैंकरम, दुगईगुडा, पुन्नूर एवं धारावरम से आये मरीजो ने भी अपनी स्वास्थ्य जॉच कराई। इस अवसर पर श्री विवके भन्द्राल कमाण्डेन्ट-229 वी वाहिनी सी.आर.पी.एफ श्री पेम माकन उप कमाण्डेन्ट, श्री दिलावर सिंह उप कमाण्डेन्ट, चिकित्सा अधिकारी डा0 बेन्जामिन सेब, चिकित्सा अकिारी डा0 उदय कुमार, 85 बटालियन सी.आर.पी.एफ श्री लवकुष कुमार कनौजिया, सहायक कमाण्डेन्ट, निरिक्षक/जीडी मनीश सिंह कुषवाह, निरिक्षक/जीडी कुमार पुरूशोत्तम सहित गॉव के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा आज

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 09 फरवरी को रविवार को आयोजित किया जाएगा। परीक्षा दो पाली में होगी, प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कांकेर जिला मुख्यालय में 10 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिनमें 3 हजार 225 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर श्री के.एल. चैहान एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा जिला मुख्यालय के सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बिना प्रवेश पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में प्रवेश करने न दिया जाये। उन्होंने सभी केन्द्राध्यक्षों को अपने संस्थाओं में बिजली, पानी व अन्य व्यवस्था सुनिश्चित

■ प्रवेश हेतु पहचान पत्र आवश्यक

करने के निर्देश भी दिए। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर श्री सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य को नोडल अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी अर्जुन लाल मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के लिए कांकेर शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें से शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 665 परीक्षार्थी, शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय भीरावाही रोड अलबेलापारा में 300 परीक्षार्थी, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर में 300 परीक्षार्थी, शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 260 परीक्षार्थी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कांकेर में 200 परीक्षार्थी, महर्षि दयानंद आंग्लवैदिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 450 परीक्षार्थी, कन्या हायर सेकेण्डरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शीतलापारा में 200 परीक्षार्थी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांझापारा सिनेमा चैक में 200 परीक्षार्थी, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लट्टीपारा में 400 परीक्षार्थी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारभाट में 250 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 को

बीजापुर। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बीजापुर द्वारा कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर जिला बीजापुर में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु परीक्षा 23 फरवरी 2020 दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक जिला मुख्यालय के कन्या शिक्षा परिसर जी.ए.डी कालोनी बीजापुर में आयोजित है। परीक्षा में जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्राएं जो कक्षा पांचवी में अध्ययनरत है वो मान्य होगें। आवेदन अपने विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय अथवा कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है एवं भरे हुए फार्म दिनांक 20 फरवरी 2020 तक अपने विकासखण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत डाक या स्वयं जाकर जमा कर सकते है। निर्धारित सयमावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

नगर पालिका में भूमि स्वामी का हक प्रदान करने आयोजित होंगे शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर पालिका मुंगेली में भूमि के आबंटन, व्यवस्था, पट्टों का नवीनीकरण तथा भूमि स्वामी का हक प्रदान करने के संबंध में शिविर आयोजित किये जायेंगे। इस हेतु तिथि निर्धारित की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं नजूल अधिकारी श्री आरके तम्बोली ने बताया कि निर्धारित तिथि के अनुसार 12 फरवरी को सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली में रामगोपाल तिवारी वार्ड क्रमांक 01, सरदार पटेल वार्ड क्रमांक 02, 14 फरवरी को सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली में सुभाष वार्ड क्रमांक 03, महामाई वार्ड क्रमांक 04, 18 फरवरी को प्रदीप पाण्डेय फोटोकापी सेंटर के समीप शंकर वार्ड क्रमांक 05, परमहंस वार्ड क्रमांक 06, 20 फरवरी को सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली में गांधी वार्ड क्रमांक 09, विवेकानंद वार्ड क्रमांक 10, 24 फरवरी को झूलेलाल धाम मुंगेली में शिवाजी वार्ड क्रमांक 08, ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 12, 26 फरवरी को कार्यालय नगर पालिका मुंगेली में अम्बेडकर वार्ड क्रमांक 13, कालीमाई वार्ड क्रमांक 14, मो. बशीर खां वार्ड क्रमांक 15 और 28 फरवरी को विश्राम भवन मुंगेली में कबीर वार्ड क्रमांक 16, तिलक वार्ड क्रमांक 17 एवं हीरालाल वार्ड क्रमांक 18, 04 मार्च को विश्राम भवन मुंगेली में एण्ड्रुज वार्ड क्रमांक 19के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे।

जनगणना कार्यों के सुव्यवस्थित संपादन के लिए जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप जनगणना कार्यो के सुव्यवस्थित संपादन के लिए जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे प्रमुख जनगणना अधिकारी और अपर कलेक्टर राजेश नशीने जिला जनगणना अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के उपसंचालक जेआर मधुकर को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चित्रकांत चार्ली ठाकुर को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, लोरमी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री रूचि शर्मा को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, पथरिया अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बृजेश सिंह क्षत्रिय को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, मुंगेली के तहसीलदार श्री अमित सिन्हा को राजस्व तहसील मुंगेली के सीमाओं के भीतर के लिए चार्ज जनगणना अधिकारी, प्रभारी तहसीलदार लोरमी श्रीमती ऋचा सिंह को राजस्व तहसील लोरमी के सीमाओं के भीतर के लिए चार्ज जनगणना अधिकारी, तहसीलदार पथरिया हरिओम द्विवेदी को राजस्व तहसील पथरिया के सीमाओं के भीतर के लिए चार्ज जनगणना अधिकारी, नायब तहसीलदार मुंगेली उमाकांत जायसवाल को राजस्व तहसील मुंगेली के सीमाओं के भीतर के लिए अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी, नायब तहसीलदार लोरमी श्री महेश्वर सिंह उइके को राजस्व तहसील लोरमी के सीमाओं के भीतर के लिए अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी, नायब तहसीलदार पथरिया रमेश कमार को राजस्व तहसील पथरिया के सीमाओं के भीतर के लिए अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

7500 वर्गफीट तक की जमीन 30 साल के पट्टे पर दे सकेंगे :

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर के.डी. कुंजाम ने 7500 वर्गफीट तक के लंबे समय से शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर रहे कब्जाधारियों को व्यवस्थापन के तहत् पटटा देने के निर्देश दिया। उन्होनें कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन के समय प्रब्याजी एवं वार्षिक भू-भाटक का निर्धारण के संबंध में निर्देशों के पालन करने को कहा। कुंजाम ने 7500 वर्गफीट तक की शासकीय भूमि के 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटन तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन का अधिकार जिला कलेक्टर को होगा, 7500 वर्गफीट से अधिक शासकीय भूमि के 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आंबटन तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन का अधिकार राज्य शासन को होगा, अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन के समय प्रब्याजी का निर्धारण प्रचलित गाईड लाइन की 25 प्रतिशत के बराबर किया जाएगा। गैर रियायती दर पर शासकीय पट्टे पर आंबटित भूमि को यदि पट्टेदार द्वारा भूमिस्वामी हक में परिवर्तित कराना चाहे तो उनसे प्रचलित गाईड लाइन दर के 02 (दो) प्रतिशत अतिरिक्त राशि लेकर भूमिस्वामी अधिकार में परिवर्तित करने का अधिकार जिला कलेक्टर का होगा। रियायती दर पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक में तभी परिवर्तित किया जायेगा। जब पट्टेदार प्रचलित गाईड लाइन दर से पूर्ण प्रब्याजी का भुगतान करेंगें। कलेक्टर कुंजाम ने कहा कि अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन के समय प्रब्याजी का निर्धारण प्रचलित गाईट लाइन की 150 प्रतिशत के बराबर होगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मंडावी मौत मामला...

चार लोगों की हत्या कर दी थी। जिसके बाद इस मामले की जांच के लिए आयोग का गठन किया गया था।

बोलेरो ने बाइक...

लंबी टू-लेन सड़क बनवाई है। फिलहाल बेहतर सड़क होने के साथ कटघोरा-बांगो हाईवे पर तेज रफ्तार लोगो की जान ले रही है। इस सड़क पर वर्ष 2019 में दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हुई थी। वहीं इस साल भी 35 दिन में हाईवे पर 10 सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें 6 की मौत व 11 लोग घायल हो चुके हैं।

केस 01

टैंकर की टक्कर से पिता-पुत्र और भतीजे की मौत

11 जनवरी को हाइवे पर चंदनपुर के पास ऑयल टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी थी। जिससे मांझीपारा-बांगो निवासी परदेशी बिरहोर (35) समेत बेटा राकेश (6) व भतीजे राजेश(10) की मौत हो गई थी।

केस 02

ट्रक-बाइक में टक्कर मामा-भांजे की मौत

18 जनवरी पल्सर सवार सुखसेन सिंह (26) भांजे सरोज कुमार(25) को बिठाकर मोरगा बैंक से लौट रहा था। हाइवे पर केंदई पुल के ऊपर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दोनों की मौत हो गई थी।

केस 03

कंटेनर की टक्कर से मौत

5 फरवरी को कटघोरा मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार कंटेनर के चालक ने सड़क किनारे जा रहे 40 वर्ष के विक्षिप्त को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक कंटेनर समेत भाग निकला। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

पदोन्नति में आरक्षण...

जिसमें उसने राज्य सरकार को सेवा कानून, 1994 की धारा 3(7) के तहत एससी-एसटी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने के लिए कहा था, जबकि उत्तराखंड सरकार ने आरक्षण नहीं देने का फैसला किया था। यह मामला उत्तराखंड में लोक निर्माण विभाग में सहायक इंजीनियर (सिविल) के पदों पर पदोन्नति में एससी/एसटी के कर्मचारियों को आरक्षण देने के मामले में आया है, जिसमें सरकार ने आरक्षण नहीं देने का फैसला किया था, जबकि उच्च न्यायालय ने सरकार से इन कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने को कहा था। राज्य सरकार ने इस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि सहायक अभियंता के पदों पर पदोन्नति के जरिये भविष्य में सभी रिक्त पद केवल एससी और एसटी के सदस्यों से भरे जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के दोनों फैसलों को अनुचित करार देते हुए निरस्त कर दिया है।

हाईकोर्ट का फैसला...

से विवाह या पुनर्विवाह करने का अधिकार है, उसके इस अधिकार में कटौती नहीं की जा सकती। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केशरवानी ने संतोषी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने याची को उसके देवर के साथ पुनर्विवाह करने की छूट दी है लेकिन कहा है कि वह प्रत्येक महीने अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा अपनी सास को भुगतान करती रहेगी। याची के पति चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। सेवाकाल में उनकी मृत्यु के बाद याची की मृतक आश्रित कोटे में नियुक्त की गई। उसने विभाग में अर्जी दी कि वह देवर के साथ शादी करना चाहती है और अपनी सास का पालन पोषण भी करती रहेगी। उन्हें एक तिहाई वेतन देने को तैयार है लेकिन विभाग ने उसकी अर्जी को नामंजूर करते हुए कहा कि वह मृतक आश्रित सेवा नियमावली के तहत नियुक्त हुई है। इसलिए वह पुनर्विवाह नहीं कर सकती।

मुकदमे से पहले...

व्यापार, वाणिज्य और निवेश के प्रवाह पर महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। सीजेआई ने कहा, 'वाणिज्यिक अदालत अधिनियम में उल्लेखित पूर्व-संस्थान स्तर वाली मध्यस्थता और समाधान मुकदमा से पहले मध्यस्थता के कई फायदों की जरूरत पर जोर देते हुए कई और संस्थानों के लिए एक रास्ता तैयार करेगा।' उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि एक व्यापक कानून बनाने का यह बिल्कुल सही समय है, जिसमें मुकदमे से पहले अनिवार्य मध्यस्थता हो..।' अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में भारत की भूमिका का जिक्र करते हुए सीजेआई बोबडे ने कहा, 'हाल के समय में, वैश्वीकरण के चलते भारत से जुड़े सीमापार लेनदेन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जिससे सीमापार मध्यस्थता की मांग भी बढ़ी है। इसके परिणामस्वरूप बढ़ते मामलों की जटिलता से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय परंपराओं की स्थापना हुई है।

महिला एसआई से...

उसने खुदकुशी कर ली। प्रीति और राठी दोनों ही 26 साल के थे और दोनों ने एक साथ 2018 में दिल्ली पुलिस जॉइन किया था। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या हत्या का कारण लव अफेयर था? शुरुआती जांच एकतरफा इश्क में हत्या की तरफइशारा कर रही हैं। शुक्रवार रात को 26 साल की सब इंस्पेक्टर प्रीति अहलावत की रोहिणी ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनकी तैनाती पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाने में थी। प्रीति को शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे के करीब गोली मारी गई। मौके से पुलिस को 3 खाली कारतूस मिले।

आर्थिक परियोजनओं...

पर कल यहां पहुंचे। वह रविवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन अर्चन करेंगे और सारनाथ जाएंगे। सोमवार को बोधगया होते हुए शाम को तिरुपति पहुंचेंगे तथा मंगलवार को भगवान वेंकटेश्वर के सुप्रभात दर्शन करने के पश्चात कोलंबो लौट जाएंगे। बैठक के बाद श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि उनकी प्रधानमंत्री राजपक्ष के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलूओं और आपसी हित के अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। आतंकवाद हमारे क्षेत्र में एक बहुत बड़ा ख़तरा है। उन्होंने कोलंबो में ईस्टर के दिन हुए आतंकवादी हमलों को मानवता पर हमला बताते हुए कहा, ÷हम दोनों देशों ने इस समस्या का डट कर मुकाबला किया है। आज की हमारी बातचीत में हमने आतंकवाद के ख़िलाफ़अपना सहयोग और बढ़ाने पर चर्चा की। हम दोनों देशों की एजेंसियों के बीच संपर्क और सहयोग को और अधिक मजबूत करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की बातचीत में हमने श्रीलंका में संयुक्त आर्थिक परियोजनाओं, आर्थिक, व्यापारिक, और निवेश संबंधों को बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया। हमने दोनों देशों की जनता के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने, पर्यटन को प्रोत्साहन देने और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि चेन्नई और जाफ़ना के बीच हाल ही में सीधी फ्लाइट की शुरुआत, इसी दिशा में हमारे प्रयासों का हिस्सा है। यह इस क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी लाभकारी होगी।

लोकवाणी आज

मुंगेली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 7वीं कड़ी में प्रदेशवासियों से इस बार 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' विषय पर बात करेंगे। मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी का प्रसारण 9 फरवरी को प्रातः 10.30 से 10.55 बजे तक किया जायेगा। जिसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुना जायेगा। इस हेतु कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिले के सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकायों के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये है।

सचिव महिला एवं बाल विकास सिद्धार्थ ने सुपोषण अभियान की ली बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सचिव महिला एवं बाल विकास सिद्वार्थ कोमल परदेशी ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान व मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की समीक्षा की। उन्होनें परियोजनावार गंभीर कुपोषित एवं मध्यम वर्ग को पौष्टिक आहार खिलाने की जानकारी ली। परदेषी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म भोजन , अण्डा , चिक्की , बिस्कीट खिलाने व अन्य गतिविधियों की जानकारी देते हुए जागरुकता लाने के निर्देष दिए। परदेषी ने सभी परियोजना अधिकारियों से सुपोषण अभियान की जानकारी लेते हुए गर्भवती माताएं, शिशुवती माताओ की जानकारी ली। उन्होने कहा कि जिले में कुपोषण दर को कम करना है और नये बच्चों को सुपोषित श्रेणी में लाना है। इसके लिए महिला एंव बाल विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें मलेरिया मुक्त बीजापुर के लिए स्वास्थ्य विभाग एंव महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त टीम बनाकर कार्य करने को कहा और शतप्रतिशत जिले को मलेरिया मुक्त करने को निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर के.डी. कुंजाम सुपोषण अभियान व मलेरिया मुक्त अभियान की पूर्ण जानकारी दिए।

जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित एवं विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजित

कांकेर। जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित एवं विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय नरहरदेव उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल से चयनित प्रतिभागियों ने भाषण, पहेली गणित, विज्ञान, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर और जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रतिभागी बच्चों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अर्जुन मेश्राम ने डॉ.सी.वी.रमन और महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन महान वैज्ञानिकों से प्रेरित होकर विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करनी चाहिए। विज्ञान में असीम संभावनाएं है, यह अनंत है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

आमिर ने विधु विनोद चोपड़ा को शिकारा के लिये शुभकामना दी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने विधु विनोद चोपड़ा को उनकी फिल्म शिकारा के लिये शुभकामना दी है।

विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म शिकारा रिलीज हो गयी है। फिल्म 'शिकारा' के जरिए विधु विनोद चोपड़ा ने दर्शकों को कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार की कहानी को एक प्यारी-सी लवस्टोरी के जरिए बताने की कोशिश की है। 'शिकारा' 1990 में कश्मीरी पंडितों पर हुए जुल्म को दिखाती है कि आखिर कैसे रातों-रात उन्हें घर से निकलने के लिए मजबूर कर दिया जाता है। फिल्म में दो नए कलाकार आदिल खान और सादिया खान नजर आ रहे हैं। आमिर खान ने फिल्म 'शिकारा' के लिए विधु विनोद चोपड़ा को शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि यह एक ऐसी कहानी है, जिसे बताए जाने की जरूरत थी।

सुपरहीरो फिल्म में काम कर सकती है कैटरीना कैफ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफसुपरहीरो पर आधारित फिल्म में काम करती नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि अली अब्बास जफर एक सुपरहीरो फिल्म लिख रहे हैं जिसका वह निर्देशन और प्रोडक्शन भी करेंगे। इस फिल्म में कैटरीना कैफ लीड रोल प्ले करती नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि कैटरीना इस रोल के लिए सबसे उचित हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में अब तक के सबसे शानदार स्टंट होंगे जिन्हें किसी भी महिला कलाकार द्वारा करते हुए पहले नहीं दिखाया गया है। अली अभी फिल्म की स्क्रिप्ट फाइनल कर रहे हैं और इसे पूरा करने के बाद वह ग्राउंड वर्क पर काम पूरा करेंगे।

ड्रामा से पीटी टीचर: राजकुमार राव की 'छलांग', असल जीवन से फिल्म तक

हंसल मेहता वैसे भी शानदार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। कंटेंट को महत्व देने वाले हंसल इस बार राव के साथ 'छलांग' लगाने को तैयार हैं। हरियाणा में फिल्म का सेट तैयार है। शूटिंग चल रही है। राजकुमार राव भी इस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। बॉलिवुड में आजकल के चहेते स्टार्स में राजकुमार राव भी शामिल हैं। हर फिल्म में अपनी ऐक्टिंग के जरिए फैंस को वह अपना बना लेते हैं। फैंस के दिल में अपने लिए एक विशेष जगह रखने वाले राजकुमार राव इस समय सभी निर्माता और निर्देशकों को भी चेहते बने हुए हैं। यही वजह है कि इनके पास फिल्मों की भी लंबी लाइन है। अब राजकुमार अपने पसंदीदा निर्देशक हंसल मेहता के साथ एक बार फिर वापसी कर रहे हैं। फिल्म का नाम 'छलांग' है और राव इसमें पीटी टीचर की भूमिका में हैं।

'शाहिद', 'सिटीलाइट्स', 'अलीगढ़' और 'ओमर्ता' के बाद हंसल और राजकुमार की यह पांचवीं फिल्म है। जाहिर है फैंस को भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। 'छलांग' एक सोशल कॉमेडी फिल्म है। ऐसे में इसकी चर्चा भी खूब हो रही है।

QUIZ TIME

1) स्थानकवासी, तेरहपंथी व कांजीपंथी शाखाएँ किस भारतीय धर्म से संबद्ध हैं?
(क) सिख धर्म (ख) पारसी धर्म (ग) जैन धर्म (घ) बौद्ध धर्म
2) गोदुग्ध में किस देवता का निवास माना जाता है? (सूर्यदेव / चंद्रदेव)
3) एशिया की सबसे बड़ी परीक्ष संस्था का नाम क्या है?
4) भारत का प्रथम मानचित्र सन् 1752 में किसने बनाया था?
5) फाइबर ऑप्टिक्स के पिता के रूप में किसे जाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) जैन धर्म (2) चंद्रदेव (3) उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (4) एनविले (5) नरिंदर सिंह कपानी

आशिकी ब्वॉय के नाम से मशहूर है राहुल रॉय

जन्मदिन पर विशेष

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में राहुल रॉय की छवि एक ऐसे अभिनेता के तौर पर शुमार की जाती है जिन्होंने नब्बे के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में लवर ब्वॉय के रूप में अपनी पहचान बनायी।

नयी दिल्ली में 09 फरवरी 1968 को जन्मे राहुल रॉय ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1990 में प्रदर्शित महेश भट्ट की फिल्म आशिकी से की। इस फिल्म में राहुल रॉय और अनु अग्रवाल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। रोमांटिक प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म के सभी गीत उन दिनों चार्टबस्टर हुये थे जिन्होंने फिल्म को सुपरहिट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। वर्ष 1992 में राहुल रॉय को एक बार फिर से महेश भट्ट के निदेशन में बनी फिल्म जूनन में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में राहुल राय ने अपने नेगेटिव किरदार से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसी वर्ष राहुल रॉय की सपने साजन के, जनम, गजब तमाशा, दिलवाले कभी ना हारे जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म टिकट खिड़की पर कामयाब नहीं हुयी। वर्ष 1993 में राहुल रॉय को एक बार फिर से महेश भट्ट की फिल्म फिर तेरी कहानी याद आयी में काम करने का अवसर मिला।

फिल्मों में आने से पहले गैराज में काम करते थे धर्मेन्द्र

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेन्द्र का कहना है कि वह फिल्मों में आने से पहले गैराज में काम किया करते थे।

धर्मेंद्र को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये छह दशक हो गये हैं। उनकी छवि इंडस्ट्री में एक एक्शन हीरो के रूप में स्थापित हुई लेकिन उन्होंने कई सारी सुपरहिट रोमांटिक फिल्मों में भी काम किया है। धमेन्द्र ने अपनी एक्टिंग के जरिए जबरदस्त फैन फॉलोइंग हासिल की है। एक समय ऐसा भी रहा था जब धर्मेन्द्र को फिल्म इंडस्ट्री में दाखिल होने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। हाल ही में धमेन्द्र ने इंडियन आइडल के मंच पर शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बातें कहीं।

बाजार में लगा है प्याज का अंबार, फिर क्यों नहीं घट रहा दाम?

- **दिल्ली की आज़ादपुर मंडी में रोज गुजरात और महाराष्ट्र से करीब 50 ट्रक प्याज पहुंच रही है**
- **थोक मंडी में जहां प्याज का दाम 15 से 25 रुपये के बीच चल रहा है, वहीं रिटेलर इसे 40-60 रुपये में बेच रहे**

नई दिल्ली/नासिक। प्याज अब भी आपका महीने का बजट बिगाड़ रहा है? बाजार में तो प्याज का अंबार है, तो ऐसा नहीं कहा जा सकता कि सप्लाई कम है इसलिए दाम मुंह चिढ़ा रहे हैं। दिल्ली की आज़ादपुर मंडी में रोज गुजरात और महाराष्ट्र से करीब 50 ट्रक प्याज पहुंच रहा है। यानी 20 टन प्याज रोज़ मंडी में पहुंच रहा है। फिर कैसे बजट बिगड़ रहा है?

आपको प्याज अब भी सस्ता नहीं मिल रहा क्योंकि खाने का जायका बढ़ाने वाले इस आइटम के रिटेल और थोक भाव में अब भी काफी अंतर है। थोक मंडी में जहां प्याज का दाम 15 से 25 रुपये के बीच चल रहा है, वहीं रिटेलर इसे 40-60 रुपये किलो से भाव बेच रहे हैं। आमतौर पर विक्रेता ट्रांसपोर्टेशन, स्टोरेज आदि की लागत को देखते हुए दाम में 15 रुपये का मार्जिन रखते हैं

लेकिन 100त का मार्जिन ग्राहकों की जेब पर असर डाल रहा है। कई ट्रेडर्स इसकी वजह नहीं बता पा रहे हैं।

दिल्ली को सबसे ज्यादा प्याज की सप्लाई नासिक से होती है। पिछले कुछ हफ्तों में प्याज की औसत थोक कीमत काफी कमी आई है। शुक्रवार को एक क्विंटल प्याज का 1600 रुपये था, 31 जनवरी 2019 को 2600 रुपये था। 18 दिसंबर को महाराष्ट्र की लासलगांव मंडी में औसत थोक भाव ऑल टाइम हाई यानी 8,625 रुपये प्रति क्विंटल था। लासलगांव प्याज की सबसे बड़ी प्याज मंडी है। इस हिसाब से देखें तो 16 दिसंबर के बाद प्याज के थोक भाव में 81त की गिरावट दर्ज हो चुकी है।

20 जनवरी को एक क्विंटल प्याज के थोक भाव 4100 रुपये थे। यानी 20 जनवरी से अबतक इसमें 64 फीसदी की गिरावट आ चुती है, लेकिन रिटेल में प्याज उतना सस्ता नहीं हुआ है। मिड दिसंबर से मिड जनवरी तक प्याज के थोक भाव 100 से 60 रुपये के बीच रहे, लेकिन खुदरा ग्राहकों को यह 80 से 120 रुपये किलो के भाव मिलता रहा। शुक्रवार को नई दिल्ली के माता सुंदरी कॉलेज के पास प्याज स्टॉल पर यह 50 रुपये किलो के भाव बिक रहा था। इसी तरह दिल्ली के समसपुर में यह 55 से 60 रुपये के दाम पर बेचा

एसबीआई का ऋण सस्ता, जमा पर मिलेगा कम ब्याज

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश के सबसे बड़े सरकारी वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने रिजर्व बैंक द्वारा नीतगत दरों को यथावत रखे जाने के बीच अपनी सीमांत लागत ब्याज दर (एमसीएलआर) में पाँच आधार अंकों की कटौती करने के साथ ही जमा पर भी ब्याज दरों में 10 से 50 आधार अंकों की कमी कर दी है जिससे जमा पर कम रिटर्न मिलेगा।

बैंक ने शुक्रवार को यहाँ बताया कि एमसीएलआर और जमा दरों में कमी 10 फरवरी से प्रभावी हो जायेगी। उसने कहा कि वर्ष 2019-20 में लगातार उसने नौंवी बार एमसीएलआर में कटौती की है। इस कमी के बाद उसकी एमसीएलआर 7.85 प्रतिशत हो जायेगी जो सभी अवधि के ऋण के लिए प्रभावी होगी। अभी एमसीएलआर 7.90 प्रतिशत है।

उसने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ने के मद्देनजर दो करोड़ रुपये से कम के रिटेल टर्म डिपोजिट पर ब्याज दर में 10 से 50 आधार अंक और दो करोड़ रुपये से अधिक के बड़े टर्म डिपोजिट पर ब्याज में 25 से 50 आधार अंक तक कटौती की गयी है जो 10 फरवरी से प्रभावी हो जायेगी।

कोरोना के चलते 20% तक लुढ़का कच्चा तेल

- **भारतीय ग्राहकों को क्या-क्या फायदे?**

चीन में करॉना वायरस के फैलने की वजह दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस का बाजार धंसता चला जा रहा है। तेल के दाम में 20 पर्सेंट तक की गिरावट आ चुकी है और लिक्विफाइड नैचुरल गैस (LNG) के दाम भी रेकॉर्ड लो पर पहुंच गए हैं। इसकी वजह से जहां तेल और गैस उत्पादक जहां दाम घटाने को मजबूर हो गए हैं वहीं भारतीय ग्राहकों के लिए यह अच्छा मौका बन गया है। कच्चे तेल की कीमत घटने से पेट्रोल और डीजल लगातार सस्ते हो रहे हैं, जिससे उनके पास अन्य खर्च के लिए ज्यादा रकम बच रही है।

आइए देखें और समझें कि एक महीने में कहां से कहां पहुंचे कच्चे तेल और नैचुरल गैस के दाम। 7 जनवरी 2020 को चीन ने करॉना वायरस के आउटब्रेक की घोषणा की थी। तब से लेकर अबतक क्रूड ऑइल यानी कच्चे तेल के दाम में 20 फीसदी की गिरावट आई है। अब क्रूड 55 रुपये प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है यानी 13 डॉलर की गिरावट। LNG की बात करें तो एक महीने में यह 3 डॉलर प्रति mmBtu ने नीचे आ गया है। चीन शिपमेंट लौटा रहा है, जिसकी वजह से ट्रेडर्स दूसरे बाजारों की तलाश कर रहे हैं।

कच्चा तेल सस्ता, भारत को क्या फायदा?

1. कच्चा तेल सस्ता होने से पेट्रोल-डीजल पर कम खर्च करेगा ग्राहक, जिससे अन्य खर्चों के लिए उसके हाथ में ज्यदा पैसा बचेगा।

2. कच्चे तेल के कम दाम करंट अकाउंट डेफिसिट, रुपये और महंगाई दर के लिहाज से अच्छे।

3. बीएस6 अपग्रेड में किए गए निवेश को रिकवर करने के लिए रिफाइनर फ्यूल के दाम बढ़ा सकते हैं।

4. ईंधन पर मिलने वाली सब्सिडी घटने की उम्मीद बनी।

5. आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार ड्यूटी बढ़ा सकती है।

6. LNG टर्मिनल ऑपरेटर कम दाम का फायदा उठाते हुए सस्ती गैस स्टोर कर सकते हैं और बाद में उसे बेच सकते हैं।

7 जनवरी के बाद से अब तक पेट्रोल के दाम 3 रुपये से ज्यादा गिर गए हैं, वहीं डीजल के भाव भी करीब इतने ही नीचे आए हैं।

क्या होगा आगे?

जेपी मॉर्गन का मानना है कि साल 2020 के लिए कच्चे तेल का औसत दाम 60.40 डॉलर प्रति डॉलर रहेगा। यह अनुमान पिछले अनुमान से 4.1 डॉलर कम है।

संविदा निर्धारण को मजबूत बनाने आयोजित कार्यशाला का सीवीसी ने किया शुभारंभ, बोले

त्रुटि रहित निविदाकरण के लिए बरतनी होगी अतिरिक्त सावधानी

हैदराबाद/नव प्रदेश। संविदा निर्धारण को मजबूत बनाने के लिए संविदा एवं अर्बिट्रेशन पर 2 दिन की कार्यशाला का शनिवार को शरद कुमार, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त, भारत सरकार ने हैदराबाद में उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए शरद कुमार, सीवीसी, भारत सरकार ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यशाला है क्योंकि पीएसयू को निविदाकरण तथा संविदा के निष्पादन, दोनों ही समय कोई त्रुटि न हो, यह जांच करने के लिए अतिरिक्त रूप से सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोक प्रापण में गुणवत्ता तथा दरों की उपयुक्तता प्राप्त करने के लिए निविदाओं में एल-1 प्रणाली समीक्षाधीन है। निविदा पर निर्णय लेते समय एल-1 सर्वोत्तम उपाय नहीं भी हो सकता है क्योंकि यदि हम केवल लागत के इसी अधार पर निर्णय लेते हैं तो गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है और उससे संगठन पर विपरीत प्रभाव पड सकता है तथा स्वतंत्र बाह्य मॉनीटर्स (आई ई एम) की भूमिका तब प्रारम्भ होती है जब कोई संविदा संबंधी मामला संदर्भित किया जाता है एवं यह सतर्कता का विकल्प नही है।

एनएमडीसी जैसे पीएसयू के लिए त्रुटि रहित संविदा चुनौती : एन. बैजेंद्र कुमार - एन.बैजेंद्र कुमार, आईएएस, सीएमडी, एनएमडीसी ने अपने सम्बोधन में कहा कि कि एनएमडीसी जैसे पीएसयू संगठन के लिए त्रुटि रहित संविदा तैयार करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। क्योंकि ऐसे अनेक मामले हैं जनके कारण संगठन को अस्पष्ट संविदाओं के कारण अर्बिट्रेशन में जाना पड़ा। उन्होंने पीएसयू के अधिकारियों से आग्रह किया कि अर्बिट्रेशन/ विवाद से बचने के लिए एवं सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए वे निविदाकरण का पूर्ण ज्ञान रखें। उन्होंने यह भी कहा कि संविदा तैयार करने तथा उसके प्रबंधन की समझ से विशेषज्ञता प्राप्त होगी तथा संविदाओं को पारदर्शिता से बनाने में सहायता मिलेगी।

ये है उद्देश्य : कार्यशाला का आयोजन निविदा के विभिन्न चरणों पर कनिष्ठ प्रबंध तंत्र से मध्यम प्रबंध तंत्र तक फ्रंट लाइन स्टाफ को निविदाकरण की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा यह जानकारी देने के लिए किया गया कि बिना किसी समस्या के उसका सफलतापूर्वक निष्पादन करने के लिए पर्याप्त उपाय कैसे किए जाने चाहिए। एनएमडीसी द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में मिश्र धातु निगम (मिधानी), भारत डॉयनॉमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), इलेक्टॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (ईसीआईएल) से भी प्रतिभागी शामिल हुए।

पीएसयू के 100 से ज्यादा अधिशासियों ने लिया भाग

कार्यशाला में पीएसयू के 100 से अधिक अधिशासियों ने भाग लिया। उद्घाटन के अवसर पर सीएमडी, एनएमडीसी एन बैजेंद्र कुमार, स्वतंत्र निदेशक अशोक कुमार अंगुराणा, डी. कुप्पूरामू के साथ निदेशक-उत्पादन पीके सतपथी, निदेशक-वित्त अमिताभ मुखर्जी, निदेशक-वाणिज्य आलोक कुमार मेहता, निदेशक-कार्मिक सुमित देब तथा वीवीएस श्रीनिवास, मुख्य सतर्कता अधिकारी भी उपस्थित थे।

टोकन पद्धति और बारदान की कमी

बीजापुर में धान नहीं खरीदे जाने से किसानों में पनप रहा आक्रोश

■ उसूर ब्लाक के मुख्यालय आवापल्ली में सैकड़ों किसानों का धान नहीं खरीदने से गांधी चौक रोड पर कर दिया चक्काजाम

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नक्सल प्रभावित जिले के उसूर ब्लाक के सैकड़ों किसान धान बेचने को लेकर बेहद चिंतित हैं। बता दें कि अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर समर्थन देने पहुंचे भाजपा अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी जिला पंचायत सदस्य जानकी काकेम नीलकंठ काकेम समेत समस्त भाजपा समर्पित सदस्य तथा पदाधिकारी किसानों से सरकार धान खरीदी में कर रही बर्ताव को लेकर सरकार पर जमकर बरसे।

अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कहा आगे चलकर इसके दूरगामी परिणाम प्रदेश सरकार को भुगतान पड़ेगा। तत्कालीन भाजपा सरकार के समय किसानों को धान बेचने में कभी ऐसे समस्याएं घेरे नहीं कांग्रेस पार्टी सत्ता के मोह में झूठे वादे कर सत्ता में काबिज प्रदेश कांग्रेस सरकार किसानों के साथ नाइंसाफी कर रही है। ज्ञात हों कि धान खरीदी के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नए नियम के आगे क्षेत्र के भोलेभाले किसान बेबस और लाचार ठगा सा महसूस कर रहे इस संदर्भ में किसान जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। बाावजूद इसके बारदान उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन किसी प्रकार की जहमत उठा रहे हैं और न ही क्षेत्र के विधायक बेबस किसानों का सुध ले रहे हैं। वही किसान सरकार से कर्ज लेकर स्वयं के खेत में धान बुआई कर अपने घर परिवार के सदस्यों तथा नन्हे-मुन्ने बच्चो का भविष्य संवारने के जद्दोजहद में जान की बाजी लगाकर बरसात हो या धुप छांव के दिनों में कमरतोड़ खड़ी मेहनत से कमाए धान को सरकार समर्थन मुल्य 2500 रुपए प्रति क्विंटल दर से खरीदने की वादा किया लेकिन सरकार किए तय वादे से घटाकर 1835 कर दिया। कभी गिरदावरी तो कभी खरीदी की तिथि तो कभी बारदान की किल्लत तो अब खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट मुकर्रर तय कर देने से किसान बेहद परेशान हैं।

इस तरह समितियों में धान खरीदी सीमा तय करने का आदेश पहुंचा तो किसानों में हड़कंप मच गया। जिससे यहां के सैकड़ों किसान धान खरीदने टोकन पद्धति बंद कर धान खरीदी करने की समय बढ़ाने के लिए सरकार के खिलाफविरोध स्वरुप सड़क पर उतर आए सैकड़ों किसान दो दिन से चक्काजाम कर दिया। बहरहाल किसानों का धान सरकार खरीद रही है न तो व्यापारियों को खरीदने की छूट दे रही है। ताकि किसान बिना परेशान के अपना धान बेच सकें। धरना स्थल पर मौजूदा किसानों का कहना है कि धान खरीदी में बाहरी धान रोकने के नाम पर स्थानीय किसानों और व्यापारियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। अब लिमिट में धान खरीदी से किसानों को धान बेच पाना भी ही टेढ़ी खीर लग रही है। इस तरह सरकार के जिद्द के आगे बेबस किसान भी कांग्रेस सरकार को जमकर कोसा। अब देखना यह होगा कि सरकार किसानों को कर्ज में डूबायेगी या धान खरीदकर विवादों के पुलिंदा को सुलझा लेगी।

शिवरीनारायण मठ मंदिर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया गद्दी महोत्सव

■ शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज आसीन हुए गद्दी पर

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। चित्रोत्पलागंगा के पवित्र संगम तट पर युग - युगांतर से विराजित भगवान शिवरीनारायण की पावन धरा एवं माता शबरी की कर्मभूमि शिवरीनारायण मठ मंदिर में गद्दी महोत्सव का आयोजन सात फरवरी दिन गुरुवार को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। विदित हो कि शिवरीनारायण मठ मंदिर में वर्ष में दो बार गद्दी महोत्सव का आयोजन भक्ति भाव पूर्वक किया जाता है इस महीने में यह सात फरवरी दिन गुरुवार सन 2020, तद्नुसार माघ शुक्ल त्रयोदशी को सायं कालीन बेला में आध्यात्मिक महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ महोत्सव का आयोजन शाम 6:00 बजे प्रारंभ हुआ। राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के रायपुर से शिवरीनारायण पहुंचने के पश्चात शिवरीनारायण मठ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले मठ मंदिर के राजपुरोहित तथा संत महात्माओं एवं शुभचिंतकों ने मंत्र उच्चार करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज को गद्दी उत्सव स्थल तक लाया । आसन ग्रहण करने के पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ ,होम हवन संपन्न होने के पश्चात गद्दी स्थल की सात परिक्रमा पूरी की गई फिर महन्त जी महाराज भगवान शिवरीनारायण को नमन करते हुए गद्दी पर आसीन हुए । जगदीश मंदिर के पुजारी श्री त्यागी जी महाराज ने पूज्य महाराज श्री का तिलक लगाकर आरती की। पुष्पमाला, वस्त्र, द्रव्य अर्पित करके उन्होंने आशीर्वाद सहित प्रसाद प्राप्त की। मठ मंदिर के मुख्तियार श्री सुखराम दास जी ने विधिवत पूजा अर्चना की एवं महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात राम जानकी मंदिर के पुजारी श्री ज्ञान दास जी नागा तथा बड़े मंदिर के पुजारियों ने पूजा अर्चना की। फिर बारी -बारी से मठ मंदिर के सभी संत महात्माओं उपस्थित श्रद्धालुओं नगर वासियों एवं मेला में पधारे हुए श्रद्धालुओं ने लंबी कतार लगाकर बारी बारी से महाराज श्री का पूजा अर्चना करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। यह सिलसिला काफी देर तक चलता रहा, अंत में श्रद्धालुओं सहित पूज्य महाराज जी भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित हुए विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान से समस्त लोक कल्याण की कामनाएं की। बड़े मंदिर की परिक्रमा करते हुए वे राम जानकी मंदिर पहुंचे, यहां पूजा-अर्चना एवं परिक्रमा के पश्चात मठ मंदिर परिसर में विराजे भगवान जगदीश मंदिर में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। अंततः तुलसी चौरा, पूर्वाचार्यों की चरण पादुका स्थली की विधि सम्मत पूजा अर्चना की गई ।

आईपीएल की तर्ज पर सीपीएल टी 20 प्रतियोगिता आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

■ प्रदेश के सभी 28 जिलों से चयन प्रक्रिया प्रारंभ हुई

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के रूप में प्रदेश के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को शीघ्र ही अंतराष्ट्रीय टी 20 फॉर्मेट में खेलनें की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। आईपीएल की तर्ज पर होने वाले सीपीएल टी 20 फॉर्मेट क्रिकेट मुकाबलों के लिए प्रदेश के सभी 28 जिलों से चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, 02 जिलों का एक प्रभारी बनाया गया है, जो अपने जिलों में ट्रॉयल प्रतियोगिता करा कर खिलाड़ियों का चयन कर रहें हैं। जिले के किरंदुल में दंतेवाड़ा कांग्रेस स्पोर्ट सेल के जिला अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक ने जानकारी दी है। इस विषय में दंतेवाड़ा कांग्रेस स्पोर्ट सेल के जिला अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक ने कहा है कि इस टूर्नामेंट से बस्तर के अच्छे खिलाड़ियों को दंतेवाड़ा बीजापुर और सुकमा के बच्चे को रायपुर में खेलने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , संरक्षक टी.एस. सिंह एवं पथ प्रदर्शक मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस होंगे। कई प्रदेशों ने अपने राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा व अपने खिलाड़ियों को बड़े अवसर प्रदान करने यह लीग प्रतियोगिता प्रारम्भ की है, अब यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में भी प्रारम्भ कर रहे हैं। इसके लिए बीसीसीआई आईपीएल कमेटी और सीएससीएस को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इस प्रतियोगिता के प्रारम्भ होने से हमारे प्रदेश के खिलाड़ी भी आईपीएल और देश के लिए खेल सकेंगे। यह प्रतियोगिता मार्च में प्रस्तावित की गई है।

पगडंडी किनारे मिली युवक की लाश

कोरबा। जिले के करतला थाना अंतर्गत ग्राम चचिया निवासी एक युवक की बड़मार जंगल में पगडंडी किनारे लाश पड़ी हुई मिली। जिसके कारण पूरे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। करतला पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार करतला थाना अंतर्गत ग्राम चचिया निवासी युवक जगन्नाथसिंह राठिया उम्र 22 पिता सहान सिंह राठिया विगत 6 फरवरी को शाम 6 बजे घर से निकला था उस दिन रात को घर नहीं लौटा। जिसके कारण परिवार के सदस्य यह जानकर निश्चित थे कि या तो वह अपने किसी रिश्तेदार या दोस्त के यहां गया हुआ है। अगले दिन 7 फरवरी को वह घर नहीं लौटा तो मध्यान्ह तीन बजे के लगभग बड़मार जंगल पगडंडी से गुजरने वाले लोगों ने बताया कि सड़क किनारे चंद्रभान सिंह के टिकरा के पास एक युवक की लाश पड़ी हुई है। जिसकी शिनाख्त जगन्नाथ सिंह के परिजनों ने की।

पंच चुनाव में बहु के पराजित होने पर अधेड़ ने की आत्महत्या

कोरबा। पाली जनपद के ग्राम सैला नवापारा में पंच चुनाव में बहु के पराजित होने पर एक अधेड़ की फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के बाद उसकी अस्थी जलाकर गांव वाले लौट रहे थे कि दूसरी घटना पंच का चुनाव हारे एक अधेड़ द्वारा फांसी लगा लिए जाने की घटना घटित हो गई। जिससे की पूरे गांव में शोक के कारण सन्नाटा पसर गया है। सैला नवापारा पंचायत का चुनाव तीसरे चरण में विगत दिनों संपन्न हुआ। इस चुनाव में ग्राम पंचायत सैला के एक वार्ड से बंधु सिंह ध्रुर्वे उम्र 50 पिता महेत्तर सिंह धुर्वे चुनाव लड़ा था। पिछले काफी समय से बंधु सिंह सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ था। गांव वालों के सुख.दुख में हमेशा अपना सरोकार जताया रखता था। इसी वजह से पंचायत के पंच का चुनाव वह लड़ा था कि आने वाले दिनों में वह गांव का उप सरपंच का भी चुनाव लड़ेगा और जीतने के बाद गांव वालों की सेवा में संलग्र रहेगा। बताया जाता है कि इसी बीच पंचायत का चुनाव परिणाम तीन दिन पूर्व घोषित हुआ। जिसमें बंधु सिंह ध्रुर्वे पंच का चुनाव हार गया। जिसके कारण वह आत्म ग्लानी में घर में पड़े रहता था। इसी दौरान उसने सुना की गांव के ही नवापारा में पंच का चुनाव हार चुकी कमला बाई के ससुर ने फांसी लगाकर दो दिन पूर्व आत्म हत्या कर लिया है। जिसके कारण वह भी परेशान रहने लगा था। इसी वजह से विगत सात फरवरी को वह दिन में एक बजे घर से निकला और बजरंग चौक के पास स्थित अपने मकान में लौट आया और म्यार में लायलोन की रस्सी से फांसी का फंद्या बनाकर लटक गया।

हाईस्कूल, हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 59 परीक्षा केंद्र स्थापित

मुंगेली। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी घोषित कर दी गई है। घोषित समय सारिणी के अनुसार हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा 3 मार्च से और हायर सेकण्डरी की बोर्ड परीक्षा 2 मार्च से प्रारंभ होगी। हाईस्कूल, हायर सेकण्डरी दोनों की परीक्षा संबंधित परीक्षा केंद्रों में प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित होगी। बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 59 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। इनमें विकासखण्ड पथरिया के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पुछेली और विकासखण्ड लोरमी के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल मनोहरपुर नये परीक्षा केंद्र के रूप में शामिल है।

ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन की तिथि निर्धारित

कांकेर। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के प्रथम सम्मेलन तथा उप सरपंच, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही के लिए तिथि निर्धारित की गई है, जो निम्नानुसार हैः- ग्राम पंचायतों का प्रथम सम्मेलन प्रथम सम्मेलन आयोजित करने की सूचना जारी करने की तिथिः- 07 फरवरी, निर्वाचन हेतु सम्मिलन आयोजन करने की तिथिः- 11 फरवरी उप सरपंच निर्वाचन सरपंच/पंचों को सूचना करने की अंतिम तिथिः-11 फरवरी निर्वाचन हेतु सम्मिलन आयोजन करने की तिथिः- 24 फरवरी ग्राम पंचायत के उप सरपंचों के नामों का प्रकाशनः- 25 फरवरी जनपद पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष का निर्वाचन कार्यक्रम अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सूचना जारीः-07 फरवरी निर्वाचन हेतु सम्मिलन की तिथिः- 13 फरवरी निर्वाचन प्रकाशन की अधिसूचना जारी तिथिः- 13 फरवरी प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी तिथिः- 13 फरवरी प्रथम सम्मिलन आयोजन तिथिः- 18 फरवरी जिला पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष का निर्वाचन कार्यक्रम अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सूचना जारीः-07 फरवरी निर्वाचन हेतु सम्मिलन की तिथिः- 14 फरवरी निर्वाचन प्रकाशन की अधिसूचना जारी तिथिः- 14 फरवरी प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी तिथिः- 14 फरवरी प्रथम सम्मिलन आयोजन तिथिः- 24 फरवरी को निर्धारित की गई है।

सीएए वापस लेने धरना-प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। नागरिक संशोधन कानून सीएए, एनआरसी व एनपीआर के खिलाफ राष्ट्रीय जनआन्दोलन के तहत संविधान बचाओ-देश बचाओ आन्दोलन की कडी में घंटाघर स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष धरना एवं प्रदर्शन कर इसे वापस लेने की मांग केन्द्र सरकार से की गई। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात प्रारंभ धरना सभा को संबोधित करते हुए सुन्नी मुस्लिम जमात और संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष हाजी अकलाख खान ने कहा कि एक दिन के सांकेतिक प्रदर्शन के बाद 14 फरवरी को धरना दिया जाएगा। 20 फरवरी को विराट रैली एवं प्रदर्शन कर एनआरसी के पीछे भाजपा सरकार की मंशा को हम कोरबा के माध्यम से पूरे देश के सामने लाएंगे। केन्द्र की सरकार इस कानून के जरिए देश में अराजकता का माहौल पैदा कर रही है। देशभर में जगह.जगह प्रदर्शन हो रहे हैं किंतु यह सरकार अपनी मनमानी पर ही उतारू है। श्रमिक नेता एमएल रजक ने कहा कि देश के संविधान की प्रस्तावना को देश के युवाओं को समझना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सीएएए एनआरसीए एनपीआर कानून लाया है वह संविधान के खिलाफ है। यह हमारे देश को बांटने की तैयारी है। देश की आजादी में हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई सबने लडाई लडी, कुर्बानी दी किंतु आरएसएस विचारधारा के लोग हिन्दू राष्ट्र के नाम पर देश को बांटना चाह रहे हैं। मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व संयुक्त संघर्ष समिति के महासचिव गोपाल ऋषिकर भारती, पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह, माकपा जिला सचिव सपूरन कुलदीप, श्रीमती रश्मिसिंह, इमदाद हुसैन खान, रफीक मेमन, शिवनारायणसिंह कंवर, जिला साहू समाज के अध्यक्ष गिरधारी साहू, शाहिदा कुरैशी, सबीहा अंसारी, मालती दिनेश आदि ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि कोरबा औद्योगिक क्षेत्र से देश की एकता और अखण्डता के लिए सीएए, एनआरसी व एनपीआर के खिलाफ आंदोलन को सफल बनाना है।

पेड़ों पर लिखे जायेंगे स्थानीय और वानस्पतिक नाम

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। सतरेंगा पर्यटन स्थल में प्रवेष के लिये पार्किंग स्थल के पास बांसों से आकर्षक प्रवेष द्वार बनाया जायेगा। इस प्रवेष द्वार पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति और हस्तषिल्प की छाप रहेगी। परिसर के आसपास के बड़े पेड़ों के नीचे की जगहें पर्यटकों के बैठने और अलग-अलग जगहों से सतरेंगा का प्राकृतिक सौन्दर्य निहारने के लिये विकसित की जा रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव के दौरे के बाद सतरेंगा पर्यटन स्थल को सवारने जिला प्रशासन युद्धस्तर पर जुट गया है सतरेंगा जलशयय में कुछ पेड़ों के आसपास चबुतरे बन चुके हैं, कुछ के आसपास चबूतरे बनाये जा रहे हैं। सतरेंगा में जलराशि के आसपास पेड़ो पर उनके स्थानीय तथा वानस्पतिक नाम भी

लिखे जायेंगे। पेड़ों के विभिन्न भागों के अलग-अलग उपयोग और छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं सामाजिक ताने-बाने में उनकी उपयोगिता को भी अंकित किया जायेगा। जिससे आने वाले पर्यटकों को पेड़-पौधों के बारे में पूरी जानकारी मिल सके।

निष्क्रियता | बिजली कंपनियों के अधिकारियों की सुस्ती और बिजली चोरी की वजह से डिस्कॉम को हजारों करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है

बिजली कम्पनी के लिए डिस्कॉम बना मुसीबत, 2 हजार करोड़ की वसूली पेंडिंग

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। डिस्कॉम्स का बढ़ता घाटा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत् कम्पनी के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। हालात ये हैं कि बढ़ते घाटे के बाद नए कार्यादेशों के लिए धन का प्रबंधन चुनौती बन रहा है। बिजली कंपनियों के अधिकारियों की सुस्ती और बिजली चोरी की वजह से डिस्कॉम को हजारों करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। अकेले छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी की 2 करोड़ वसूली पेंडिंग है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी दो हजार करोड़ रूपये बकाया राशि वसूली के लिए डिस्कॉम कंपनी पर दबाव बनाया गया है। छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी ने डिस्कॉम कम्पनी को प्रतिदिन एक हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति कर रही थी। डिस्कॉम कम्पनी विद्युत कम्पनी से बिजली लेकर तेलंगाना सरकार को बेचती थी। गौरतलब है कि बार-बार पत्र लिखे जाने के बाद भी तेलंगाना सरकार को बिजली आपूर्ति करने वाली डिस्कॉम कम्पनी ने आर्थिक समस्या का हवाला देते हुए शीघ्र ही भुगतान करने का वादा किया था। छत्तीसगढ़ पावर

कंपनी की आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। तेलंगाना पर दो हजार करोड़ रुपए बकाया के अलावा छत्तीसगढ़ सरकार से भी 1000 करोड़ से अधिक की राशि भुगतान के लिए लंबित है। जानकारी के मुताबिक बार बार पात्र लिखने के बाद भी डिस्कॉम कम्पनी बिजली बिल की राशि जमा नहीं किया है। अलबत्ता अब विद्युत् कम्पनी बकाया राशि वसूलने के लिए सरकार का हस्तक्षेप करने की बात कह रही है। जिससे लंबित राशि वसूला जा सके।

इनका कहना है

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत् कम्पनी से प्रतिदिन एक हजार मेगावाट मेगावाट बिजली की आपूर्ति डिस्कॉम कम्पनी के माध्यम से की जाती थी। जिसका बिजली बिल की बकाया राशि लगभग 2 हजार करोड़ पहुँच गया है। लंबित राशि के लिए डिस्कॉम कम्पनी पर दवाब बनाया जा रहा है। तेलंगाना सरकार को डाइरेक्ट बिजली नहीं बेचा गया है जिससे उस पर दबाव बनाया जा सके।

एनके बिजोरा, प्रबंध निदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी

थर्ड पार्टी होने का हो रहा नुकसान

विद्युत् कम्पनी के जानकारों की माने तो छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत् कम्पनी से डारेक्ट बिजली आपूर्ति तेलंगाना को की जाती तो शायद बिजली बिल वसूली में इतनी दिक्क्त नहीं आती। कम्पनी ने डिस्कॉम को बिजली आपूर्ति किया है, इसके बाद डिस्कॉम ने तेलंगाना सरकार को बिजली बेचा है। बहरहाल तेलंगाना से बिजली बिल की बकाया राशि वसूली कर पाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

नव प्रदेश

न्यूज गैलेरी

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ नेशनल स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप शुरू

औली/देहरादून (वार्ता)। दुनिया भर में स्कीइंग के लिए प्रसिद्ध उत्तराखंड के औली में नेशनल स्कीइंग एंड स्नोबोर्ड चैम्पियनशिप का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शनिवार को शानदार आगाज हो गया। स्थानीय विधायक महेन्द्र भट्ट ने बताया कि महिला एवं पुरूष वर्ग की सीनियर, जूनियर और सब जूनियर नेशनल स्कीइंग चैम्पियनशिप में देशभर की 10 टीमों के 293 खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। इनमें बिहार, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, यूपी, उत्तराखण्ड, आईटीबीपी व एसएससीबी की टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि देश और दुनिया के खिलाडी इस सुरम्य स्थल पर आए इसके लिए औली में पूरी व्यवस्थाएं की गई है। राज्य में एडवेंचर खेलों के लिए आपार संभावनाएं है। एडवेंचर खेलों को बढावा देने के लिए उत्तराखण्ड में एडवेंचर विभाग स्थापित किया जाएगा और मार्च में उत्तराखंड में एडवेंचर समिट का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को एडवेंचर खेलों में अच्छा प्रशिक्षण मिल सके इसके लिए बाहर से अच्छे प्रशिक्षकों की व्यवस्थाए भी की जा रही है, जिससे राज्य के बच्चे भी औलंपिक खेलों में प्रतिभाग कर मेडल हासिल कर सके। ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए राज्य के खिलाडियों को तैयार करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

अपने 100वें मैच में केरला ने नॉर्थईस्ट से खेला ड्रॉ

गुवाहाटी (वार्ता)। केरला ब्लास्टर्स को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अपने 100वें मैच में शुक्रवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा। यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए लीग के छठे सीजन के इस गोलरहित ड्रॉ के बाद अब मेजबान नॉर्थईस्ट के लिए प्लेआफकी राह बहुत मुश्किल हो गई है और टीम को अब प्लेआफकी अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए अपने बाकी बचे चारों मैचों को जीतना होगा। केरला की टीम पहले ही प्लेआफकी दौड़ से बाहर हो चुकी है। केरला को 16 मैचों में छठी बार ड्रॉ खेलना पड़ा है जबकि नॉर्थईस्ट को भी 14 मैचों में छठी बार ड्रॉ खेलना पड़ा। नॉर्थईस्ट 12 अंकों के साथ नौवें और केरला 15 अंकों के साथ आठवें नंबर पर है।

केरल ने जम्मू-कश्मीर को हराया

कन्नूर (वार्ता)। केरल ने जम्मू-कश्मीर को अंडर-23 कर्नल सीके नायुडू ट्राफी मुकाबले में शनिवार को तीसरे ही दिन पारी और 65 रन से हरा दिया। जम्मू-कश्मीर ने आज आठ विकेट पर 149 रन से आगे खेलना शुरु किया और उसकी पारी 197 रन पर ढेर हो गयी। जम्मू-कश्मीर की पारी में सुनील कुमार ने 55 और इम्तियास अहमद घनी ने नाबाद 45 रन बनाए। केरल की ओर से श्री हरि एस नायर ने तीन विकेट झटके जबकि सिजोमोन और विष्णु पी कुमार को दो-दो विकेट मिले। इस जीत से केरल के सात मैचों में 17 अंक हो गए हैं। केरल का अगला मुकाबला 14 फरवरी से छत्तीसढ़ के खिलाफहोगा।

स्टेन की टी-20 टीम में वापसी

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की लगभग एक वर्ष बाद टी-20 टीम में वापसी हुई। स्टेन को इंग्लैंड के खिलाफटी-20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल किया गया है जबकि फाफडू प्लेसिस और कैगिसा रबादा को टी-20 में भी आराम दिया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने टीम में पिट वान बिलजोन और तेज गेंदबाज सिसांदा मागला को टीम में जगह दी गयी है जिससे मगाला और बिलजोन टी-20 में पदार्पण करेंगे। स्टेन इससे पहले टी-20 में आखिरी बार मार्च 2019 में श्रीलंका के खिलाफखेलने उतरे थे। सीएसए के कार्यवाहक निदेशक ग्रैम स्मिथ ने कहा,÷हमने इंग्लैंड के खिलाफटी-20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम की घोषणा की है। टीम में घरेलू क्रिकेट में कड़ी मेहनत से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीनियर खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका दिया गया है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन ट्वंटी-20 मैचों की सीरीज 12 फरवरी से शुरु होगी।

इंडिया ए : बारिश से दूसरा दिन का खेल प्रभावित

लिंकन (वार्ता)। इंडिया ए और न्यूजीलैंड ए बीच शनिवार को दूसरे गैर आधिकारिक टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल बारिश के कारण प्रभावित हुआ और बिना गेंद डाले ही दिन का खेल समाप्त हो गया। मैच के दूसरे दिन सुबह से ही बारिश हो रही थी जिससे मैच शुरु नहीं हो पाया और अंत में स्टंप्स तक बिना गेंद डाले दूसरे दिन का खेल समाप्त करना पड़ा। इससे पहले दूसरे गैर आधिकारिक टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड ए की टीम ने ग्लेन फिलिप्स (65) के शानदार अर्धशतक से पांच विकेट पर 276 रन का सम्मानजनक स्कोर बना लिया था। न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। फिलिप्स ने 80 गेंदों पर 65 रन में नौ चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान एवं ओपनर हामिश रदरफोर्ड ने 79 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 40 रन, विल यंग ने 26 रन, रचिन रवींद्र ने 12 रन, और टिम सीफर्ट ने 30 रन बनाये। भारत ए की तरफसे मोहम्मद सिराज ने 58 रन पर दो विकेट और आवेश खान ने 57 रन पर दो विकेट लिए। शाहबाज नदीम को 54 रन पर एक विकेट मिला।

द. अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच दूसरा वनडे बारिश से रद्द

डर्बन (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच सीरीज का दूसरा एकदविसीय मैच बारिश के कारण प्रभावित हो गया और बिना नतीजा निकले इसे रद्द करना पड़ा। इंग्लैंड ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। दक्षिण अफ्रीका ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 71 रन बना लिए कि तभी बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा। तमाम कोशिशों बावजूद मैच नहीं हो सका और अंत में यह मुकाबला बिना नतीजा निकले ही रद्द हो गया। इससे पहले सीरीज का पहला मुकाबला दक्षिण अफ्रीका ने जीता था। दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज का आखिरी और तीसरा मुकाबला नौ फरवरी को खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड दौरा | टी20 सीरीज 5-0 से हराने वाली भारतीय टीम को वनडे इंटरनेशनल सीरीज गंवानी पड़ी

350वीं जीत के साथ न्यूजीलैंड का सीरीज पर कब्जा

मार्टिन गुप्तिल (79) और रॉस टेलर (नाबाद 73) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने भारत को शनिवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 22 रन से हराकर 2-0 से सीरीज पर अजेय बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड की यह जीत उसकी वनडे इतिहास में 350वीं जीत है।

जडेजा और सैनी के बीच हुई आठवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी

ऑकलैंड (वार्ता)। न्यूजीलैंड ने गुप्तिल के 79 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 79 और टेलर के 74 गेंदों में छह चौके और दो छक्के के सहारे 73 रन की बदौलत 50 ओवर आठ विकेट पर 273 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 48.3 ओवर में 251 रन ही बना सकी। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 73 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 55 रन बनाए और टीम को जीत दिलाने की पुरजोर कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। उनके अलावा श्रेयस अय्यर ने 57 गेंदों में सात चौके और एक छक्के के सहारे 52 रन बनाए। भारत की पारी में नवदीप सैनी ने 45, पृथ्वी शॉ ने 24, शार्दुल ठाकुर ने 18, कप्तान विराट कोहली ने 15, केदार जाधव ने नौ, लोकेश राहुल ने चार और मयंक अग्रवाल ने तीन रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने 41 रन, काइल जैमीसन ने 42 रन, कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने 54 रन और हैमिश बेनेट ने 58 रन देकर दो-दो विकेट लिया जबकि जेम्स नीशम को 52 रन देकर एक विकेट मिला।

इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम की शुरुआत बेहद शानदार रही और गुप्तिल तथा हेनरी निकोल्स (41) ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलायी। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी हुई जिसे स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने निकोल्स को पगबाधा आउट कर तोड़ा। निकोल्स ने 59 गेंदों की अपनी पारी में पांच चौके लगाए। पहला विकेट गिरने के बाद गुप्तिल ने टॉम बल्नदेल के साथ पारी को आगे बढ़ाया। एक समय न्यूजीलैंड का स्कोर 26.3 ओवर में 142 रन था और उसकी स्थिति बेहद मजबूत लग रही थी लेकिन शार्दुल ठाकुर ने बल्नदेल को आउट कर गुप्तिल के साथ उनकी साझेदारी को तोड़ दिया। बल्नदेल ने 25 गेंदों में तीन चौके के सहारे 22 रन बनाए। गुप्तिल हालांकि पिच पर टिक कर अपनी पारी को आगे बढ़ाते रहे लेकिन तेजी से रन लेने के चक्कर में रन आउट हो गए। गुप्तिल के बाद पिछले मुकाबले में शतक जड़ने वाले टेलर ने मोर्चा संभाला और इस मैच में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक लगाया। बड़े स्कोर की ओर से अग्रसर कीवी की टीम को उस समय बड़ा झटका लगा जब रवींद्र जडेजा ने कप्तान टॉम लाथम को पगबाधा आउट कर दिया।

यह वाकई शानदार जीत है : लाथम

ऑकलैंड (वार्ता)। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने भारत के खिलाफदूसरे वनडे मुकाबले में 22 रन से मिली जीत के बाद शनिवार को कहा कि यह जीत शानदार है। न्यूजीलैंड ने भारत को दूसरे मुकाबले में 22 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। टी-20 सीरीज 0-5 से गंवाने के न्यूजीलैंड ने शानदार वापसी करते हुए पहले दो वनडे में जीत हासिल की और भारत से यह सीरीज जीत ली। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन पहले दो वनडे से बाहर थे जिनकी अनुपस्थिति में लाथम उनकी जगह कप्तानी कर रहे थे। लाथम ने कहा,卐यह एक शानदार जीत है। पिछले मुकाबले में बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलायी और इस मैच में गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी कर सीरीज में अजेय बढ़त दिला दी। यह एक अच्छा विकेट था।卐 उन्होंने कहा,卐भारतीय पारी में रवींद्र जडेजा और नवदीप सैनी के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण थी और मैं तब तक संतुष्ट नहीं हुआ जब तक आखिरी विकेट नहीं गिर गया। गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और हमें इस मुकाबले में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभायी।

शुरुआती झटकों के बाद हमने खेल में सुधार किया : विराट

ऑकलैंड (वार्ता)। दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 22 रन से हारने के बाद बावजूद भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बल्लेबाजों की सराहना करते हुए शनिवार को कहा कि शुरुआती झटकों के बाद भी हमने खेल में सुधार किया। भारत को न्यूजीलैंड के हाथों दूसरे वनडे मुकाबले में 22 रन से हार मिली और इस हार के साथ ही वह तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से पिछड़ गयी। न्यूजीलैंड के काइल जैमीलसन को मैन ऑफद मैच चुना गया। विराट ने मैच के बाद कहा,卐हमारी जिस तरह शुरुआत हुई थी और अंत में टीम ने जिस तरह मुकाबले को खत्म किया उससे मैं बहुत प्रभावित हूं। एक समय हमारे 197 रन पर आठ विकेट गिर गए थे और वहां से हम 250 रन तक का स्कोर करने में कामयाब रहे। पहले हॉफ में हमारी बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही लेकिन दूसरे हॉफमें हमने मजबूती से बल्लेबाजी की। टीम बल्लेबाजी में मुश्किलों में थी लेकिन नवदीप सैनी, रवींद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। कप्तान ने कहा, टेस्ट और टी-20 की तुलना में इस साल वनडे में हमारा प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा लेकिन इस दौरान हमें दवाब में खेलने वाले खिलाड़ियों की पहचान हुई।

पाकिस्तान के बल्लेबाज नसीर जमशेद को 17 महीने की जेल

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के बल्लेबाज नसीर जमशेद को स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में 17 महीने की जेल की सजा सुनायी गयी है। जमशेद को ब्रिटिश के नागरिक युसूफ अनवर और मोहम्मद इजाज के साथ साजिश रचने के आरोप में राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने गिरफ्तार किया था। जमशेद को 17 महीने, अनवर को 40 महीने और इजाज को 30 महीनों की सजा सुनायी गयी है। जमशेद पर फरवरी 2018 में दुबई में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में इस्लामाबाद यूनाइटेड और पेशावर जलमी के बीच मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन नहीं करने के लिए उकसाने का आरोप साबित हुआ है। इन तीनों लोगों ने अपना जुर्म स्वीकार किया था जिसके बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

जमशेद पर पीएसएल में खिलाड़ियों को स्पाट फिक्सिंग के लिए उकसाने का भी आरोप था। उन्होंने शरजील खान को इस्लामाबाद टीम के लिए दूसरे ओवर में दो डॉट गेंद फेंकने के लिए कहा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हालांकि शरजील पर इसके लिए पांच वर्षों का प्रतिबंध लगा दिया था।

भारत की ऑस्ट्रेलिया पर शानदार जीत

मेलोबर्न (वार्ता)। स्मृति मंधाना (55) के अर्धशतक और शैफाली वर्मा (49) की पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीन देशों के टी-20 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में सात विकेट से पराजित कर दिया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एश्ले गार्डनर के 57 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्के की मदद से 93 रन की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 173 रन बनाए।

कोरोना वायरस के चलते एशिया चैंपियनशिप से हटी बैडमिंटन टीम

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने चीन में तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के खतरे के चलते फिलीपींस के मनिला में 11 फरवरी से शुरू होने वाले एशियाई बैडमिंटन चैम्पियनशिप से हटने का फैसला किया है जबकि पुरुष टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेगी। भारतीय बैडमिंटन संघ ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि उसने महिला खिलाडियों और उनके माता-पिता की चिंता को देखते हुए महिला टीम को मनिला नहीं भेजने का फैसला किया है। संघ ने इस मामले में बैडमिंटन एशिया से बातचीत की और उन्हें अपनी महिला खिलाड़ियों की चिंताओं से अवगत कराया था। संघ के महासचिव अजय कुमार सिंघानिया ने कहा, ÷हमने भारतीय महिला टीम की खिलाड़ियों से इस मामले में बातचीत की और उनकी तथा उनके माता-पिता की चिंता को देखते हुए महिला टीम को एशियाई बैडमिंटन चैम्पियनशिप से हटा रहे हैं। हालांकि पुरुष टीम ने प्रयोगिता में भाग लेने पर सहमति जताई है और वे टूर्नामेंट में खेलने को तैयार है।

वेस्ली और बेरांकिस टाटा ओपन के सेमीफाइनल में

पुणे (वार्ता)। चेक गणराज्य के जीरी वेस्ली यहां महालुंगे बालेवाड़ी स्टेडियम में टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण के एकल मुकाबलों के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। वेस्ली ने शुक्रवार को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में बेलारूस के इलाया इवास्का को 2-6, 6-1, 7-6 (13-11) से हराया। 26 साल के वेस्ली ने पहला सेट 2-6 से गंवाने के बावजूद शानदार वापसी की और दूसरा सेट 6-1 से अपने नाम किया। तीसरा सेट हालांकि टाईब्रेकर तक गया लेकिन वेल्से ने यह सेट 7-6 (13-11) से अपने नाम कर मैच भी जीत लिया। एक अन्य रोमांचक और करीबी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दूसरे सीड लिथुआनिया के रिकार्डस बेरांकिस ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए जापान के युइची सुगीता को 4-6, 7-6 (7-4), 6-2 से हराया।

पांचवीं बार खिताब जीतने उतरेंगे भारतीय युवा लड़ाके

पौचेफस्ट्रूम (वार्ता)। चार बार का चैंपियन भारत पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंचे बंगलादेश के खिलाफ रविवार को होने वाले अंडर-19 विश्वकप टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पांचवीं बार ताज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम कप्तान प्रियम गर्ग के नेतृत्व में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 10 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची है जबकि बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारत जहां पांचवीं बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा जबकि पहली बार फाइनल में पहुंचे बंगलादेश की उलटफेर कर खिताब जीतने पर नजर होगी। भारतीय टीम लगातार तीसरी बार और कुल सातवीं बार फाइनल में पहुंची है। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012 और 2018 में फाइनल में पहुंचकर खिताब जीता था जबकि वह 2006 और 2016 में फाइनल में पहुंचकर उपविजेता रहा था। भारत को एक बार फिर अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों से उम्मीद रहेगी जिन्होंने टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। 18 वर्ष के बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी का टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। यशस्वी ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में 62 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 57, जापान के खिलाफ नाबाद 29 और श्रीलंका के खिलाफ59 रन बनाए थे। वह पांच मैचों में 312 रन के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं।

चेन्नई को हराकर नार्थ ईस्टर्न वॉरियर्स फाइनल में

हैदराबाद (वार्ता)। नार्थइस्टर्न वॉरियर्स ने शुक्रवार रात प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सीजन में यहां जीएमसी बालयोगी स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में चेन्नई सुपरस्टार्ज को 3- (-1) से मात देकर फाइनल में जगह बना ली। नार्थईस्ट की टीम ने शुरुआती तीनों मैच जीत चेन्नई को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और इसी कारण आखिरी के दो मैचों के जरूरत नहीं पड़ी। दिन का पहला मैच मिश्रित युगल वर्ग का था जिसमें नार्थईस्टर्न ने किम न हो और ली योंग डाए की जोड़ी को चेन्नई के बी सुमित रेड्डी और जेसिक पुघ की जोड़ी के सामने उतारा। नार्थईस्टर्न की जोड़ी ने यह मैच 15-12, 9-15, 15-14 से जीता। पुरुष एकल वर्ग के मैच में नार्थईस्टर्न के ली चेयुक यीयू के सामने चेन्नई के टॉमी सुगियार्तो थे।

उत्साह | महिला और पुरूष धावकों ने लगाई दौड़, विजेता धावकों को नगद पुरस्कार बांटे

महासमुंद खण्ड के तुमगांव, पिथौरा, सरायपाली में मैराथन दौड़

महासमुंद। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़ 6 फरवरी को नगर पंचायत तुमगांव चौक से प्रारंभ होकर खैरझिटी रोड में किया गया। मैराथन प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हुआ इसमें 62 महिला, 140 पुरुष सहित कुल 202 धावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकार, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, पार्षद शैलेन्द्र सिंह, गजेन्द्र साहू, धर्मेन्द्र यादव, तुमगांव थाना प्रभारी प्रदीप मिंज एवं खेल अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

महिला धावकों ने पांच किलोमीटर एवं पुरुष धावकों ने दस किलोमीटर की दौड़ लगाई। दौड़ में बच्चे से लेकर युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में शामिल अतिथियों में नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव पप्पू पटेल ने विजेता धावकों को नगद पुरस्कार प्रदान किया।

विजेता धावकों में महिला वर्ग में कुमारी कौशिल्या ध्रुव पहला, ऋतु बरिहा दूसरा, नेहा ध्रुव तीसरा, खिलेश ध्रुव चौथा, डिगेश्वरी बरिहा पांचवां, उर्वशी ध्रुव छठवां, मानसी बरिहा सातवां, ममता ध्रुव आठवां, संगीता कुंभकार नौवां, काजल साहू दसवां एवं पुरुष विजेता धावकों में सुरेंद्र कुमार पहला, रवि ध्रुव दूसरा, उमेश कुमार तीसरा, लंकेश कुमार चौथा, बिसीकेशन पांचवा, डिगेश्वर जांगड़े छठवां, महेंद्र ध्रुव सातवां, भुपेश नेताम आठवां, जय सिंह ध्रुव नौवां, वेद प्रकाश ध्रुव ने दसवां स्थान प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ सुनील कुमार भोई, वेदराम रात्रे, गणेश कोसरे, अंजनी साहू, इंद्राणी भास्कर, राजेश्वरी, ओपी जायसवाल, छन्नू लाल साहू, ललित साहू, जीवन लाल साहू, घनश्याम साहू, भुनेश्वरी शुक्ला, शांतनु गुप्ता एवं रूप लाल का योगदान रहा। मंच संचालन सेवन दास मानिकपुरी एवं आभार प्रदर्शन खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने किया।

विकासखंड पिथौरा में बार चौक से बया रोड में किया गया। मैराथन दौड़ सुबह 7.30 से प्रारंभ हुआ। इसमें 21 महिला एवं 53 पुरुष सहित कुल 74 प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ को आत्माराम यादव, पिथौरा थाना प्रभारी कमला पुसाम, वॉर्ड 05 की पार्षद भीमा रौतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

न्यूज गैलरी

बिलासपुर-भोपाल पैसेंजर सह एक्सप्रेस 9 व 12 फरवरी को कटनी मुरवारा तक चलेगी

रायपुर। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के करहीया भैदेली-बनदकपुर सेक्शन में समपार फाटक पर सीमित ऊंचाई के सबवे निर्माण कार्य एवं कटनी-बीना सेक्शन के सलाईया स्टेशन में फुटओवर ब्रिज में गर्डर लांचिंग कार्य हेतु ब्लाक लिया गया है। इसके फलस्वरूप 09 एवं 12 फरवरी को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल पैसेंजर सह एक्सप्रेस कटनी मुरवारा स्टेशन में समाप्त होगी। इसी प्रकार 10 एवं 13 फरवरी को भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर पैसेंजर सह एक्सप्रेस कटनी मुरवारा स्टेशन से बिलासपुर के लिये रवाना होगी। इस तरह ये गाड़ी कटनी मुरवारा-भोपाल- कटनी मुरवारा के मध्य रद्द रहेगी। वहीं 14 फरवरी को भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर पैसेंजर सह एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

राजनांदगांव में 11 को संभाग स्तरीय अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के तत्वावधान में आगामी 11 फरवरी को राजनांदगांव में संभागीय स्तरीय अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 11 फरवरी दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से गांधी सभागृह राजनांदगांव में संभाग स्तरीय अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वन मंत्री मोहम्मद अकबर उपस्थित रहेंगे। वहीं अध्यक्षता पीसीसी प्रमुख मोहन मरकाम करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व सांसद करूणा शुक्ला शामिल होंगी।

आदिवासी महा कुम्भ मेला : मेडारम समक्का-सारालम्मा का जातरा

■ जातरा में एक करोड़ से भी ज्यादा लोग सम्मिलित होते हैं। दक्षिण भारत का आदिवासियों का सबसे बडा जातरा है

■ तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, छग. एवं मध्यप्रदेश के साथ ही देश के कोने-कोने से पहुंचे हैं श्रद्धालु दर्शन करने।

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। छग से लगे पड़ोसी राज्य तेलंगाना में वारंगल से 100 किमी दूर मेडारम स्थान पर आदिवासियों की माता-पुत्री देवियों, समक्का-सारालम्मा के प्रति श्रद्धा और स्मृति के लिए विशाल जातरा (मेला) चल रहा है। यह जातरा हर दूसरे वर्ष आयोजित होता है। इस साल यह जात्रा 5 से 8 फरवरी तक अयोजित है। यह दक्षिण भारत का सबसे बड़ा आयोजन है। यहां कुम्भ के बाद सर्वाधिक संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस साल लगभग 1करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं के यहां सम्मिलित होने का अनुमान है।

इसका इतिहास लगभग 600 - 700 वर्ष पुराना है। 13 वीं शताब्दी में इस क्षेत्र में जब कोया आदिवासी जंगल मे शिकार पर थे, उन्हें वहां एक बच्ची मिली जिसे वे अपने साथ ले आये। उनके मुखिया ने उस बच्ची को पाला और नाम दिया समक्का। युवा होने पर समक्का अपने कबीले का नेतृत्व करने लगी। उसका विवाह पगिडीद्दा राजू के साथ हुआ जो वारंगल की काकतीय सेना में आदिवासी टुकड़ी का नायक था। उनके दो लड़कियां, सारालम्मा और नागुलम्मा और एक पुत्र जम्मपन्ना हुए। इसी समय अकाल पड़ा। गोदावरी तक मे पानी कम हो गया था। इस स्थिति में तत्कालीन काकतीय राजा प्रतापरुद्रदेव ने कर बढ़ा दिया। इसका कोया समुदाय ने विरोध किया, फ्लस्वरूप राजा ने अपनी सेना भेजी। कोया आदिवासियों और काकतीय सेना का संघर्ष हुआ। कोया समुदाय को मां समक्का, उसकी पुत्री सारालम्मा और पुत्र जम्पन्ना ने लीड किया। इस युद्ध में जम्पन्ना मारा गया और इसी मेडारम गांव के पास गोदावरी के प्रवाह में वह डूब गया। यह स्थान आज भी जम्पन्ना वागू कहलाता है जहां श्रद्धालु स्नान करते हैं। आज यह केदारनाथ के बाद सर्वाधिक विजिट किये जाने वाला स्थान है।

इस संघर्ष में समक्का और सारक्का की भी मृत्यु हो गई। फिर से कुमकुम बरणी के रूप पुनः देवियों के प्राकट हुई है और इस घटना के बाद कोया समुदाय द्वारा समक्का - सारलम्मा देवी की याद में प्रति दो वर्ष के बाद में इस जातरा का आयोजन किया जाता है। जहां यह देवियां स्थापित हैं। वह स्थान गद्दी में भक्त लोग अपत में भक्त मन्नत मांगी जाती है और मन्नत पूरी होने पर भक्त यहां इन मां-बेटी देवियों को गुड़ को सोने के रूप में आपनी मन्नते चढाई जाती है और बकरा एवं मुर्गों की भी बली दी जाती है।

इस वर्ष तेलंगाना सरकार ने इसके लिए 75 करोड़ की राशि आबंटित की है। यहां की व्यवस्था दो आईजी और छह एसपी स्तर के अधिकारी संभाल रहे हैं। हैदराबाद के लिए विशेष हवाई सेवा और आगे के लिए विशेष ट्रेन एवं बस की व्यवस्था है। यहां मध्य और दक्षिण भारत के आदिवासी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस मेडारम जातरा को यूनेस्को ने सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया है। यह विश्व का सबसे बड़ा आदिवासी आयोजन है।

किसी के भी भ्रष्टाचार को दबाना नहीं चाहते : महाधिवक्ता

छत्तीसगए के बहुचर्चित एक हजार से ज्यादा के एनजीओ घोटाले में कोर्ट को बताया

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित एक हजार करोड़ से ज्यादा के एनजीओ घोटाले में राज्य शासन की ओर से दलील पूरी हो चुकी है। महाधिवक्ता ने शासन की ओर से अदालत को स्पष्ट किया कि, राज्य शासन किसी कथित भ्रष्टाचारी को बचाने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। राज्य शासन केवल इतनी प्रार्थना करना चाहता है कि प्रदेश की निष्पक्ष व सक्षम जांच एजेंसी (पुलिस/ईओडब्ल्यू/एसीबी) से जांच करवाई जाए, जिसकी मानिटरिंग स्वयं माननीय अदालत करे।

महाधिवक्ता, की ओर से ये भी स्पष्ट किया गया कि, उन्हें राज्य शासन से स्पष्ट निर्देश थे कि न्यायालय द्वारा पारित आदेश का सम्मान ध्यान में रखते हुए, इस इस मामले में सरकार का पक्ष रखा जाए। महाधिवक्ता ने दोहराया कि राज्य शासन की प्रार्थना थी कि जब राज्य में निष्पक्ष व सक्षम जांच एजेंसियां मौजूद हैं तो प्रकरण की जांच न्यायालय की सतत निगरानी में उक्त एजेंसियों को सौंपी जा सकती है। महाधिवक्ता ने आगे बताया कि, राज्य शासन, जो न्यायालय के आदेश का पूर्ण सम्मान करती है, को भी अपना आग्रह/पक्ष प्रस्तुत करने का पूरा अधिकार है। महाधिवक्ता ने ये भी बताया कि, राज्य शासन का स्पष्ट रुख है कि इस सरकार में भ्रष्टाचारियों/कदाचारियों को संरक्षित करने का खेल नहीं खेला जाएगा, तथा महाधिवक्ता कार्यालय इसी नीति पर अडिग होकर कार्यरत है।

फिलहाल कोई आरोपित नहीं

यह पूछने पर कि, शासन आरोपित व्यक्तियों पर क्या कार्रवाई करेगा, तो महाधिवक्ता ने बताया कि फिलहाल न तो न्यायालय ने किसी को नामजद कर आरोपित किया है और न ही सीबीआई ने दर्ज अपराध में किसी को आरोपी बनाया है। उनका कहना था कि, जब तक कोई आरोपी जांच तथा न्यायालीन कार्यवाही में दोषी नहीं पाया जाता है, तब तक देश की न्याय व्यवस्था उसे अपराधी ठहराने का अधिकार किसी को नहीं देती है। महाधिवक्ता का कहना था कि, न्यायालय यदि राज्य शासन के आग्रह को अस्वीकार भी करती है तो, सदा की ही तरह शासन, न्यायालय के आदेश का पूरा सम्मान करते हुए सःअक्षर पालन करेगा।

विचाराधीन बंदी जीतू वर्मा की मृत्यु की होगी दण्डाधिकारी जांच

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। केन्द्रीय जेल बिलासपुर में विचाराधीन बंदी श्री जीतू वर्मा आत्मज राधे वर्मा उम्र लगभग 35 वर्ष जाति लोधी निवासी वार्ड नं.-6, बाजारपारा, सकरी, थाना-सकरी, जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ की उपचार के दौरान 22 जनवरी 2020 को प्रातः 05.00 बजे सिम्स अस्पताल बिलासपुर में मृत्यु हो गई है। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर श्री डिगेश पटेल द्वारा दण्डाधिकारी जांच की जायेगी। जांच के बिन्दु बंदी क्या जेल दाखिल होने के पूर्व से किसी बीमारी से पीड़ित था अथवा जेल दाखिल होने के पश्चात उसे बीमारी हुई? बंदी को किसी प्रकार की शारीरिक यातना तो नहीं दी गई? बंदी को उपचार के दौरान दी गई चिकित्सा पर्याप्त थी अथवा नहीं? चिकित्सा का ब्यौरा दिया जाये तथा बंदी की मृत्यु के क्या कारण हैं? एवं अन्य मुद्दे जो जांच के दौरान सामयिक पाये जाये। इन बिन्दुओं के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो वह कलेक्टर कार्यालय स्थित न्यायालय कक्ष क्रमांक 25 में 22 फरवरी 2020 तक पेश कर सकता है।